

नीलू प्रिंटिंग प्रेस
हर प्रकार की वेब ऑफसेट एक रंगीन या बहुरंगीन प्रिंटिंग के लिए नोयडा में एक मात्र स्थान
ई-33, सेक्टर-7 नोएडा (यूपी)
फोन नं. : 9811157562



फरीदाबाद हरियाणा का नंबर 1 समाचार पत्र

# भेदी नज़र

संस्थापक : स्वाधीनता सेनानी सुखवासी लाल शर्मा (ब्रह्मलीन)

ई-पेपर पढ़ने के लिए लॉगऑन करें - www.bhedinazar.com

दिल्ली, शुक्रवार 4 जुलाई 2025

दिल्ली, हरियाणा, चड़ीगढ़, पंजाब, राजस्थान, बिहार, झारखंड, उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश का प्रमुख हिन्दी दैनिक

वर्ष : 22 अंक : 83 | Email : bhedinazardaily@gmail.com | RNI NO. DEL/HIN/2004/13528 | Postal REG. No. HR (FBD) -260/2023/25 | पृष्ठ : 12 मूल्य : 1 रुपये




## अमरनाथ में पहली आरती हुई,पहलगाम से पहला जत्था रवाना

● *38 दिन बाद रक्षाबंधन को होगा समापन,अब तक 3.5 लाख का रजिस्ट्रेशन*

**पहलगाम (एजेंसी)।** गुरुवार से अमरनाथ यात्रा की शुरुआत हो गई है। गुरुवार सुबह बाबा अमरनाथ की पहली आरती की गई। वहीं, पहला जत्था बालटाल और नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप से रवाना अमरनाथ गुफा के लिए रवाना हुआ। इस दौरान श्रद्धालु 'हर हर महादेव' और 'बम बम भोले' के जयकारे लगाते रहे। बुधवार को पहला जत्था 5,892 श्रद्धालुओं का जम्मू के भगवती नगर कैंप से उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रवाना किया था। ये लोग दोपहर में कश्मीर पहुंचे, जहां प्रशासन और स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। 38 दिन तक चलने वाली यात्रा पहलगाम और बालटाल दोनों रूटों से होगी। यात्रा का समापन 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन होगा। पिछले साल यात्रा 52 दिन चली थी और 5 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए थे। इस साल अब तक 3.5 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। तुरंत रजिस्ट्रेशन के लिए जम्मू में सरस्वती धाम, वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में सेंटर खोले गए हैं। ये सेंटर रोज दो हजार श्रद्धालुओं का रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं। पहलगाम रूटः इस रूट से गुफा तक पहुंचने में 3 दिन लगते हैं, लेकिन ये रास्ता आसान है।

यात्रा में खड़ी चढ़ाई नहीं है। पहलगाम से पहला पड़ाव चंदनवाड़ी है। ये बेस कैंप से 16 किमी दूर है। यहां से चढ़ाई शुरू होती है। तीन किमी चढ़ाई के बाद यात्रा पिस्सू टॉप पहुंचती है। यहां से पैदल चलते हुए शाम तक यात्रा शेषनाग पहुंचती है। ये सफर करीब 9 किमी का है। अगले दिन शेषनाग से यात्री पंचतरणी जाते हैं। ये शेषनाग से करीब 14 किमी है। पंचतरणी से गुफा सिर्फ 6 किमी रह जाती है। बालटाल रूटः वक्त कम हो, तो बाबा अमरनाथ दर्शन के लिए बालटाल रूट से जा सकते हैं। इसमें सिर्फ 14 किमी की चढ़ाई चढ़नी होती है, लेकिन एकदम खड़ी चढ़ाई है, इसलिए बुजुर्गों को इस रास्ते पर दिक्कत होती है। इस रूट पर संकरे रास्ते और खतरनाक मोड़ हैं।

## यूपी में अवैध खनन पर योगी सरकार की एयर स्ट्राइक

● एआई और ड्रोन से कसी जा रही नकेल,जीपीएस से ट्रैकिंग

**लखनऊ (एजेंसी)।** योगी सरकार ने प्रदेश में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर रोकथाम के लिए अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। प्रदेश में 57 एआई और जीपीएस आधारित चेकगेट्स स्थापित किए गए हैं, जो खनन में शामिल वाहनों की कड़ी निगरानी कर रहे हैं। इन चेकगेट्स पर परिवहन विभाग के सहयोग से वेट-इन-मोशन तकनीक का उपयोग कर ओवरलोडिंग पर अंकुश लगाया जा रहा है।



अब तक 21,477 वाहनों को अवैध परिवहन के लिए ब्लैक लिस्टेड किया गया है। इसके अतिरिक्त, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग गूगल अर्थ, उपग्रह डेटा के माध्यम से अवैध खनन की पहचान और नए खनिज क्षेत्रों की खोज कर रहा है। विभाग की रिमोट सेंसिंग प्रयोगशाला (पीजीआरएस लैब) भूवैज्ञानिक मानचित्र तैयार कर रही है और स्वीकृत खनन पट्टों की निगरानी कर रही है।

## भारत और पाकिस्तान के बीच तेज हुई पानी की जंग

● हकीकत में बदलने वाला है शहबाज का डर,भारी पड़ गया इंडिया से पंगा

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** सिंधु जल संधि को स्थगित किए जाने के भारत के फैसले के बाद से ही पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। इस बीच भारत ने एक और ऐसा फैसला किया है जो पाकिस्तान की नींद उड़ाने वाला है। भारत ने जम्मू-कश्मीर में तुलबुल नेविगेशन प्रोजेक्ट को फिर से पुनर्जीवित करने का फैसला किया है। अप्रैल में सिंधु जल



संधि को स्थगित किए जाने के बाद यह भारत का पहला बड़ा कदम है। पीटीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने का काम शुरू हो गया है। भारत ने यह फैसला लेकर साफ कर दिया है कि सिंधु जल संधि को स्थगित किए जाने का फैसला केवल दिखाने के लिए नहीं है, बल्कि पाकिस्तान के खिलाफ नई दिल्ली के पास पूरी प्लानिंग तैयार है।

## दिल्ली हाईकोर्ट की पतंजलि च्यवनप्राश के विज्ञापन पर रोक

● डाबर बोली-हमारा च्यवनप्राश आयुर्वेदिक औषधि, ऐसे विज्ञापन प्रोडक्ट को बदनाम कर रहे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को पतंजलि को निर्देश दिया है कि वह डाबर च्यवनप्राश के खिलाफ कोई भी नकारात्मक या भ्रामक विज्ञापन न दिखाए। यह आदेश जस्टिस मिनी पुष्करणा ने डाबर की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के बाद दिया। डाबर ने कोर्ट में तर्क रखा कि इस तरह के विज्ञापन न सिर्फ उनके उत्पाद को बदनाम करते हैं, बल्कि उपभोक्ताओं को गुमराह भी करते हैं। च्यवनप्राश एक पारंपरिक आयुर्वेदिक औषधि है, जिसे ड्रग्स और कॉस्मेटिक एक्ट के तहत नियमानुसार ही बनाना होता है। ऐसे में अन्य ब्रांड्स को सामान्य कहना गलत, भ्रामक और नुकसानदायक है। इस मामले की अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी। फिलहाल पतंजलि च्यवनप्राश के विज्ञापन पर रोक लगा दी गई है।







## हरियाणा में दो एचसीएस अफसरों को अतिरिक्त कार्यभार

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सरकार ने तुरंत प्रभाव से दो एचसीएस अधिकारियों को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव की ओएसडी सुश्री हिना बिंदलिश को विदेश सहयोग विभाग के संयुक्त निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। हरियाणा रोडवेज, फरीदाबाद की महाप्रबंधक सुश्री शिखा को जिला परिषद तथा डीआरडीए, फरीदाबाद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

## हरियाणा में आईएएस अधिकारी 30 सितम्बर तक भेज सकते हैं यूपीएस का विकल्प

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत आने वाले आईएएस अधिकारी अब 30 सितम्बर, 2025 यूनिफाइड पेंशन स्कीम का विकल्प चुन सकते हैं। मुख्य सचिव द्वारा जारी एक पत्र के अनुसार विकल्प भेजने की अंतिम तिथि 30 जून, 2025 से बढ़ाकर 30 सितम्बर, 2025 कर दी गई है। यूपीएस का विकल्प चुनने वाले अधिकारियों को अपना विकल्प निर्धारित प्रपत्र में भरकर मुख्य सचिव कार्यालय की सर्विसेज-3 शाखा में ई-मेल supdtservices iiigmail.com पर भेजना होगा।

## प्रशासनिक कामकाज को सुचारू रूप से चलाने के लिए हरियाणा सरकार ने लगाए लिंक अधिकारी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सरकार ने जिला नगर आयुक्त की अनुपस्थिति में प्रशासनिक कामकाज को सुचारू रूप से चलाने के लिए लिंक अधिकारी नियुक्त किए हैं। ये लिंक अधिकारी अवकाश, प्रशिक्षण, दौरे, चुनाव ड्यूटी अथवा स्थानान्तरण या सेवानिवृत्ति के चलते या किसी अन्य कारण से सम्बन्धित अधिकारी की अनुपस्थिति में उस विभाग का कार्यभार सम्भालेंगे। मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी एक पत्र के अनुसार, जिला नगर आयुक्त के मामले में अतिरिक्त उपायुक्त को लिंक अधिकारी-1 तथा जिला परिषद और डीआरडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को लिंक अधिकारी-2 लगाया गया है। इसी तरह, श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के मामले में उप मंडल अधिकारी (नागरिक), उत्तरी गुरुग्राम को लिंक अधिकारी-1 और उप मंडल अधिकारी (नागरिक), बादशाहपुर को लिंक अधिकारी-2 नियुक्त किया गया है। श्री माता मनसा देवी पूजा स्थल बोर्ड के सीईओ के मामले में उप मंडल अधिकारी (नागरिक), पंचकूला को लिंक अधिकारी-1 और उप मंडल अधिकारी (नागरिक), कालका को लिंक ऑफिसर-2 लगाया गया है। इसके अलावा, उप मंडल अधिकारी (नागरिक), लोहारू के मामले में उप मंडल अधिकारी (नागरिक), भिवानी को लिंक अधिकारी-1 और उप मंडल अधिकारी (नागरिक), तोशाम को लिंक अधिकारी-2 नियुक्त किया गया है। उप मंडल अधिकारी (नागरिक), बाढड़ा के मामले में उप मंडल अधिकारी (नागरिक), चरखी दादरी को लिंक अधिकारी-1 और उप मंडल अधिकारी (नागरिक), भिवानी को लिंक अधिकारी-2 नियुक्त किया गया है।

## मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के अंतर्गत शगुन राशि में 10,000 की वृद्धि

● **मुख्यमंत्री श्री नारायण सिंह सोलंकी ने शगुन राशि में वृद्धि का प्रस्ताव दिया**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सरकार ने सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक और ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए ÷मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना÷ के तहत दी जाने वाली सहायता राशि में उल्लेखनीय वृद्धि की है। अब प्रदेश के फूल वर्ग (बीसी) के पात्र परिवार को बेटी के विवाह के अवसर पर ?51,000 की शगुन राशि दी जाएगी, जो पहले ?41,000 थी। मुख्यमंत्री श्री जयजयंती सरकार का उद्देश्य स्पष्ट है - कोई भी परिवार केवल आर्थिक तंगी के कारण अपनी बेटी के विवाह में अपमान न महसूस करे। इस सहायता से न केवल आर्थिक दबाव कम होगा, बल्कि सामाजिक समरसता को भी बल मिलेगा। राज्य सरकार का यह निर्णय न केवल आर्थिक का प्रतीक है, बल्कि यह सामाजिक सम्मान, आत्मनिर्भरता और भलाई की दिशा में एक सार्थक सहयोग प्रयास है। इस निर्णय से प्रत्येक परिवार को सीधा लाभ मिलेगा, जिससे उन्हें अपनी बेटी की शादी पर गर्व होगा।

### किन्हें मिलेगा 51,000 का लाभ

### योजना का लाभ ऑफर पात्र पात्र को मिलेगा

- फ़्लॉम वर्ग के वे परिवार, वार्षिक आय ? 1.80 लाख या उनका कम है और जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं।
- महिला खिलाड़ी, जिसमें स्वयं की शादी के समय सामाजिक प्रोत्साहन स्वरूप ?51,000 की सहायता दी जाएगी।
- अवैध संबंध, जिसमें पति या पत्नी में से कोई एक अविवाहित हो।

### इन ग्रेजुएशन को मिल रहा पहले से फायदा

यह योजना केवल मध्यवर्ती वर्ग तक सीमित नहीं है। हरियाणा सरकार ने अन्य ग्राफिक्स के लिए भी यह सुविधा उपलब्ध कराई है-

- मूर्तिकार जाति (एससी), विमुक्त जाति और टपरिवास समुदाय के रिवार को 71,000 की शगुन राशि दी जाती है।
- विधवा, तलाकशुदा, अनाथ या बेसहारा महिलाएं, जो पुनर्विवाह कर रही हैं (यदि पहली शादी के समय योजना का लाभ नहीं मिला हो) तो उन्हें 51,000 की सहायता दी जाती है।
- दोस्ती नवविवाहित अतिरिक्त को भी 51,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

### सरल और आसान आवेदन प्रक्रिया

योजना का लाभ लेने के लिए विवाह की तिथि से 6 माह तक विवाह पंजीकरण कराना अनिवार्य है। पूर्ण आवेदन प्रक्रिया डिजिटल, स्केल और सरल बनाई गई है, ताकि राज्य के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के पात्र उपभोक्ता बिना किसी बाधा के इस योजना से जुड़ सकें। पोर्टल पर विजिटर योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं shadi.edisha.gov.in

### चतुर्थ वर्ग के समग्र वर्गीकरण की दिशा में प्रथम

राज्य सरकार की यह योजना केवल वित्तीय सहायता नहीं है, बल्कि सामाजिक न्याय, सम्मान और रोजगार सुनिश्चित करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। यह स्पष्ट रूप से स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य है कि सरकार हरियाणा के उत्पादों को पुरावशेष बनाती है, जिससे वे आत्मनिर्भरता और गरिमा के साथ अपना जीवन जी सकें।

## मुख्यमंत्री प्रमुख सिंह स्टालिन ने नवीन पूनिया को भारतीय महिला हैंडबाल टीम का कोच बनने पर दी बधाई

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री भोला सिंह वानी ने श्री नवीन पूनिया को भारतीय महिला हैंडबाल टीम के कोच बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। नवीन पूनिया एक बहुप्रतिभा के धनी हैं। सेना में रहते हुए भी उन्होंने अपने खेल प्रतिभा और हमारी लोक संस्कृति को बढ़ावा देने में अहम योगदान दिया है।

आज यहां जारी एक अभिनंदन संदेश में श्री मनोहर सिंह सानी ने आशा व्यक्त की है कि नए पूनिया कोच के रूप में भारतीय महिला टीम को नई ऊंचाई पर पहुंचाएंगे और टीम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल पदक पर प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे। नवीन पू भारतीय हैंडबॉल टीम के उप कप्तान भी रह रहे हैं और कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में भारतीय टीम को पदक जीतने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि नवीन पूनिया इससे पहले भी नशा मुक्त हरियाणा अभियान में अपने अनुयायियों के माध्यम से युवाओं को शामिल कर चुके हैं।

# आगामी धान के खरीद सीजन के मद्देनज़र 15 सितम्बर तक पुख़्ता प्रबंध यकीनी बनाऐ जाएं- लाल चंद कटारूचक्क

● **खाद्य, सिविल सप्लाई और उपभोक्ता मामले के मंत्री द्वारा 15 सितम्बर से 15 नवंबर तक किसी भी अधिकारी को एक्स-इंडिया छुट्टी पर न जाने के निर्देश**

● **190 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद के लिए जंगी स्तर पर तैयारियाँ**

चंडीगढ़, 3 जुलाई खाद्य, सिविल सप्लाई और उपभोक्ता मामले के विभाग को इस साल 1 अक्तूबर से 15 नवंबर तक धान के खरीद सीजन को सुचारू और निर्विघ्न खरीद यकीनी बनाने के लिए तैयार रहने के निर्देश देते हुये विभाग के मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने 15 सितम्बर तक सभी ज़रूरी प्रबंध और व्यवस्थाएं मुकम्मल करने के लिए कहा।

अनाज भवन में एक समीक्षा मीटिंग के दौरान खरीद प्रबंधों का जायज़ा लेते हुये मंत्री ने आगे निर्देश दिए कि 15 सितम्बर से 15 नवंबर तक विभाग का कोई भी अधिकारी एक्स-इंडिया छुट्टी पर न जाये।

मंत्री को बताया गया कि 190 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद के लिए जंगी स्तर पर तैयारियाँ की जा रही हैं और भंडारण के लिए और जगह तैयार करने के लिए, धान की ढुलाई सम्बन्धी अक्तूबर 2024 से जून 2025 तक 68 लाख मीट्रिक टन चावल राज्य से बाहर भेजा जा चुका है। इसके इलावा अगस्त 2025 से जून 2026 तक लगभग 82.5 लाख मीट्रिक टन चावल 7.5 लाख मीट्रिक टन प्रति महीने की दर के साथ बाहर भेजा जायेगा।

मंत्री के ध्यान में यह भी लाया गया कि साल 2025- 26 के लिए कस्टम मिलिंग पालिसी का मसौदा इस महीने के अंदर तैयार होने की संभावना है। इसके इलावा लेबर और कारटेज पालिसी 2024 के साथ-साथ फूडग्रेन ट्रांसपोर्टेशन पालिसी 2024 को 30 सितम्बर, 2025 तक बढ़ा दिया गया है जिससे धान के खरीद सीजन को सफल बनाया जा सके।

गुणवत्ता के पहलूओं के बारे मंत्री को अवगत करवाया गया कि नेशनल ऐक्रीडेशन बोर्ड फार टेस्टिंग एंड कैलीब्रेशन लैबोरेटरियाँ (ऐनएबीऐल) द्वारा मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाएं एफसीआइ के नियमों अनुसार अनाज की रसायनिक जांच कर रही हैं।

मंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि तरपालों, लकड़ी के करेटों, बरदाने और जालीदार जालों का प्रबंध अपेक्षित मात्रा में किया जाये।

ई-केवाईसी प्रक्रिया के बारे मंत्री को बताया गया कि 1.57 करोड़ लाभार्थियों में से 1.25 करोड़ के लिए यह प्रक्रिया मुकम्मल हो चुकी है और लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एक्ट (एनएफएसए), 2013 के अंतर्गत राशन प्राप्त करने के लिए उनको इस प्रक्रिया की पालना करनी होगी।

आगामी खरीद सीजन को सफल बनाने के लिए सभी भाईवालों के समूचे सहयोग की अपील करते हुये मंत्री ने कहा कि इस सम्बन्धी कोई भी ढील बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

इस मौके पर अन्यों के इलावा प्रमुख सचिव खाद्य, सिविल सप्लाई और उपभोक्ता मामले राहुल तिवारी, डायरैक्टर वरिन्दर कुमार शर्मा, अतिरिक्त सचिव पनग्रेन कमल कुमार गर्ग, ऐमडी पंजाब स्टेट वेयरहाऊसिंग कारपोरेशन विनीत कुमार, अतिरिक्त डायरैक्टर खाद्य, सिविल सप्लाई और उपभोक्ता मामले डा. अंजुमन भास्कर और जीऐम (वित्त) सरवेश कुमार हाजिर थे।

# शहरी निकायों का मानेसर में 3 और 4 जुलाई को प्रथम दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का होगा आयोजन

● **लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला गुरुवार को करेंगे राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन ● मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की रहेगी गरिमामयी उपस्थिति ● विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण निरन्तर ले रहे व्यवस्थाओं का जायजा**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** गुरुग्राम जिला के मानेसर स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी (आईसीएटी) में देशभर के सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के शहरी स्थानीय निकाय के संवैधानिक लोकतंत्र व राष्ट्र निर्माण में मजबूत भूमिका विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 3 व 4 जुलाई को किया जा रहा है। राष्ट्रीय सम्मेलन के सफल आयोजन को लेकर सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। हरियाणवीं सांस्कृतिक विरासत के साथ ही समृद्ध संस्कृति से हरियाणा देश के प्रतिनिधियों की मेजबानी करते हुए भव्य स्वागत के लिए तैयार है। डीसी अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार 3 जुलाई को तथा 4 जुलाई को शहरी स्थानीय निकायों की %संवैधानिक लोकतंत्र और राष्ट्र निर्माण में भूमिका% विषय पर आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष श्री हरविन्द्र कल्याण निरन्तर सम्मेलन की व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में लोकसभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह मौजूद रहेंगे। उद्घाटन सत्र में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल और हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री श्री विपुल गोयल की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

डीसी ने बताया कि सम्मेलन में देशभर से नगर निगमों के मेयर, आयुक्त एवं अन्य प्रतिनिधि भाग लेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य शहरी प्रशासन को अधिक प्रभावी, समावेशी और नवाचारोन्मुख बनाना है, जिससे %विकसित भारत 2047% के लक्ष्य को साकार किया जा सके। डीसी ने बताया कि सत्र के पहले दिन के कार्यक्रम में देश के प्रमुख नगरों- भुवनेश्वर, कोयंबटूर, इंदौर, लखनऊ, पुणे, सूरत और विशाखापट्टनम द्वारा अपनाई गई सर्वश्रेष्ठ कार्यप्रणालियों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके उपरांत पांच अलग-अलग उपविषयों पर कार्यशालाएं आयोजित होंगी, जिनमें लोकतंत्र की आधारशिला के रूप में शहरी स्थानीय निकाय की भूमिका, परिषद की बैठकों की आदर्श कार्य प्रणाली और आचार संहिता विकसित करना, समावेशी विकास के इंजन के रूप में स्थानीय निकायों की भूमिका, नगर पालिका शासन को अधिक प्रभावशाली बनाना, नवाचार के केंद्र, नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता और सार्वजनिक सेवा वितरण में सुधार, महिला सशक्तिकरण के वाहक और 21वीं सदी के भारत के निर्माता के रूप में, समाज और राजनीति में महिलाओं को नेतृत्व के लिए तैयार करने संबंधी विषय शामिल हैं। डीसी अजय कुमार ने बताया कि इसी प्रकार शुक्रवार, 4 जुलाई के सत्र में उपविषयों पर समूह प्रस्तुतियां, लोकसभा अध्यक्ष के साथ अनौपचारिक संवाद और एक समापन सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें राज्यसभा के उपसभापति श्री हरिवंश, हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय, हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा शिरकत करेंगे। यह सम्मेलन न केवल शहरी प्रशासन के भविष्य की दिशा तय करेगा, बल्कि भारत के लोकतांत्रिक और विकासात्मक मार्ग को भी सशक्त बनाएगा।

## मोहिंद्र भगत ने पैसको के काम-काज का लिया जायज़ा - पूर्व सैनिकों के लिये अधिक रोजग़ार के मौके प्रदान करने पर केंद्रित रहा विचार-विमर्श

चंडीगढ़, 3 जुलाई- रक्षा सेवा कल्याण मंत्री मोहिंद्र भगत ने विभाग के अधिकारियों को पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के बेहतर जीवन निर्वाह के लिए पंजाब एक्स- सर्विसमैन कारपोरेशन (पैसको) को मज़बूत करने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

पंजाब सिविल सचिवालय में एक समीक्षा मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए मंत्री ने पैसको के कामकाजी ढांचे, वित्तीय स्थिति और कर्मचारी भलाई उपायों का मूल्यांकन किया। यह विचार-विमर्श मुख्य तौर पर पैसको के द्वारा पूर्व सैनिकों के लिए रोजग़ार के मौके बढ़ाने पर केंद्रित रहा।

पैसको के प्रबंध निर्देशक, मेजर जनरल हरमनदीप सिंह (सेवामुक्त), और जनरल मैनेजर (सुरक्षा), एस. पी सिंह ने मंत्री को कारपोरेशन के चल रहे प्रोग्रामों से अवगत करवाया। मीटिंग के दौरान तीन महीनों की प्रगति रिपोर्ट भी पेश की गई। मुख्य विषयों में सुरक्षा गार्डों का वेतन ढांचा, विशेष श्रेणी के अधीन उनके वेतन बढ़ाने के प्रस्ताव और अलग-अलग भूमिकाओं में पूर्व सैनिकों के लिए सुचारू नियुक्ति प्रक्रिया शामिल था।

मंत्री मोहिंद्र भगत ने पूर्व सैनिकों की भलाई में पैसको की भूमिका को और मज़बूत करने के लिए पंजाब सरकार की वचनबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने भरोसा दिया कि वित्तीय मसलों को हल करने, पूर्व सैनिकों के लिए सेवाओं में उम्र सीमा बढ़ाने के लिए ज़रूरी कदम उठाए जाएंगे।

कामों का ज़मीनी स्तर पर और मूल्यांकन करने के लिए मंत्री ने नजदीकी भविष्य में पैसको सहूलतों का दौरा करने का इरादा भी ज़ाहिर किया। उन्होंने दोहराया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की शान और बेहतरी को यकीनी बनाने के लिए पूरी तरह वचनबद्ध है।

## प्रथम राष्ट्रीय युवा अंडर- 18 एवं किशोर कक्षा वर्ग प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने प्रदेश का नाम रोशन किया

### हरियाणा की बेटियों ने स्वर्ण पदक जीता, बेटों को रजत पदक मिला

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के विकास पंचायत एवं श्री कृष्ण लाल डेंजर, जो हरियाणा एमेच्योर हाई एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं, ने उत्तराखंड में 28 जून से 1 जुलाई तक प्रथम राष्ट्रीय युवा अंडर- 18 युवा एवं मंडल वर्ग प्रतियोगिता प्रतियोगिता के दोनों टीमों के पदक खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस प्रतियोगिता में हरियाणा की बेटियों ने स्वर्ण पदक और बेटियों ने रजत पदक अपने नाम किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा की ग्रेड स्क्वायर की टीम ने फाइनल में राजस्थान को 39-35 से हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया, जबकि चाइल्ड स्क्वायर की टीम ने फाइनल मेंचंडीगढ़ के साथ मिलकर पूरे समय में पांच-पांच रेड पर बढ़त बनाए रखी और फिर गोल्डन रेड पर 44-43 के अंतर से सिल्वर मेडल से संतोष करना जारी रखा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की खेल नीति के तहत आज हरियाणा के खिलाड़ी ओलंपिक, एशिया, नेशनल और हर स्तर के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल में देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। हरियाणा का पारंपरिक खेल चल रहा है। इससे पूर्व युवा भी हरियाणा के खिलाड़ी राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर न्यूनतम खेल की छाप छोड़ चुके हैं और अब वर्ग में हरियाणा के खिलाड़ी प्रथम और द्वितीय स्थान पर हैं, मिलने के बाद अब यह सुनिश्चित हो गया है कि भविष्य में भी हरियाणा के खिलाड़ी इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान पर रहेंगे। श्री क्रैकर ने कहा कि इस ऐतिहासिक जीत ने हरियाणा को एक और नया स्थान दिया है और गेम की कड़ी मेहनत और संपूर्णता को सिद्ध किया है। उन्होंने एसोसिएशन के प्रमुख खंड, सचिव फेट जाँघू, छात्रों और लड़कियों की टीमों के कोचों और सभी संगठनों को भी बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि आज देश-विदेश में हरियाणा के खिलाड़ियों का डंका बज रहा है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार द्वारा ओलंपिक और पैरा ओलंपिक में पदक विजेताओं को सर्वोच्च पुरस्कार की राशि भी दी जा रही है, जिससे खिलाड़ियों को और अधिक प्रोत्साहन मिल रहा है।

# खटीक समाज हरियाणा के परमानंद ने मुख्यमंत्री मनोहर सिंह सैनी से मुलाकात की

### संत शिरोमणि दुर्बलनाथ जी के जयंती महोत्सव के लिए मुख्यमंत्री ने किया निमंत्रण



**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी के नेतृत्व में आज चंडीगढ़ में सामाजिक, न्याय अधिकारिता, सीमांत जाति एवं आंशिक वर्ग कल्याण एवं अंत्योदय (सेवा) मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी के नेतृत्व में खटीक समाज हरियाणा के सबसे अमीर नेता हैं। इस मस्जिद पर 6 सितंबर 2025 को आने वाले संत शिरोमणि दुर्बलनाथ महाराज जी के राजकीय जयंती महोत्सव के लिए मुख्यमंत्री को उपदेश पत्र दिया गया है। मुख्यमंत्री के सहयोगी दल ने बताया कि हरियाणा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के सिद्धांत पर आधारित संत दुर्बलानाथ शिक्षा समिति, खटीक समाज द्वारा सामाजिक, धार्मिक और शैक्षणिक सहयोग के संचालन के क्षेत्र में काम कर रही है। 781.82 वर्ग मीटर भूमि सरकारी दर पर आवंटित की गई है। 6 सितंबर को मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित इस ऐतिहासिक समारोह में सहायक मुख्य अतिथि को प्रशिक्षित किया गया और भूमि पर निर्माण कार्य की भी समीक्षा की गई।

मुख्यमंत्री ने खटीक समाज द्वारा समाज के विरोध और एकजुटता के लिए प्रयास की वकालत की। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता और भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार ने संतों और महापुरुषों के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए % संत-महापुरुष सम्मान विचार एवं प्रसार योजना % शुरू की है। इसके तहत सभी समाजों के संतों-महापुरुषों की जयंती और विशेष दिनों को राज्य स्तर पर मनाया जा रहा है। उनका मानना ??है कि हरियाणा सरकार सामाजिक समरसता एवं सभी सांस्कृतिक आंदोलन हमेशा के लिए कायम हैं। संतों में संत दुर्बलनाथ शिक्षा समिति, हिटलर के प्रधान श्री रघुबीर सिंह बड़गुजर, श्री पूरनचंद रतवाया, श्री ठाकर दत्त रतवाया, श्री नेकराम बसवाला, श्री सालीराम चंदेल, श्री शेरसिंह खन्ना, डॉ. सतपाल चावला, प्रो. सुरन्द्र बड़गुजर, एडवोकेट सुमित मणि, श्री प्रवेश कुमार समेत अन्य लोग शामिल थे।

## रिस्ट टू सर्विस के उल्लंघन में दोषी पाए गए अधिकारी पर 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया

### एम.एस.एम.ई. इकाई को वित्तीय सहायता के वितरण में हुई देरी को लेकर हुई कार्रवाई

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सेवा अधिकार आयोग ने एम.एस.एम.ई. विभाग के डी.ओ.-कम-सीनियर के खाते में 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि आयोग ने एक एम.एस.एम.ई. इकाईयों को वित्तीय सहायता के वितरण में भारी मात्रा में आवंटन से जुड़े संबंधित अधिकारियों की भूमिका पर कड़ी टिप्पणियाँ दी गई हैं और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि यह मामला 24 दिसंबर 2024 को जिला कार्यालय में हुआ था, लेकिन आयोग द्वारा 20 मई 2025 को नोटिस जारी किया गया था, जिसके बाद ही इसमें तत्काल कार्रवाई संभव हो सकती थी और 30 मई 2025 को राशि का वितरण हो सकता था।

आयोग ने इस प्रक्रिया में राजपत्रा का उद्घाटन, प्रशिक्षण की कमी और मुख्यालय जिला स्तर पर दिशा-निर्देशों का उद्घाटन किया है। आयोग ने एस.जी.आर.ए. और एफ.जी.आर.ए. जिम्मेदारी निभाने वाले अधिकारियों द्वारा अधिसूचना के विपरीत कार्य करने को % गैरकानूनी % करार दिया जाता है और संबंधित अधिकारियों को ऐसा करने से रोका जाता है।

आयोग ने एस.जी.आर.ए. कार्य के रूप में अधिकारी द्वारा अपीलों के रूप में जारी किए गए %आदिवासियों% को भी कानून के उल्लंघन की श्रेणी में माना गया है और उन्हें चेतावनी जारी की गई है। साथ ही, दुर्भाग्य के एम.एस.एम.ई. विभाग के संयुक्त निदेशक की ओर से नोटिस जारी किया गया है, जबकि डी.ओ.-कम-सीनियर के खाते में 5 हजार रुपये का स्टॉक अंकित किया गया है, जिसमें उनके जुलाई माह के वेतन से लेकर राज्य कोष में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। इस बार मुख्यालय के सहायक को भविष्य में अधिक शराब पीने की सलाह दी गई है। आयोग ने भविष्य की निगरानी के लिए उनका नाम अपने डेटाबेस में दर्ज किया है। इसके साथ ही, आयोग ने एम.एस.एम.ई. सभी उत्पाद और मुख्यालय के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण-सह-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने, एक मानक चेकलिस्ट तैयार करने और 30 जुलाई 2025 तक के लिए सामान रिपोर्ट आर्किटेक्चर के निर्देश दिए गए हैं। आयोग ने यह भी कहा है कि वह हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम और ऑटो अपील प्रणाली पर प्रशिक्षण के लिए अपने प्रतिनिधि विभाग को तैयार कर रहा है।

## खेल मंत्री गौरव गौतम ने नरेंद्र कुमार को माउंट एल्ब्रस से प्रस्थान के लिए प्रस्थान के लिए शुभकामनाएं दीं

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हिसार जिले के गांव मिंगनी के युवा पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने दुनिया की सबसे दुर्गम चोटी, माउंट एल्ब्रस, जो कि यूरोप की सबसे गहरी चोटी भी है, पर साहसिक कार्य करने का निर्णय लिया है। इस महत्वपूर्ण यात्रा के लिए उनके प्रस्थान पड़ाव में ही हरियाणा के खेल मंत्री श्री गौरव गौतम ने नरेंद्र कुमार को बधाई दी। खेल मंत्री श्री गौरव गौतम ने इस अवसर पर कहा कि यह यात्रा केवल नरेंद्र कुमार के लिए नहीं, बल्कि हरियाणा और देश के लिए गौरव का क्षण है। वे पर्वतारोही के साहस और स्मारक के जादूगर की और उनकी सुरक्षित यात्रा की कामना करते हैं।

इस पत्रिका में नरेंद्र कुमार ने अपने परिचितों के बारे में बात करते हुए कहा कि उन्होंने इस सर्वेक्षण के लिए बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण लिया है और उन्हें अपने शहर और राज्य का समर्थन प्राप्त किया है। उन्होंने यह भी कहा कि यह केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि अपने देश के युवाओं के लिए एक प्रेरणा देने का भी अवसर है। इससे पहले हाल ही में विश्व की सबसे खतरनाक चोटियों में से एक माउंट अन्नपूर्णा में 8,091 मीटर की ऊंचाई पर, हरियाणा की पहली पर्वतारोही का गौरव हासिल कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई थी। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने पर्वतारोहण में कई राष्ट्रीय और विश्व प्रतिष्ठित उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसमें माउंट किलिमंजारो में 5 दिनों में 2 बार की झलकियां बनाकर विश्व रिकॉर्ड बनाना शामिल है। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार का अगला लक्ष्य विश्व की 14 सबसे ऊंची चोटियों पर है।

# सरहद पार से चलाए जा रहे तस्करी नैटवर्क का अमृतसर में पर्दाफाश; 8 पिस्तौलें, 1 किलो हेरोइन, 2.9 लाख रुपए ड्रग मनी सहित तीन गिरफ़्तार

● **पाकिस्तान-आधारित तस्कर सिकंदर नूर के निर्देशों अधीन काम कर रहे थे गिरफ़्तार किये मुलजिम- डीजीपी गौरव यादव**

● **पंजाब में गैंगस्टरों को सप्लाई किये जाने थे बरामद किये हथियार**

**चंडीगढ़/ अमृतसर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के मद्देनज़र चल रही मुहिम के दौरान बड़ी ख़ुफ़िया कार्यवाही के अंतर्गत काउन्टर इंटेलिजेंस (सी. आई.) अमृतसर ने पाकिस्तान से सम्बन्धित सरहद पार से चलाए जा रहे नशा और ग़ैर- कानूनी हथियार तस्करी माड्यूल का पर्दाफाश करते हुये इस माड्यूल के तीन गुर्गों को आठ आधुनिक हथियारों, 1 किलो हेरोइन और 2.9 लाख रुपए की ड्रग मनी सहित गिरफ़्तार किया है। यह जानकारी डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने बुधवार को यहाँ दी।




गिरफ़्तार किये गए व्यक्तियों की पहचान फ़िरोज़पुर के गाँव सांके निवासी सरबजीत सिंह, फ़िरोज़पुर के गाँव लंगियाना के निवासी कुलविन्दर सिंह और रेलवे रोड, तरनतारन के निवासी अशमनदीप सिंह के तौर पर हुई है। बरामद किये गए हथियारों में तीन एमएम गलौक पिस्तौल, तीन .30 बोर के चाइनीज़ पिस्तौल और दो .30 बोर के पीऐक्स- 5 पिस्तौल शामिल हैं। इसके इलावा पुलिस टीमों ने मुलजिमों के कब्ज़े में से एक नोट/पैसे गिनने वाली मशीन बरामद की है और एक सपलैंडर मोटरसाईकल (पीबी- एटी- 1664), जिसका प्रयोग वह खेपों की ढुलाई के लिए करते थे, को भी ज़ब्त कर लिया है। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि प्राथमिक जांच से पता लगा है कि मुलजिम पाकिस्तान स्थित तस्कर सिकंदर नूर, निवासी मनीहाला (पाकिस्तान) के निर्देशों अधीन काम कर रहे थे, जो सरहद पार से ड्रोन के द्वारा हथियारों की खेपें पहुंचाता था। उन्होंने कहा कि गिरफ़्तार किये गए मुलजिम राज्य में आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए यह हथियार आगे गैंगस्टरों तक पहुँचाते थे।

आपरेशन के बारे विवरण सांझे करते हुये उन्होंने बताया कि सी. आई. अमृतसर, को फ़िरोज़पुर और तरनतारन जिलों के अधिकार क्षेत्र में पड़ते भारत-पाकिस्तान सरहदी क्षेत्रों से हथियारों और नशीले पदार्थों की खेप प्राप्त होने के बारे पुख़्ता सूचना मिली थी। उन्होंने आगे कहा कि इस पर तेज़ी से कार्यवाही करते हुए पुलिस टीमों ने रेलवे रोड तरन तारन के नज़दीक तीन व्यक्तियों को तब गिरफ़्तार किया, जब वह अपने मोटरसाईकल पर खेप पहुँचाने जा रहे थे। इस दौरान उक्त दोषियों के कब्ज़े में से ग़ैर-कानूनी हथियार और नशीले पदार्थ बरामद किये गए। डीजीपी ने कहा कि इस मामले में अगली-पिछली कड़ियाँ जोड़ने और पूरे नैटवर्क सम्बन्धी और अहम जानकारी जुटाने के लिए आगे जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### एक पेड़ मां के नाम मुहिम के खिलाफ थे केजरीवाल! सिरसा ने कौन सी नई बात बताई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज और मंत्रियों मंजिंदर सिंह सिरसा तथा परवेश वर्मा के साथ वन महोत्सव 2025 समारोह में भाग लिया। इस दौरान पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिरसा ने बताया कि दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल एक पेड़ मां के नाम मुहिम के खिलाफ थे। सिरसा ने केजरीवाल के खिलाफ होने की वजह भी बताई। उन्होंने कहा कि दिल्ली वन महोत्सव 2025 राजधानी के लिए मील का पत्थर साबित होगा। अरविंद केजरीवाल के एक पेड़ मां के नाम मुहिम के खिलाफ होने का दावा करते हुए सिरसा ने बताया कि जब पीएम मोदी ने एक पेड़ मां के नाम शुरू किया था, तब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इसे खारिज कर दिया था क्योंकि इसे पीएम मोदी ने शुरू किया था। इस वजह से दिल्ली को बहुत नुकसान हुआ। सिरसा ने आगे बताया कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अब इसकी भरपाई कर रही हैं। दिल्ली तभी विकसित होगी जब दिल्ली हरी-भरी होगी। जब दिल्ली के लोग स्वच्छ हवा में सांस ले पाएंगे। आज एक बहुत ही ऐतिहासिक दिन है। इस दिन से दिल्ली में 70 लाख पेड़ लगाने की शुरुआत हो रही है। दिल्ली का हर व्यक्ति इसमें भाग लेगा।

### ट्रेन से 17 दिन में रामायण यात्रा करने का मौका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईआरसीटीसी की ओर से भारत गौरव डिलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन का परिचालन 25 जुलाई को किया जाएगा। सफदरजंग स्टेशन से चलने वाली यह गाड़ी 17 दिनों में रामायण यात्रा कराकर वापस दिल्ली लौटेगी। सफर में यात्रियों को अयोध्या, नंदीग्राम, सीतामढ़ी, जनकपुर, बक्सर, वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट, नासिक, हम्पी, रामेश्वरम आदि स्थानों की यात्रा कराई जाएगी। यात्री इस गाड़ी में दिल्ली के अलावा गाजियाबाद, अलीगढ़, टुंडला, इटावा, कानपुर और लखनऊ से भी सवार हो सकेंगे। यह गाड़ी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। ट्रेन में दो रेस्तरां, एक मॉडर्न किचन, शॉवर क्यूबिकल, फुट मसाजर आदि हैं। इसके साथ ही सुरक्षा के लिए गार्ड एवं सीसीटीवी कैमरे भी मौजूद हैं। यात्री आईआरसीटीसी की वेबसाइट से टिकट बुक कर सकते हैं। इसमें प्रथम एसी, द्वितीय एसी और तृतीय एसी की कुल 150 सीटें उपलब्ध हैं। 17 दिनों में कुल 7600 किलोमीटर की यात्रा यह गाड़ी करेगी। इसमें तृतीय एसी के लिए 1.18 लाख, द्वितीय एसी के लिए 1.40 लाख और प्रथम एसी के लिए 1.66 लाख रुपये का टिकट है। यात्रियों को होटल में ठहराने और खाने के खर्च का वहन भी इस पैकेज में शामिल है।

### इंटरव्यू में शख्स ने सबसे लूटी वाहवाही

**नई दिल्ली।** एक भारतीय स्टार्टअप के मालिक ने हाल ही में एक होनहार उम्मीदवार को दी गई 22 लाख रुपये सालाना की नौकरी का ऑफर वापस ले लिया। वजह? उम्मीदवार की लिंक्डइन पर की गई ऐसी टिप्पणियां, जो धार्मिक समुदायों के खिलाफ थीं। जॉबी के संस्थापक मोहम्मद अहमद भाटी ने कहा कि हुनर से ज्यादा उनके लिए इज्जत और इंसानियत मायने रखती है। इस फैसले ने सोशल मीडिया पर एक नए बहस को जन्म दे दिया है। सोशल मीडिया पर जहां कुछ लोग तारीफ कर रहे हैं, तो कुछ इसे कैंसिल कल्चर का नाम दे रहे हैं। मोहम्मद अहमद भाटी ने लिंक्डइन पर बताया कि उनकी कंपनी जॉबी ने एक रेडिट पोस्ट के बाद 12,000 आवेदनों में से 450 इंटरव्यू किए, मगर कोई सिलेक्ट नहीं हुआ। इसी दौरान एक उम्मीदवार ने अपनी काबिलियत से सबको प्रभावित किया। लेकिन, आखिरी बैकग्राउंड चेक में उम्मीदवार की धार्मिक समुदायों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां सामने आईं, जिसके बाद ऑफर रद कर दिया गया। भाटी ने लिंक्डइन पर लिखा, ÷हम इंटरव्यू से इतने प्रभावित हुए कि बजट से ज्यादा का ऑफर देने को तैयार थे। मगर बैकग्राउंड चेक में हमें उम्मीदवार की हालिया टिप्पणियां मिलीं, जो धार्मिक समुदायों के खिलाफ थीं।

# टॉयलेट तक साफ नहीं और आप ओलंपिक कराएंगे; बुरी तरह भड़क गया दिल्ली हाई कोर्ट?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को सार्वजनिक शौचालयों के रखरखाव में उदासीनता और असंवेदनशीलता दिखाने के लिए नगर निकायों की आलोचना की। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और तुषार राव गेडेला की पीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा,हम ओलंपिक की मेजबानी का दावा कर रहे हैं, और हमारे शहर में साफ-सुथरे सार्वजनिक शौचालय भी नहीं हैं। उन्होंने सार्वजनिक सुविधाओं की स्थिति को दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताया।



अदालत ने कहा कि नगर निकायों और विकास एजेंसियों जैसे कि स्न्छ्व,छ्व और ह्लछ्व ने सार्वजनिक सुविधाओं के रखरखाव के मामले में पूरी तरह से उदासीनता,असंवेदनशीलता और यहां तक कि कर्तव्य की उपेक्षा दिखाई है। इन एजेंसियों को बार-बार यह याद दिलाने की आवश्यकता नहीं है कि कानून के तहत पर्याप्त सार्वजनिक सुविधाएं प्रदान करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। हाई कोर्ट ने जन सेवा वेलफेयर सोसाइटी नामक एक पंजीकृत हलह्न की जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस याचिका में नगर अधिकारियों को शहर में स्वच्छ पानी और बिजली के साथ साफ-सुथरे सार्वजनिक शौचालय उपलब्ध कराने के निर्देश देने की मांग की गई थी। पिछली सुनवाई के निर्देशों के बाद,अधिकारियों ने इस मुद्दे पर उठाए गए कदमों का विवरण देते हुए अपनी स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की।

हालांकि,याचिकाकर्ता के वकील ने कुछ सार्वजनिक शौचालयों की ताज़ा स्थिति का हवाला दिया,जिसके बाद अदालत ने अधिकारियों द्वारा अपेक्षित कार्रवाई की कमी दर्ज की। अदालत ने कहा,आखिरकार,नगर निकाय और विकास एजेंसियां विधानमंडल द्वारा आम जनता के लाभ के लिए बनाई गई हैं और वे जनता के पैसे से काम करती हैं।पीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि शौचालयों की हालत देखकर दुख होता है और यह दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसा लगता है कि शहर में हर जगह शौचालयों की स्थिति बेहतर नहीं है। पीठ ने आश्चर्य व्यक्त किया कि क्या सार्वजनिक शौचालयों को साफ रखने वाले अधिकारी कभी उनका उपयोग करते हैं,यह बताते हुए कि यदि उन्हें मजबूरन इनका उपयोग करना पड़े,तो ये सुविधाएं तुरंत चकाचक साफ हो जाएंगी। पीठ ने आगे कहा,शहर में उपलब्ध सार्वजनिक सुविधाओं की ऐसी स्थिति को देखते हुए,महिलाओं को जिन समस्याओं का सामना करना पड़ता है, वे स्वाभाविक कारणों से और बढ़ जाती हैं। इस मुद्दे को उच्चतम स्तर तक ले जाने का आदेश दिया गया। साथ ही,उन्हें अपने-अपने क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्रों में व्यक्तिगत व्यापक योजनाएं तैयार करने का भी निर्देश दिया गया। पीठ ने कहा कि यह योजना एक उचित विशेषज्ञ अध्ययन पर आधारित होनी चाहिए,जिसमें यह सुनिश्चित करने के लिए उचित सिफारिशें की जानी चाहिए कि सार्वजनिक उपयोगिता सेवाएं उपयोग करने योग्य बनी रहें। इसने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सार्वजनिक सुविधाएं ठीक से काम करें।

## दिल्ली स्टेशन बना किडनैपिंग का अड्डा, तीन लेडी चोर बनाती थीं मासूमों का शिकार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, जहां हर दिन हजारों लोग आते-जाते हैं, वह तीन महिलाओं के लिए किडनैपिंग का खतरनाक अड्डा बन गया। तीनों महिलाएं अलग-अलग बैकग्राउंड की हैं। एक नर्स, एक प्रवासी नागरिक और एक अकाउंटेंट। लेकिन जुर्म की दुनिया ने तीनों को एक ही रास्ते पर खड़ा कर दिया। ये महिलाएं भीड़ भाड़ वाले स्टेशन पर मासूम बच्चों को निशाना बनाती थीं। ये प्लेटफॉर्म से बच्चों को उठातीं और फिर बेच देतीं।

35 साल की आरती, जिसका असली नाम रजिना कोटी था, पश्चिम बंगाल के बर्धमान से फरीदाबाद पहुंची थी। 18 साल की उम्र में शादी, दो बच्चे और एक हिंसक पति से तंग आकर 2017 में उसने घर छोड़ दिया। फरीदाबाद में उसकी मुलाकात 28 साल के मजदूर सूरज सिंह से हुई, जिससे उसने शादी कर ली। लेकिन आर्थिक तंगी ने उसे अपराध की राह पर धकेल दिया।

वहीं 45 साल की कांता भुजेल, जो खुद को डॉ. प्रिया कहकर नर्स की आड़ में क्लिनिक चलाती थी और 32 साल की निर्मला नेम्मी, जो दिल्ली में वकीलों के लिए अकाउंटेंट थी, इस रैकेट की अहम कड़ी थीं। तीनों ने मिलकर एक ऐसा जाल बुना, जिसमें मासूम बच्चे फंसते चले गए। 31 जुलाई 2023 को आरती ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर के पास सो रहे एक तीन साल के बच्चे को उठा लिया। उसे दो दिन तक फरीदाबाद में अपने घर में रखा, लेकिन जब कांता ने खरीदार न मिलने की बात कही, तो आरती घबरा गई। उसने बच्चे को फरीदाबाद के एक टोल प्लाजा के पास छोड़ दिया। हरियाणा पुलिस ने बच्चे को ढूंढकर उसके परिवार तक पहुंचाया, लेकिन तब तक किडनैपर्स का कोई सुराग नहीं था। 17 अक्टूबर 2024 को आरती फिर स्टेशन पहुंची। इस बार उसने ढाई साल के एक बच्चे को उसकी मां के पास से सोते हुए उठाया। निर्मला की मदद से उसने और सूरज ने खुद को बच्चे के माता-पिता बताकर उसे गाजियाबाद के एक दंपति को बेच दिया, जो बेटा चाहता था। जाली कागजात बनाए गए और 3 लाख रुपये में सौदा हुआ, जिसमें से 1.2 लाख रुपये आरती और सूरज को मिले।

## दिल्ली में मां-बेटे की गला काटकर हत्या, गिरफ्तार नौकर बोला- मालकिन ने डांटा था

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां के लाजपत नगर में एक महिला और उनके बेटे की घर में गला कटी हुई लाश मिली है। इस घटना के बाद से घर का नौकर लापता है। पति ने घर पर फोन ना रिसीव होने और सीढ़ियों पर खून के धब्बे मिलने के बाद पुलिस को बताया। यहां पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो दोनों की लाश पड़ी हुई थी। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू कर दी है। इस मामले में पुलिस ने महिला के घर में काम करने वाले नौकर को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह हत्या नौकर ने ही की है।



पिता ने घर पर कॉल किया और किसी ने कॉल नहीं रिसीव की। फिर इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस पहुंची तो पहले दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया लेकिन अंदर से कोई जवाब ना आने पर पुलिस ने दरवाजा तोड़ दिया। जब अंदर जाकर देखा तो मां और उनके बेटे की गला कटी हुई लाश पड़ी थी। बेटे का शव बाथरूम में पड़ा मिला और मां का शव बेडरूम में। इस घटना के बाद घर में खून ही खून बिखरा पड़ा था।

इस घटना की जानकारी देते हुए पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने घर के नौकर को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, महिला ने नौकर को किसी बात के लिए डांटा था, जिससे गुस्साए नौकर ने दोनों की गला काटकर हत्या कर दी। पुलिस नौकर को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

इस मामले में पुलिस ने बताया कि बुधवार को करीब 10 बजे कुलदीप नाम के शख्स ने पुलिस को फोन किया और बताया कि लाजपत नगर-1 से बोल रहा है। कुलदीप ने कहा कि उनके पत्नी और बेटे को फोन लगा रहे हैं लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं आ रही है और घर की सीढ़ियों पर खून बिखरा हुआ है। सूचना मिलने के बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़ा तो अंदर महिला और उनके बेटे की गला कटी हुई लाश पड़ी थी।

## इतिहास की अदुभुत सैर पर ले जाएगा 'शीश महल', आम लोगों के लिए खुला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी के ऐतिहासिक धरोहरों की सूची में पर्यटकों के लिए एक और नाम जुड़ गया है। दिल्ली के शालीमार बाग स्थित शीश महल का जीर्णोद्धार कार्य पूरा करने के बाद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने इसे पर्यटकों को समर्पित कर दिया है।



केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को शीश महल विरासत संरचनाओं का अनावरण किया। इस मौके पर सांसद प्रवीण खंडेलवाल भी मौजूद रहे।

अधिकारियों ने बताया कि संरक्षण को लेकर योजनाबद्ध तरीके से काम किया। इसके संरक्षण में राजस्थान और आगरा के लाल बलुआ पत्थर का उपयोग किया गया। बारादरी के साथ संरचनाओं को प्रामाणिकता और मजबूती सुनिश्चित करने के लिए चुने की कंक्रीट, सुर्खी, लखौरी ईंटों का इस्तेमाल किया। इसके साथ गुड़, बेलगिरी और उड़द जैसे प्राकृतिक बाइंडरों जैसी पारंपरिक सामग्रियों और तकनीकों का भी उपयोग किया। इसके संरक्षण के कार्य में मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कई कारीगरों ने काम किया। शीश महल में प्रवेश निशुल्क है।

शीश महल में बारादरी और तीन ऐतिहासिक कुटीर का जीर्णोद्धार किया है। एक कुटीर में बुक कैफे बनाया गया है। दूसरे कुटीर, कैफे शालीमार बाग में पर्यटकों को कई खानपान की वस्तुएं मिलेंगी। तीसरे कुटीर को आधिकारिक प्रयोजनों के लिए समकालीन उपयोग के लिए तैयार किया गया है। दिल्ली विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि डीडीए दिल्ली के अन्य विरासत संरचनाओं की रक्षा और उन्हें बहाल करने के लिए सक्रिय रूप से संरक्षण का काम कर रहा है। इसी दिशा में महरौली पुरातत्व पार्क, सेंट जेम्स चर्च, हजरत निजामुद्दीन बस्ती और अनंगपाल तोमर वन में विरासत संरचनाओं की बहाली जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। इन ऐतिहासिक धरोहर स्थलों का मरम्मत, जीर्णोद्धार प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह पर्यटकों के लिए नए पर्यटन स्थल के रूप में फिर से स्थापित होंगी। ये बहाल कार्य पर्यटकों और नागरिकों को शहर के इतिहास से जुड़ने के नए रास्ते प्रदान करेंगे। यह स्थल मनोरंजन के स्थान के रूप में भी काम करेंगे। शालीमार बाग मेट्रो स्टेशन से ई-रिक्शा और ऑटो पकड़ कर शीश महल जा सकते हैं। इसके अलावा दिल्ली की बस रूट नंबर 127, 183, 631 और 160 से भी जा सकते हैं। यह शीश महल 17वीं सदी का स्मारक है। इसका निर्माण शाहजहां ने अपनी बेगम अइज्जुन्निसा की याद में करवाया था। महल के अवशेष को देख कर इसकी भव्यता और खूबसूरती का अंदाजा लगाया जा सकता है। इतिहासकार बताते हैं कि शालीमार बाग का इस्तेमाल दिल्ली में मौजूद अंग्रेज अधिकारी भी करते थे। अंग्रेज रेजिडेंट सर डेविड ऑक्टरलोनी ने इसका इस्तेमाल गर्मियों में अपने एकांतवास के रूप में किया था।

## दिल्ली में उमस भरी गर्मी, फिर वीकेंड पर होगी झमाझम बारिश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में बुधवार को कुछ इलाकों में हुई हल्की बारिश ने मौसम को थोड़ा सुकून भरा बना दिया। सुबह-सुबह नजफगढ़ में 15.1 मिमी और मयूर विहार में 1.5 मिमी बारिश ने दिल्लीवासियों को उमस भरी गर्मी से हल्की राहत दी। हालांकि, दिनभर तेज धूप और 61 से 89 प्रतिशत के बीच रही नमी ने गर्मी का अहसास बढ़ा दिया। मौसम विभाग के मुताबिक, गुरुवार को भी आंशिक बादल छाए रहेंगे और कुछ इलाकों में हल्की बौछारें पड़ सकती हैं।



बुधवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 36.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.8 डिग्री कम था। न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.3 डिग्री कम रहा। नमी की वजह से हीट इंडेक्स 44.3 डिग्री तक पहुंच गया, जिससे दोपहर में लोगों को 44 डिग्री जैसी गर्मी का अहसास हुआ। सुबह 8:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक नजफगढ़ में 3.5 मिमी, सफदरजंग और पालम में 1 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने गुरुवार के लिए आंशिक बादल छाए रहने और गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है। अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। स्काईमेट के अनुसार, बारिश की संभावना कम है, लेकिन अगर हुई तो यह हल्की और कम समय की होगी। मौसम विभाग और स्काईमेट दोनों का अनुमान है कि 4 जुलाई से मॉनसूनी ट्रफ उत्तर की ओर खिसकेगी, जिससे बादल घने होंगे। शनिवार और रविवार (5-6 जुलाई) को दिल्ली में अच्छी बारिश हो सकती है। 5 से 9 जुलाई के बीच रुक-रुककर बारिश होने से तापमान में गिरावट की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 32 से 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 से 28 डिग्री के बीच रह सकता है। बारिश के साथ आंधी और बिजली चमकने की भी संभावना है।दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक बुधवार को 83 रहा, जो संतोषजनक स्तर पर है। गाजियाबाद (86), ग्रेटर नोएडा (100), गुरुग्राम (53) और नोएडा (79) में भी एक्यूआई संतोषजनक रहा। अगले कुछ दिन (3-5 जुलाई) तक प्रदूषण का स्तर संतोषजनक रहने की उम्मीद है, जबकि 6 जुलाई के बाद यह संतोषजनक से सामान्य स्तर के बीच रह सकता है।

## 74 किमी लंबे ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेसवे का काम शुरू

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के जेवर में बन रहे नोएडा एयरपोर्ट को यमुना एक्सप्रेसवे के जरिये गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने की प्रक्रिया तेज हो गई है। इसके लिए ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेसवे की मार्किंग का काम शुरू हो गया है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने 74.3 किलोमीटर लंबे ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए अधिसूचित जमीन की मार्किंग का काम शुरू कर दिया है। यह लिंक एक्सप्रेसवे गौतमबुद्ध नगर और बुलंदशहर के 56 गांव की भूमि पर बनेगा। इसे फिल्म सिटी के पास यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा।

गंगा और यमुना एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए लिंक एक्सप्रेसवे बनना है। यह 120 मीटर चौड़ा लिंक एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे पर 44.3 किलोमीटर यानी बुलंदशहर के सियाना क्षेत्र में शुरू होगा और यमुना एक्सप्रेसवे के 24.8 किलोमीटर यानी सेक्टर-21 फिल्म सिटी के पास आकर जुड़ेगा। पहले इसकी लंबाई 83 किलोमीटर थी, लेकिन एलाइंमेंट में बदलाव के बाद इसे सेक्टर से बचाते हुए इसे सेक्टर-21 में



जोड़ने की योजना तैयार की गई है। इससे लंबाई करीब 8.7 किलोमीटर कम हो गई। लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण गौतमबुद्ध नगर के 8 गांव और बुलंदशहर के 48 गांवों की जमीन पर होगा। इनमें 14 गांव खुर्जा तहसील के हैं, बाकी बुलंदशहर, सियाना और शिकारपुर तहसील के रहेंगे। एक्सप्रेसवे के निर्माण को लेकर मार्किंग शुरू कर दी गई है। ये परियोजना करीब 4000 करोड़ रुपये में पूरी होगी। मार्किंग के बाद अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। ऐसे में यूपीडा ने अधिसूचित जमीन की खरीद-फरोख्त बंद करने के लिए दोनों जिलों के प्रशासन को भूमि के बैनामों पर रोक लगाने के लिए पत्र भी भेजा है।

## ठग इतने एक्सपर्ट कि सुप्रीम कोर्ट की वकील भी झांसे में आ गई, 9 दिन डिजिटल अरेस्ट रख सवा 3 करोड़ ठगे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** साइबर अपराधियों ने नोएडा सेक्टर-47 में रहने वाली सुप्रीम कोर्ट में वकील रह चुकी बुजुर्ग महिला को नौ दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर तीन करोड़ 29 लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने उनसे दिल्ली, महाराष्ट्र और कोलकाता में खुले बैंक खातों में रकम ट्रांसफर कराई। आशंका जताई जा रही है कि ठगी की रकम किराये के खातों में गई।

पूछताछ के क्रम में जालसाजों ने महिला को 16 जून से 24 जून तक डिजिटल अरेस्ट करके रखा। महिला के बैंक खातों और उसमें जमा राशि के बारे में जानकारी एकत्र की। महिला से कहा गया कि वह अपनी एफडी तुड़वा लें और सारी रकम उनके बताए गए



खाते में ट्रांसफर कर दें। ठगों द्वारा यह भी वादा किया गया कि जांच के बाद पूरी रकम मूल खाते में वापस आ जाएगी। महिला को लगा वह सच में बड़े संकट में फंस गई है और पुलिस अधिकारी उसको केस से बाहर निकालने में मदद कर रहे हैं। झांसे में आने के बाद महिला ने ठगों द्वारा बताए खाते में पांच बार में करीब तीन करोड़ 30 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए।

महिला ने बताया कि जिस समय ठगों ने कॉल की, उस वक्त वह घर में अकेली थीं। ठगों ने महिला को हिदायत और चेतावनी दी कि अगर इस संबंध में उन्होंने घर के किसी अन्य सदस्य को बताया तो परिवार के अन्य लोग भी जेल जा सकते हैं। महिला के बेटी और बेटे बाहर थे। इस दौरान बच्चों ने मां को कई बार कॉल की, लेकिन उनको कोई बात नहीं बताई। कई दिन बाद जब महिला ज्यादा परेशान रहने लगी तब उन्होंने बेटे को पूरी आपबीती बताई। बेटे ने कहा कि वह साइबर ठगी का शिकार हो गई हैं। इसके बाद मामला पुलिस स्टेशन तक पहुंचा। महिला ने ट्रांजेक्शन संबंधी सभी दस्तावेज पुलिस को सौंपे हैं। महिला के घर पड़ोसियों का आना-जाना नहीं था। ऐसे में नौ दिन की अवधि में कोई आया ही नहीं। दिन-रात ठग वीडियो कॉल से महिला पर नजर बनाए रहे। समय-समय पर महिला को रिपोर्ट करने के लिए कहा गया और वह ऐसा ही करती रहीं। महिला ने कहा कि वह पेशे से अधिवक्ता थीं। आरोपियों को सजा दिलाने के लिए जूझी। एक छोटी सी गलती और डर ने जिंदगी भर की जमा पूंजी गंवा दी। महिला ने कहा कि शुरुआत में उन्हें लगा घर के सदस्यों से इस बारे में बात की जाए, लेकिन ठगों ने ऐसा डर बैठा दिया कि वह कुछ समझ नहीं पा रही थीं। जैसा ठग कह रहे थे, वह वैसा ही करती जा रही थीं। इस दौरान महिला की बेटी ने परेशान होने का कारण भी पूछा पर उन्होंने कुछ नहीं बताया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि देश की कोई भी जांच एजेंसी डिजिटल अरेस्ट नहीं करती है। यदि वीडियो कॉल पर पुलिस, सीबीआई, सीआईडी आदि के अधिकारी आ जाएं तो सब फर्जी होता है। इस तरह की कॉल आने पर कॉलर से कहें कि लोकल पुलिस के साथ घर आकर पूछताछ करें।

साइबर ठगी होने पर जितना जल्दी शिकायत दर्ज कराएंगे, उतना धनराशि फ्रीज कराने में आसानी होगी।

## संपादकीय

# डील पर न झुके भारत

भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील अटकी हुई है। मसला फंसा है कृषि और डेयरी प्रॉडक्ट्स को लेकर, जिसमें अमेरिका खुली छूट चाहता है। यह डील भारत के लिए जरूरी है, क्योंकि इसके बिना उसे डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ का सामना करना पड़ेगा, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि अमेरिका की हर शर्त को मान लिया जाए। डील होनी चाहिए, पर ऐसी जिसमें भारत के हितों का भी ख्याल रखा गया हो।भारत के लिए अमेरिका सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है और उन कुछ देशों में से एक है, जिसके साथ उसका ट्रेड सरप्लस है। पिछले वित्तीय वर्ष में भारत ने अमेरिका से आयात की तुलना में 41 अरब डॉलर से ज्यादा का निर्यात किया था। ट्रंप प्रशासन की आंखों में यही चुभ रहा है और वह इस अंतर को कम करना चाहता है। ट्रंप ने फिलहाल 8 जुलाई तक रिसिप्रोकल टैरिफ से छूट दी है और अगर इस तारीख तक डील न हुई, तो माना जा रहा है कि भारत को अभी के 10 प्रतिशत के बजाय 26प्रतिशत टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। कृषि को लेकर कोई भी डील आसान नहीं। देश की करीब 65 करोड़ आबादी कृषि पर निर्भर है और अमेरिका को इस सेक्टर में टैरिफ पर छूट देना, इनके हितों को खतरे में डालना है। भारत को लचीला रुख अपनाकर कृषि, डेयरी को भी अमेरिका के लिए खोलना चाहिए। लेकिन दोनों देशों के किसानों में जमीन-आसमान का अंतर है। आज भारत दुनिया के टॉप 10 कृषि उत्पाद निर्यातक देशों में से एक है, इसके बावजूद यहां खेती में अब भी उत्पादन पूरी क्षमता से नहीं हो रहा। करीब आधी आबादी के खेती करने के बाद भी जीडीपी में इस सेक्टर का योगदान केवल 18त्न है। कम जोत, मौसम पर निर्भरता, उचित मूल्य न मिलना जैसी समस्याएं हैं। अमेरिका की 2 प्रतिशत से भी कम आबादी खेती से जुड़ी है और जीडीपी में योगदान 5.5 प्रतिशत, जबकि रोजगार में 10.4 प्रतिशत है। एस डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर के मुताबिक, अमेरिका में औसत फार्म 466 एकड़ का होता है, जबकि भारत में एक किसान के पास औसतन महज पौन एकड़ जमीन है। अमेरिका में खेती बस खेतों तक सीमित नहीं, उससे जुड़े कई उद्योग हैं। भारत ने ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के साथ डील में भी एग्रीकल्चर और डेयरी सेक्टर को पूरी तरह मुक्त रखने पर हामी नहीं भरी। व्यापार में यही समानता अमेरिका के साथ भी होना चाहिए।

**दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों में हिन्दी विरोध की राजनीति अब महाराष्ट्र में भी उग्र से उग्रत्तर हो गयी, इसी के कारण त्रिभाषा नीति को महाराष्ट्र में लगा झटका दुखद और अफसोसजनक है। आखिरकार राजनीतिक दबाव, लंबी रस्साकशी और कशमकश के बाद महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने स्कूलों में हिंदी की पढ़ाई से जुड़े मुद्दे पर यू-टर्न लेते हुए अपने कदम पीछे खींच लिए। विदित हो कि केंद्र सरकार की नीति के तहत महाराष्ट्र के स्कूलों में पहली कक्षा से हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जाना था। राजनीतिक आग्रहों एवं दुराग्रहों के चलते अब ऐसा नहीं हो पाएगा। मतलब, महाराष्ट्र को तीसरी भाषा के रूप में भी हिंदी मंज़ूर नहीं है।**

# हिन्दी को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनायें

(ललित गर्ग)

हिन्दी को हथियार बनाकर उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने मराठी समर्थक राजनीति को इस तरह से गरमा दिया था कि सरकारी प्रयासों के हाथ-पांव फूलने लगे और अपने फैसलों पर पुनर्विचार करना पड़ा। ठाकरे बंधुओं का हिन्दी विरोधी आंदोलन दिनोंदिन उग्र होता जा रहा था।

दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों में हिन्दी विरोध की राजनीति अब महाराष्ट्र में भी उग्र से उग्रत्तर हो गयी, इसी के कारण त्रिभाषा नीति को महाराष्ट्र में लगा झटका दुखद और अफसोसजनक है। आखिरकार राजनीतिक दबाव, लंबी रस्साकशी और कशमकश के बाद महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने स्कूलों में हिंदी की पढ़ाई से जुड़े मुद्दे पर यू-टर्न लेते हुए अपने कदम पीछे खींच लिए। विदित हो कि केंद्र सरकार की नीति के तहत महाराष्ट्र के स्कूलों में पहली कक्षा से हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जाना था। राजनीतिक आग्रहों एवं दुराग्रहों के चलते अब ऐसा नहीं हो पाएगा। मतलब, महाराष्ट्र को तीसरी भाषा के रूप में भी हिंदी मंजूर नहीं है। महाराष्ट्र में हिंदी का संकट वास्तव में एक गहरे सामाजिक-राजनीतिक विमर्श का हिस्सा है। यह केवल भाषाई नहीं, बल्कि अस्मिता, पहचान और सह-अस्तित्व से जुड़ा हुआ है। जबकि भाषा को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनाना चाहिए। क्योंकि जब मराठी और हिंदी एक-दूसरे की सहयोगी बनेंगी, तभी महाराष्ट्र और भारत दोनों का भविष्य उज्ज्वल होगा और तभी महाराष्ट्र राष्ट्रीयता से जुड़ते हुए समग्र विकास की ओर अग्रसर हो सकेगा।

हिन्दी को हथियार बनाकर उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने मराठी समर्थक राजनीति को इस तरह से गरमा दिया था कि सरकारी प्रयासों के हाथ-पांव फूलने लगे और अपने फैसलों पर पुनर्विचार करना पड़ा। ठाकरे बंधुओं का हिन्दी विरोधी आंदोलन दिनोंदिन उग्र होता जा रहा था। यह सच है, हर राज्य के लिए भाषा की राजनीति मायने रखती है और कोई भी पार्टी स्थानीय स्तर पर अपनी क्षेत्रीय भाषा से मुंह नहीं मोड़ सकती। यह सर्वविदित है कि महाराष्ट्र में पूर्व में एक समिति ने जब हिंदी पढ़ाने की सिफारिश की थी, तब उद्धव ठाकरे ही राज्य के मुख्यमंत्री थे। तब हिंदी का मामला बड़ा नहीं था, पर आज जब ठाकरे विपक्ष में हैं, तब यही मुद्दा सबसे अहम हो गया है। शायद यह शर्म की बात है कि जिस राज्य की राजधानी में पूरा हिंदी फिल्म उद्योग बसता है, समूचे देश की आर्थिक राजधानी होने का गौरव जिसे मिला हुआ है, जहां समूचे देश के लोगों बसे है, जिसे सांझा-संस्कृति का गौरव प्राप्त है, उस राज्य की राजनीति अब हिंदी से परहेज करती दिख रही है। आज उद्धव ठाकरे बोल रहे हैं कि देवेंद्र फडणवीस सरकार मराठी मानुष की शक्ति से हार गई, पर वे इस बात को छिपा रहे हैं कि हारी सरकार नहीं, बल्कि राष्ट्र-भाषा हिंदी हारी है, जिसने मुंबई को सपनों का शहर बनाए रखा है।

भारत विविधताओं का देश है, यहां भाषाएं न केवल संवाद का माध्यम हैं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक भी हैं। परंतु जब भाषाएं टकराव का विषय बन जाएं, तो वह केवल भाषाई संकट नहीं रह जाता, बल्कि एक सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मुद्दा बन जाता है। ऐसा ही कुछ महाराष्ट्र में देखने को मिल रहा है, जहां हिंदी भाषा को लेकर एक अनकहा-अनचाहा-सा संघर्ष चल रहा है। महाराष्ट्र में मराठी भाषा केवल एक भाषा नहीं, बल्कि मराठी अस्मिता का प्रतीक है। कई मराठी संगठनों और राजनीतिक दलों का यह मानना है कि हिंदी भाषा का बढ़ता वर्चस्व मराठी संस्कृति के लिए खतरा बन सकता है।

फडणवीस सरकार की ताजा घोषणा यह दर्शा रही है कि हिंदी का मुद्दा राज्य में विपक्षी दलों के हाथों का एक ताकतवर राजनीतिक हथियार बनता जा रहा था। न केवल विपक्ष के सभी दल इस मसले पर एकजुट और विधानसभा के मॉनसून सत्र को हंगामेदार बनाने पर आमादा थे, बल्कि ठाकरे बंधुओं को भी हिंदी विरोध की राजनीति की अपनी जानी-पहचानी जमीन वापस मिलती दिख रही थी। क्योंकि शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे के शुरुआती दौर में पार्टी खास तौर पर हिंदीभाषियों के विरोध के लिए जानी जाती थी। मुंबई और महाराष्ट्र में हिंदीभाषियों की निरंतर बढ़ती आबादी को शिवसेना मराठी अस्मिता के लिए खतरे के रूप में देखती थी। हालांकि बाद के दौर में, खासकर नब्बे के दशक से भाजपा के गठबंधन में शिवसेना की राजनीति भी हिंदी से हिंदू की ओर मुड़ती गई। ऐसे में निश्चित ही मराठा राजनीति से हिन्दी विरोध की उम्मीद नहीं थी। अब तक तमिलनाडु को ही हिंदी विरोध के लिए जाना जाता था, पर इधर तीखे हिंदी विरोध में कर्नाटक के साथ ही, महाराष्ट्र भी शामिल हो गया है। दुनिया की सर्वाधिक तीसरी बोली जाने वाली हिन्दी भाषा अपने ही देश में उपेक्षा एवं राजनीति की शिकार है। अब केन्द्र सरकार के साथ-साथ हिंदी समाज को ज्यादा सजग होना पड़ेगा। हिन्दी भाषी प्रांतों को अपनी राजनीतिक व आर्थिक शक्ति को इतना बल देना पड़ेगा कि कम से कम तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को अहिंदीभाषी राज्यों में स्वीकार किया जाए। क्या हिंदी प्रदेश के नेता इससे सबक लेंगे? हालांकि, जिस तरह की त्रासद भाषा-राजनीति महाराष्ट्र में हो रही है, उससे यही लगता है कि इसके लिये बनी समितियों में बैठने वाले विशेषज्ञों की राय को किनारे कर दिया जाएग और राष्ट्रीयता पर क्षेत्रीयता की जीत हासिल हो जाएगी।

महाराष्ट्र में बढ़ते हिन्दीभाषियों के अनुपात को देखते हुए देर-सबेर हिन्दी को अपनाना ही लोकतांत्रिक दृष्टिकोण है। चाहे मुंबई हो या महाराष्ट्र, कुल आबादी में हिंदीभाषियों का बढ़ता अनुपात हिन्दी के पक्ष में है। 2001 की जनगणना के मुताबिक हिंदीभाषियों की संख्या मुंबई में 25.9 प्रतिशत और मराठीभाषियों की 42.9 प्रतिशत थी जो 2011 में क्रमशः 30.2 प्रतिशत और 41 प्रतिशत हो गई। महाराष्ट्र में इसी अवधि में जहां मराठीभाषी आबादी 76 प्रतिशत से 73.4 प्रतिशत पर आ गई, वहीं हिंदीभाषियों का अनुपात 7.3 प्रतिशत से बढ़कर 9.5 प्रतिशत हो गया। इसीलिये हिंदी लादने के इस फैसले ने न केवल उद्धव और राज ठाकरे को आक्रामक रूप में सामने ले आई बल्कि 20 साल बाद उद्धव और राज ठाकरे के एक मंच पर आने की खबर ने महाराष्ट्र की सियासत में हलचल मचा दी। 5 जुलाई को होने वाली हिन्दी विजय रैली पर महाराष्ट्र के लोगों की निगाहें लगी हुई हैं, क्योंकि मराठी भाषा और संस्कृति के मुद्दे पर सुर में सुर मिलाने वाले उद्धव और राज ठाकरे को सियासी हौसला मिल गया है। जिसे महाराष्ट्र की सियासत में एक नया मोड़ माना जा रहा, लेकिन साथ ही सवाल है कि उद्धव और राज ठाकरे की सियासी केमिस्ट्री कब तक बरकरार रहेगी।

हिंदी बनाम मराठी विवाद को कई बार राजनीतिक रंग भी दिया गया है। कुछ स्थानीय दलों ने हिंदी भाषी प्रवासियों, विशेषकर उत्तर प्रदेश और बिहार से आए लोगों को निशाने पर लेकर हिंदी भाषा पर परोक्ष रूप से प्रहार किया है। इससे न केवल भाषा के नाम पर लोगों में दूरी बढ़ी है, बल्कि महाराष्ट्र की समावेशी छवि को भी आघात पहुंचा है। महाराष्ट्र के कई क्षेत्रों, विशेषकर मुंबई, ठाणे, पुणे, और नासिक में बड़ी संख्या में हिंदीभाषी समुदाय निवास करता है। ये लोग महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था, व्यापार, निर्माण और सेवा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परंतु जब इनकी भाषा को दोयम दर्जे का माना जाता है, या उनके साथ भेदभाव किया जाता है, तो यह संविधान की आत्मा 'एकता में अनेकता' के विपरीत है। भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में हिंदी और मराठी दोनों को मान्यता प्राप्त है। हिंदी भारत की राजभाषा है और मराठी महाराष्ट्र की राजभाषा। किसी भी राज्य में भाषा का सम्मान होना चाहिए, लेकिन इसके नाम पर दूसरी भाषाओं को अपमानित करना न तो संवैधानिक है और न ही नैतिक। भाषायी सह-अस्तित्व के लिये महाराष्ट्र में मराठी को सर्वोच्च स्थान मिले, लेकिन हिंदी भाषा को भी सम्मान मिले, यह संतुलन ही स्वस्थ लोकतंत्र का आधार है। स्कूलों में मराठी, हिंदी और अंग्रेजी- तीनों भाषाओं को समुचित महत्व देकर बच्चों में बहुभाषिक दृष्टिकोण विकसित किया जा सकता है। विभिन्न राजनीतिक दल भाजपा एवं केन्द्र सरकार को घेरने के लिये जिस तरह भाषा, धर्म एवं जातियता को लेकर आक्रामक रवैया अपनाते हुए देश में अशांति, अराजकता एवं नफरत को फैला रहे रहे हैं, यह चिन्ताजनक है। महाराष्ट्र में हिन्दी का विरोध आश्चर्यकारी है। आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बावजूद हिन्दी को उसका उचित स्थान न मिलना विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)



# देश में नशे के सौदागरों का बढ़ता जाल

डॉ. सत्यवान सौरभ

भारत में नशे का संकट अब व्यक्तिगत बुराई नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आपदा बन चुका है। ड्रग माफिया, तस्करी, राजनीतिक संरक्षण और सामाजिक चुप्पी–सब मिलकर युवाओं को अंधकार में ढकेल रहे हैं। स्कूलों से लेकर गांवों तक नशे की जड़ें फैल चुकी हैं। यह सिर्फ स्वास्थ्य नहीं, सोच और सभ्यता का संकट है। समाधान केवल कानून से नहीं, बल्कि सामूहिक चेतना, संवाद, शिक्षा और सामाजिक नेतृत्व से आएगा। अगर आज हम नहीं जगे, तो कल हम एक खोई हुई पीढ़ी का मातम मनाएंगे।

भारत आज एक दोहरी लड़ाई लड़ रहा है–एक तरफ तकनीक और विकास की उड़ान है, और दूसरी ओर समाज के भीतर नशे का अंधकार फैलता जा रहा है। नशा अब सिर्फ एक व्यक्तिगत बुराई नहीं रह गया, बल्कि यह एक संगठित उद्योग, एक अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्र और एक सामाजिक महामारी का रूप ले चुका है। देश के गाँव से लेकर शहर तक, स्कूलों से लेकर कॉलेजों तक, और अमीरों की पार्टियों से लेकर गरीबों की गलियों तक, नशे के सौदागर अपना जाल फैलाए बैठे हैं।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि अब यह जाल केवल शराब या गांजे तक सीमित नहीं रहा। सिंथेटिक ड्रग्स, केमिकल नशे, हेरोइन, ब्राउन शुगर, कोकीन जैसे घातक पदार्थ अब भारत के युवाओं के जीवन को खोखला कर रहे हैं। पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली, मणिपुर, गोवा जैसे राज्यों में तो यह जहर सामाजिक ताने-बाने को चीर चुका है। एक ओर सरकार ÷युवाओं को स्किल्ड बनाने÷ की बात करती है, दूसरी ओर लाखों नौजवान नशे की गिरफ्त में अपनी ऊर्जा, जीवन और भविष्य गंवा रहे हैं।

नशे के पीछे एक पूरा तंत्र सक्रिय है–पैसे के लिए इंसानियत का सौदा करने वाले ड्रग माफिया, पुलिस और राजनीति में मिलीभगत, विदेशों से आने वाली तस्करी की खेप, और स्थानीय स्तर पर युवाओं को इस दलदल में धकेलने वाले एजेंट। ये सब मिलकर देश को अंदर से खोखला कर रहे हैं। यह कोई संयोग नहीं कि हर बड़ी ड्रग बरामदगी के पीछे किसी न किसी रसूखदार का नाम सामने आता है, लेकिन मामला वहीं दबा दिया जाता है।

एक वर्ग ऐसा भी है जो नशे को ÷लाइफस्टाइल÷ का हिस्सा मानने लगा है। ऊंचे दर्जे की पार्टियों में ड्रग्स फैशन बन चुकी है। वहां कोई इसे सामाजिक अपराध नहीं मानता, बल्कि 'कूलनेस' का प्रतीक बना दिया गया है। वहीं दूसरी तरफ गरीब युवा–जो बेरोजगारी, हताशा और टूटी हुई उम्मीदों के शिकार हैं–उन्हें नशा एक अस्थायी राहत की तरह दिखता है। दोनों ही हालात समाज को विनाश की ओर ले जा रहे हैं।

स्कूलों और कॉलेजों में नशा जिस तरह से प्रवेश कर चुका है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक गहरी चेतावनी है। कई रिपोर्टें बताती हैं कि स्कूल के बच्चे तक ड्रग्स की चपेट में हैं। छोटे-छोटे पाउच, चॉकलेट जैसे पैकेट्स, खुशबूदार पाउडर–इनके ज़रिए नशा परोसा जा रहा है। और जब बच्चे इसकी गिरफ्त में आते हैं, तो परिवार, शिक्षक और समाज–सभी असहाय हो जाते हैं।

भारत के संविधान ने हमें एक 'स्वस्थ राष्ट्र' का सपना दिया था, लेकिन जिस देश के युवा ही बीमार और नशे में हों, उस राष्ट्र की कल्पना कैसे साकार होगी? युवा ही देश की रीढ़ होते हैं–यदि वही झुक जाएं, टूट जाएं या खोखले हो जाएं, तो देश भी खड़ा नहीं रह सकता।

नशा केवल शरीर को नहीं, आत्मा को भी मारता है। यह निर्णय क्षमता को खत्म करता है, रिश्तों को तोड़ता है, अपराध को जन्म देता है और समाज में हिंसा और उदासी का माहौल फैलाता है। नशे की लत में पड़ा व्यक्ति अपने परिजनों के लिए बोझ बन जाता है। वह चोरी करता है, झूठ बोलता है, आत्महत्या तक कर लेता है।

यह एक मात्र स्वास्थ्य या क़ानून व्यवस्था की समस्या नहीं है–यह नैतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संकट है।

माफिया नेटवर्क में पुलिस और राजनीतिक संरक्षण की बात करना कोई षड्यंत्र नहीं है, बल्कि कई बार कोर्ट और जांच एजेंसियों के रिकॉर्ड में यह स्पष्ट रूप से सामने आ चुका है। NDPS एक्ट (Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act) जैसे कानून मौजूद हैं, लेकिन इनका क्रियान्वयन बेहद कमजोर और पक्षपाती है। कई मामलों में पकड़ में आए ड्रग तस्करों को तकनीकी खामियों के चलते छोड़ दिया जाता है। वहीं गरीब या छोटे उपयोगकर्ता जेल में सड़ते हैं।

सरकारें अक्सर ड्रग्स के खिलाफ ÷जागृति अभियान÷, ÷स्लोगन प्रतियोगिता÷, या ÷परेड÷ जैसे प्रतीकात्मक कार्यक्रम करती हैं, लेकिन सवाल है कि क्या इससे कुछ बदलता है? ज़रूरत है एक मजबूत नीति, ईमानदार क्रियान्वयन और सबसे बड़ी बात–राजनीतिक इच्छाशक्ति की।

नशे की तस्करी अक्सर सीमावर्ती इलाकों से होती है–पंजाब-पाकिस्तान सीमा, मणिपुर-म्यांमार सीमा, गुजरात समुद्री तट और मुंबई बंदरगाह जैसे स्थानों से। इन इलाकों में हाई अलर्ट की जरूरत है, लेकिन अक्सर सुरक्षा तंत्र या तो लापरवाह होता है या भ्रष्ट। पिछले कुछ वर्षों में टनों की मात्रा में ड्रग्स पकड़े जाने के बावजूद, ड्रग लॉर्ड्स पर कार्यवाही न के बराबर हुई है। इससे अपराधियों का मनोबल और बढ़ता है।

इसमें मीडिया की भूमिका भी कमज़ोर रही है। कुछ चुनिंदा मामलों में मीडिया टीआरपी के लिए ÷ड्रग्स ड्रामा÷ दिखाता है, लेकिन अधिकतर समय वह इस गंभीर मुद्दे को उपेक्षित छोड़ देता है। और जब बॉलीवुड जैसी चमकती दुनिया में ड्रग्स की चर्चा होती है, तो उसे भी 'गॉसिप' बना दिया जाता है, असल सामाजिक विमर्श नहीं। इस पूरे संकट का सबसे दुखद पहलू यह है कि इससे जुड़ा व्यक्ति अकेला नहीं मरता–उसके साथ पूरा परिवार, और धीरे-धीरे एक पीढ़ी मुरझा जाती है।

# मध्यमवर्गीय परिवार नहीं फंसे ऋ ण के जाल में

**भारत में चूंकि अब मुद्रा स्फीति की दर नियंत्रण में आ गई है, अतः आगे आने वाले समय में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में और अधिक कमी की जा सकती है। इस प्रकार, बहुत सम्भव है ऋणराशि पर लागू ब्याज दरों में कमी के बाद कई नागरिक जिन्होंने पूर्व में कभी बैंकों से ऋण नहीं लिया है, वे भी ऋण लेने का प्रयास करें। बैंक से ऋण लेने से पूर्व इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि इस ऋण को चुकता करने की क्षमता भी ऋणदाता में होनी चाहिए अर्थात ऋणदाता की पर्याप्त मासिक आय होनी चाहिए ताकि बैंकों द्वारा प्रदत्त ऋण की किश्त एवं ब्याज का भुगतान पूर्व निर्धारित समय सीमा के अंदर किया जा सके।**

(प्रह्लाद सबनानी)

बैकों से लिए गए ऋण की मासिक किश्त एवं इस ऋणराशि पर ब्याज का भुगतान यदि निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं किया जाता है तो चूककर्ता ऋणदाता से बैकों द्वारा दंडात्मक ब्याज की वसूली की जाती है।

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 50 आधार बिंदुओं की कमी की है। इसके साथ ही, निजी क्षेत्र के बैंकों, सरकारी क्षेत्र के बैंकों एवं क्रेडिट कार्ड कम्पनियों सहित अन्य वित्तीय संस्थानों ने भी अपने ग्राहकों को प्रदान की जा रही ऋणराशि पर लागू ब्याज दरों में कमी की घोषणा करना प्रारम्भ कर दिया है ताकि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में की गई कमी का लाभ शीघ्र ही भारत में ऋणदाताओं तक पहुंच सके एवं इससे अंततः देश की अर्थव्यवस्था को बल मिल सके। भारत में चूंकि अब मुद्रा स्फीति की दर नियंत्रण में आ गई है, अतः आगे आने वाले समय में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में और अधिक कमी की जा सकती है। इस प्रकार, बहुत सम्भव है ऋणराशि पर लागू ब्याज दरों में कमी के बाद कई नागरिक जिन्होंने पूर्व में कभी बैंकों से ऋण नहीं लिया है, वे भी ऋण लेने का प्रयास करें। बैंक से ऋण लेने से पूर्व इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि इस ऋण को चुकता करने की क्षमता भी ऋणदाता में होनी चाहिए अर्थात ऋणदाता की पर्याप्त मासिक आय होनी चाहिए ताकि बैकों द्वारा प्रदत्त ऋण की किश्त एवं ब्याज का भुगतान पूर्व निर्धारित समय सीमा के अंदर किया जा सके। इस संदर्भ में विशेष रूप से युवा ऋणदाताओं द्वारा क्रेडिट कार्ड के उपयोग पश्चात संबंधित राशि का भुगतान समय सीमा के अंदर अवश्य करना चाहिए क्योंकि अन्यथा क्रेडिट कार्ड एजेंसी द्वारा चूक की गई राशि पर भारी मात्रा में ब्याज वसूला जाता है, जिससे युवा ऋणदाता ऋण के जाल में फंस जाते हैं।

बैकों से लिए गए ऋण की मासिक किश्त एवं इस ऋणराशि पर ब्याज का भुगतान यदि निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं किया जाता है तो चूककर्ता ऋणदाता से बैकों द्वारा दंडात्मक ब्याज की वसूली की जाती है। इसी प्रकार, कई नागरिक जो क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हैं एवं इस क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की गई राशि का भुगतान यदि वे निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं कर पाते हैं तो इस राशि पर चूक किए गए क्रेडिट कार्ड धारकों से भारी भरकम ब्याज की दर से दंड वसूला जाता है। कभी कभी तो दंड की यह दर 18 प्रतिशत से 24 प्रतिशत के बीच रहती है। क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने वाले नागरिक कई बार इस उच्च ब्याज दर पर वसूली जाने वाली दंड की राशि से अनभिज्ञ रहते हैं। अतः बैंकों से ली जाने वाली ऋणराशि एवं क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की जाने वाली राशि का समय पर भुगतान करने के प्रति ऋणदाताओं को सजग रहने की आवश्यकता है।



कुल मिलाकर यह ऋणदाताओं के हित में है कि वे बैंक से लिए जाने वाले ऋण की राशि तथा ब्याज की राशि एवं क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की जाने वाली राशि का पूर्व निर्धारित एवं उचित समय सीमा के अंदर भुगतान करें क्योंकि अन्यथा की स्थिति में उस चूककर्ता नागरिक की क्रेडिट रेटिंग पर विपरीत प्रभाव पड़ता है एवं आगे आने वाले समय में उसे किसी भी वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है एवं बहुत सम्भव है कि भविष्य में उसे किसी भी वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त ही न हो सके। ऋणदाता यदि किसी प्रामाणिक कारणवश अपनी किश्त एवं ब्याज का बैंकों अथवा क्रेडिट कार्ड कम्पनी को समय पर भुगतान नहीं कर पाता है और उसका ऋण खाता यदि गैर निष्पादनकारी आस्ति में परिवर्तित हो जाता है तो इस संदर्भ में चूककर्ता ऋणदाता द्वारा बैंकों को समझौता प्रस्ताव दिए जाने का प्रावधान भी है। इस समझौता प्रस्ताव के माध्यम से चूककर्ता ऋणदाता द्वारा सम्बंधित बैंक अथवा क्रेडिट कार्ड कम्पनी को मासिक किश्त एवं ब्याज की राशि को पुनर्निर्धारित किए जाने के सम्बंध में निवेदन किया जा सकता है। परंतु, यदि ऋणदाता ऋण की पूरी राशि, ब्याज सहित, अदा करने में सक्षम नहीं है तो चूक की गई राशि में से कुछ राशि की छूट प्राप्त करने एवं शेष राशि को एकमुश्त अथवा किश्तों में अदा करने के सम्बंध में भी समझौता प्रस्ताव दे सकता है। ऋण की राशि अथवा ब्याज की राशि के सम्बंध के प्राप्त की गई छूट की राशि का रिकार्ड बनता है एवं समझौता प्रस्ताव के अंतर्गत प्राप्त छूट के चलते भविष्य में उस ऋणदाता को बैकों से ऋण प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है, इस बात का ध्यान चूककर्ता ऋणदाता को रखना चाहिए। अतः जहां तक सम्भव को ऋणदाता द्वारा समझौता प्रस्ताव से भी बचा जाना चाहिए एवं अपनी ऋण की निर्धारित किश्तों एवं ब्याज का निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत भुगतान करना ही सबसे अच्छा रास्ता अथवा विकल्प है।

भारत में तेज गति से हो रही आर्थिक प्रगति के चलते मध्यमवर्गीय नागरिकों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है, जिनके द्वारा चार पहिया वाहनों, स्कूटर, फ्रिज, टीवी, वॉशिंग मशीन एवं मकान आदि आस्तियों को खरीदने हेतु बैकों अथवा अन्य वित्तीय संस्थानों से ऋण लिया जा रहा है। कई बार मध्यमवर्गीय परिवार एक दूसरे की देखा देखी आपस में होड़ करते हुए भी कई उत्पादों को खरीदने का प्रयास करते हुए दिखाई देते हैं, चाहे उस उत्पाद विशेष की आवश्यकता हो अथवा नहीं। उदाहरण के लिए एक पड़ौसी ने यदि अपने चार पहिया वाहन का एकदम नया मॉडल खरीदा है तो जिस पड़ौसी के पास पूर्व में ही चार पहिया वाहन उपलब्ध है वह पुराने मॉडल के वाहन को बेचकर पड़ौसी द्वारा खरीदे गए नए मॉडल के चार पहिया वाहन को खरीदने का प्रयास करता है और बैंक के ऋण के जाल में फंस जाता है। यह नव धनाडय वर्ग यदि बैक से लिए गए ऋण की किश्त एवं ब्याज की राशि का निर्धारित समय सीमा के अंदर भुगतान नहीं कर पाता है तो उस नागरिक विशेष के वित्तीय रिकार्ड पर धब्बा लग सकता है जिससे उसके लिए उसके शेष जीवन में बैकों एवं अन्य वित्तीय संस्थानों से पुनः ऋण लेने में कठिनाई आ सकती है। अतः बैकों से ऋण प्राप्त करने वाले नागरिकों को ऋण की किश्त का समय पर भुगतना करना स्वयं उनके हित में हैं, ताकि भारत में तेज हो रही आर्थिक प्रगति का लाभ आगे आने वाले समय में भी समस्त नागरिक ले सकें।

भारत में तो यह कहा भी जाता है कि जिसके पास जितनी चादर हो, उतने ही पैर पसारने चाहिए। अर्थात, नागरिकों को बैंकों से ऋण लेते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि ऋण की किश्त एवं ब्याज की राशि का भुगतान करने लायक उनकी अतिरिक्त आय होनी चाहिए, ताकि ऋण की किश्तों एवं ब्याज की राशि का भुगतान निर्धारित समय सीमा के अंदर किया जा सके एवं उनका ऋण खाता गैर निष्पादनकारी आस्ति में परिवर्तित नहीं हो। (लेखक सेवानिवृत्त उपमहाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक)

संक्षिप्त समाचार

## तराई के 1000 वन गुर्जर परिवारों को नैनीताल हाईकोर्ट से राहत, खेती करने की मिली अनुमति



**नैनीताल, एजेंसी।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने वन गुर्जरों के मामले में सुनवाई की. अपने महत्वपूर्ण निर्णय में हाईकोर्ट ने वन गुर्जरों को खेती करने की अनुमति दे दी है. उच्च न्यायालय के इस आदेश से तराई के लगभग 1000 वन गुर्जर परिवार लाभान्वित हो सकेंगे. वन गुर्जरों की याचिका पर नैनीताल हाईकोर्ट में सुनवाई: मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ में तराई पूर्वी, तराई पश्चिमी और तराई केन्द्रीय वन प्रभाग में निवास कर रहे वन गुर्जर अली जान, गुलाम रसूल, मो. यूसुफ और गुलाम रसूल की ओर से दायर चार अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई हुई. याचिकाकर्ताओं ओर से कहा गया कि वह कई वर्षों से रंगशाली और डोली रेंज में निवास कर रहे हैं. वन विभाग अतिक्रमण के नाम पर उन्हें खेती करने से रोक रहा है. उनकी खेती वाली भूमि पर वन पौधरोपण कर रहा है. यह उनके मौलिक अधिकारों का हनन है. याचिका में वन गुर्जरों ने लगाया ये आरोप: वन गुर्जरों ने आरोप लगाया कि वन विभाग के अधिकारी बिना नोटिस जारी किए यह सब कार्रवाई कर रहे हैं. अभी तक उनके दावों की सुनवाई नहीं की जा रही है, जबकि उन्होंने ग्राम सभा कमेटी को अपने दावों के संबंध में प्रत्यावेदन सौंपा है. इस पर सरकार की ओर से आरोप को गलत बताते हुए कहा गया कि वन गुर्जरों की ओर से अतिक्रमण किया जा रहा है. हाईकोर्ट ने वन गुर्जरों को खेती करने की अनुमति दी: सभी पक्षों की सुनवाई के बाद खंडपीठ ने वन गुर्जरों को खेती करने की अनुमति दे दी. साथ ही निर्देश दिए कि वन गुर्जर खेती वाली भूमि का व्यावसायिक उपयोग नहीं कर सकेंगे. हाईकोर्ट ने इन सभी याचिकाओं को निस्तारित कर दिया है.

## उत्तराखंड के सबसे बड़े एसयूसीसी फ्रॉड मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई, सरकार से मांगा जवाब



**नैनीताल, एजेंसी।** उत्तराखंड के नागरिकों को एलयूसीसी कोऑपरेटिव सोसाइटी/चिटफंड कंपनी की ओर से करीब 800 करोड़ रुपए का चूना लगाकर फरार होने के मामले पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. मामले में मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने सीबीआई के अधिवक्ता से कहा है कि इसमे वे अपनी राय दें. साथ ही राज्य सरकार से कहा है कि दो हफ्ते में अपना जवाब पेश करें. दरअसल, ऋषिकेश निवासी आशुतोष नैनीताल हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की है. जिसमें उन्होंने कहा है कि एलयूसीसी नाम की एक चिटफंड कंपनी ने साल 2021 में प्रदेश के कई जिलों के लोगों को कई तरह के लाभ देने के उद्देश्य से अपना ऑफिस देहरादून, ऋषिकेश समेत पौड़ी में खुलवाए. उसके बाद स्थानीय लोगों को अपना एजेंट नियुक्त किया. एजेंटों ने अपने करीबियों से कहा कि वे इस कंपनी में निवेश करें. लोगों ने सहानुभूति दिखाकर निवेश भी किया. जबकि, राज्य में कंपनी ने सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत अपना रजिस्ट्रेशन तक नहीं कराया था. साल 2023-24 में यह कंपनी अपने ऑफिस बंद कर चली गई. निवेशकों की शिकायत पर उत्तराखंड समेत अन्य राज्यों में इस कंपनी के खिलाफ 56 मुकदमे दर्ज हुए. इसी बीच पता चला कि मुख्य आरोपी दुबई भाग गया है. अब निवेशक एजेंटों को परेशान कर रहे हैं. पुलिस भी उन्हें परेशान कर रही है. मामले की जांच कर रहे आईओ कोर्ट में पेश भी हुए.

# कांवड़ मेले के दौरान हरिद्वार में पर्दे से ढकी जाएंगी 14 दुकानें



**हरिद्वार, एजेंसी।**
कांवड़ मेले के दौरान हरिद्वार जिले में यात्रा मार्ग पर अंग्रेजी व देशी शराब की 14 दुकानों को पर्दे से ढका जाएगा। शिवभक्तों की आस्था को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। शासन के निर्देश पर आबकारी विभाग ने दुकान संचालकों को इस संबंध में लिखित तौर पर निर्देशित किया है।

इस बार श्रावण मास कांवड़ मेला 11 जुलाई से 23 जुलाई तक चलेगा। कांवड़ मेले में पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा से सबसे ज्यादा यात्री हरिद्वार पहुंचते हैं। इनमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ, मुजफ्फरनगर, बागपत, शामली के अलावा दिल्ली और हरियाणा के गुरुग्राम, पानीपत जैसे जिलों के कांवड़ यात्री बहादराबाद, मंगलौर होते हुए हरिद्वार-दिल्ली हाइवे से गुजरते हैं।

जबकि उत्तर प्रदेश के सहारनपुर व हरियाणा और पंजाब के कांवड़ यात्री बहादराबाद से धनौरी, इमलेखड़ा, भगवानपुर होकर निकलते हैं।

श्रावण मास कांवड़ मेले के दौरान मांस की दुकानें बंद करने के साथ ही कांवड़ यात्रा मार्ग पर शराब की दुकानें ढकने के निर्देश शासन की ओर से जारी किए गए हैं। जिस पर आबकारी विभाग ने कांवड़ यात्रा मार्ग की कुल 14 दुकानों को चिन्हित किया है। इन सभी दुकानों को 10 जुलाई की रात पर्दे से ढक दिया जाएगा।

**कांवड़ यात्रा में निगरानी के लिए बढ़ाई जाएंगी ड्रोन की संख्या, हरिद्वार से नारसन बार्डर तक रहेगी नजर:** इस बार कांवड़ यात्रा में संदिग्धों पर नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरों की संख्या बढ़ाएगी जाएगी। इस बार ड्रोन कैमरों की संख्या पांच से बढ़ाकर 10 की गई है। हरिद्वार से लेकर नारसन बार्डर तक जगह-जगह ड्रोन कैमरों से नजर रखी जाएगी।

11 जुलाई से कांवड़ यात्रा शुरू हो रही है। जिसे लेकर पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी है। पुलिस की तरफ से डायवर्जन प्वाइंट चिन्हित कर इनकी सूची तैयारी कर ली गई है। साथ ही जिन प्वाइंटों पर बेरिकेटिंग लगाई जानी है। जहां पर पुलिसकर्मियों की तैनाती होनी है।

इन सभी प्वाइंटों की सूची अधिकारियों के पास पहुंच चुकी है। कांवड़ यात्रा में पुलिस का पूरा फोकस सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर रहेगा। इसे लेकर पुलिस ने इस बार निगरानी के लिए ड्रोन कैमरों की संख्या बढ़ा दी है।

पिछले साल कांवड़ यात्रा में हरिद्वार की हरकी पैड़ी से लेकर नारसन बार्डर तक पांच ड्रोन कैमरों से नजर रखी जा रही थी। इस बार कांवड़ यात्रियों की संख्या अधिक होने के चलते पुलिस ने ड्रोन कैमरों की संख्या बढ़ाकर 10 कर दी है। इस बार 10 ड्रोन कैमरों से नजर रखी जाएगी।

## स्वास्थ्य विभाग ने की तैयारियां, पांच सेक्टर बटेगा कांवड़ मेला क्षेत्र



**हरिद्वार, एजेंसी।** कांवड़ यात्रा को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। लाखों की संख्या में श्रद्धालु कांवड़ यात्रा में पहुंचते हैं। कांवड़ यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए विभाग की ओर से मेला क्षेत्र को पांच सेक्टरों में बांटा गया है और हर सेक्टर में चिकित्सा सेवाएं सुलभ कराने की व्यवस्था की गई है।

साथ कांवड़ यात्रा को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने उप जिला चिकित्सालय को कांवड़ मेला कंट्रोल रूम बनाया है। यहां से पूरे मेला क्षेत्र की चिकित्सा व्यवस्थाओं की निगरानी की जाएगी। मेला क्षेत्र में कुल 29 स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे, जिनमें 89 चिकित्सकों के साथ-साथ 117 फार्मासिस्ट तैनात रहेंगे।

इससे कांवड़ यात्रा के दौरान सभी श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। ये शिविर श्रद्धालुओं को प्राथमिक चिकित्सा से लेकर आपातकालीन सेवाएं तक प्रदान करेंगे। शिविरों के साथ-साथ 66 एंबुलेंस वाहनों को भी मेला क्षेत्र में तैनात किया जाएगा, जिनमें निजी अस्पतालों की एंबुलेंस भी शामिल होंगी। किसी भी दुर्घटना या स्वास्थ्य आपात स्थिति से निपटने के लिए लगभग 2000 स्ट्रेचर भी तैयार रखे गए हैं। ये स्ट्रेचर विशेष रूप से भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों से घायल या बीमार श्रद्धालुओं को निकालने के लिए इस्तेमाल किए जाएंगे। विभाग की ओर से इसके लिए पांच करोड़ का बजट प्रस्तावित किया है।

## मंदिर परिसर में आपस में भिड़े यात्री, फोटो खिंचाने को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि हाथापाई पर उतरे



**चमोली, एजेंसी।**
बदरीनाथ मंदिर परिसर में आपस में कुछ यात्री आपस में भिड़ गए। पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराया। बदरीनाथ मंदिर परिसर में फोटो खिंचाने को लेकर तीर्थ यात्री आपस में भिड़ गए। विवाद इतना बढ़ गया कि यात्री आपस में हाथापाई करने लगे। मंदिर परिसर में तैनात पुलिस कर्मियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को शांत कराया।

बदरीनाथ थाना प्रभारी नवनीत भंडारी ने बताया कि दोपहर में जब मंदिर बंद था वहां फोटो खिंचाने को लेकर यात्रियों में विवाद हो गया। दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामले को शांत करा दिया गया।

## साइबर ठगों ने रिटायर्ड बैंकर को लगाया चूना, एक ओटीपी से लूट लिये ढाई लाख रुपये

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
साइबर अपराधी अलग-अलग तरीकों से लोगों की पूंजी उड़ा रहे हैं. साइबर अपराधियों के झांसे में पढ़े लिखे लोग भी आ रहे हैं. हल्द्वानी से साइबर ठगी के दो मामले सामने आए हैं. पंजाब नेशलन बैंक के सेवानिवृत्त कर्मी को साइबर ठगों ने अपना शिकार बना लिया. वह पंजाब नेशनल बैंक का ऐप डाउनलोड करने की कोशिश कर रहे थे. तभी एक जालसाज ने बैंक अधिकारी बनकर उन्हें अपनी बातों में फंसाकर ओटीपी हासिल कर उनके तीन बैंक खातों से 2.44 लाख रुपए साफ कर दिए.

कालोनी बिठौरिया कुसुमखेड़ा मुखानी निवासी विनीत भेटीवाल ने पुलिस को बताया कि उनके पिता गंगाराम आर्या पंजाब नेशनल बैंक से सेवानिवृत्त हैं. उनके पीएनबी में तीन बचत और ओडी खाते हैं. बीती 16 जून को गंगाराम ने नए मोबाइल में पीएनबी वन एपलीकेशन डाउनलोड की. एप डाउनलोड होने के बाद एक व्यक्ति ने उन्हें फोन किया. उसने खुद को बैंक प्रतिनिधि बताया. व्हाट्सएप पर ऐप से जुड़ी जानकारी साझा करने को कहा. इसके बाद व्हाट्सएप पर उनसे जो भी जानकारी मांगी गई वह देते गए. अंत में ओटीपी भी साझा कर दी. शाम को जब उन्होंने फोन चेक किया तो तीनों बैंक खातों से 2 लाख 44 हजार रुपए गायब थे. मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर साइबर क्राइम थाने को ट्रांसफर कर दिया गया है.

## उमस भरी गर्मी के बीच आठ घंटे की बिजली कटौती ने रुलाया, लोग परेशान

**रुड़की, एजेंसी।**
उमसभरी गर्मी के बीच बुधवार को आठ घंटे की बिजली कटौती ने उपभोक्ताओं की परेशानी को बढ़ा दिया। चालीस हजार की आबादी को परेशानी का सामना करना पड़ा। शाम चार बजे के बाद ही इन इलाकों में बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकी।

गर्मी का सीजन शुरू होने के साथ ही ऊर्जा निगम ने शहर से लेकर देहात क्षेत्र तक बिजली की लाइनों की मरम्मत के नाम बिजली कटौती की जा रही है जबकि उपभोक्ता अक्टूबर एवं फरवरी मार्च में लाइनों की मरम्मत की मांग करते हैं। बुधवार को ऊर्जा निगम ने देहात क्षेत्र में बिजली की लाइनों की मरम्मत का काम शुरू किया। इस दौरान निगम ने पांच फीडर सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक बंद रखे।

इसमें 11केवी दरगाह कलियर फीडर बंद रहने से दरगाह क्षेत्र के आसपास, नई बस्ती, पिरान कलियर में सप्लाई बंद रही। 3311 रुड़की ब्रह्मपुर लाइन बंद रहने से बेलड़ा, बेलड़ी, भारापुर, बाजूहेड़ी, नागल, जौरासी, मेहवड़ कला और ढंढेरी में बिजली सप्लाई बंद रही। 11 केवी इमलीखेड़ा फीडर बंद रहने से मोहम्मदपुर पांडा, इमलीखेड़ा, बेडपुर में सप्लाई ठप रही।

11केवी पंचपुरी फीडर बंद रहने से गढ़मीरपुर, मीरपुर, राजपुर, पूरणपुर, राजपुर, तेल्लीवाला, कुतुबपुर में सप्लाई ठप रही। वहीं 11केवी औरंगाबाद फीडर बंद रहने से तेल्लीवाला, अजमेरीपुर, औरंगाबाद, अन्नेकी में सप्लाई ठप रही। इस दौरान पांच फीडर बंद रहने से करीब करीब 40 हजार की आबादी प्रभावित हुई। इस दौरान भीषण गर्मी में लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। सबसे अधिक दिक्कत किसानों को धान की फसल लगाते समय सिंचाई की आई, कई जगह किसान धान की रोपाई नहीं कर सके हैं।

किसान नेता पदम सिंह रोड, इंद्र सिंह, मेघराज, मुबारिक आदि ने बताया कि इस समय गर्मी चल रही है। उमस के कारण हर कोई बेहाल है। स्कूली बच्चों को परेशानी उठानी पड़ी है। किसान मवेशियों के लिए हरा चारा तक नहीं काट सके। इससे परेशानी उठानी पड़ी है। वहीं निगम के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार मिश्रा ने बताया उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति होती रहे, इस बात का ध्यान रखते हुए लाइनों की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है।

लंढौरा : ऊर्जा निगम की टीम ने कस्बे के अलावा आसपास के गांव में बिजली चोरों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान संचालित किया है। इस दौरान 25 बिजली चोरी के मामले पकड़े गए हैं। सभी के खिलाफ लंढौरा पुलिस चौकी पर तहरीर दी गई है।

विद्युत वितरण खंड लंढौरा के सहायक अभियंता गुलशन बुलानी ने बताया कि लंढौरा, बिझोली और भगवानपुर चंदनपुर में चोरी के खिलाफ अभियान चलाया। टीम ने तीनों जगह 25 लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा है। इस दौरान कस्बे में भगदड़ मच गई। कुछ ने तो ऊर्जा निगम की टीम के सामने ही कटिया को उतार लिया। एसडीओ गुलशन बुलानी ने बताया कि इस संबंध में पुलिस को तहरीर दी गई है।

## हरिद्वार में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, शर्मनाक हालत में मिली दो सगी बहनें, पुलिस को देखते ही छुपाने लगीं चेहरा




**हरिद्वार, एजेंसी।**
पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल की टीम ने सिडकुल क्षेत्र के एक होटल में छापा मारकर सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। होटल से पंजाब की दो सगी बहनों सहित चार कॉल गर्ल के अलावा होटल मालिक व दो ग्राहकों को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि रुड़की निवासी सरगना फरार हो गया। आरोपितों के खिलाफ सिडकुल थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। बुधवार की सुबह उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा।

एसपी सिटी पंकज गैरोला ने बताया कि चारधाम यात्रा के मद्देनजर चलाए जा रहे ऑपरेशन लगाम के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोभाल ने विभिन्न स्तरों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हुए हैं। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह के नेतृत्व में महिला उपनिरीक्षक राखी रावत व हेड कॉन्स्टेबल राकेश की टीम ने सिडकुल थाने की पुलिस को साथ लेकर डैंसो चौक के समीप होटल एचएमटी ग्रांड पर छापा मारा।

अलग-अलग कमरों में दो व्यक्ति और महिलाएं आपत्तिजनक हालत में मिले। कमरों से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई। पुलिस ने होटल मालिक तंजीत निवासी रावली महदूद, ग्राहक दीपक निवासी कुरड़ी, मंगलौर और अर्जुन निवासी जरीफपुर, नहटौर जिला बिजनौर के अलावा चार महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। इनमें अमृतसर पंजाब की दो सगी बहनें शामिल हैं।

तीसरी महिला भी अमृत पंजाब की निवासी है, जबकि चौथी महिला दिल्ली से आई थी। सभी लंबे समय से देह व्यापार करती आ रही हैं। पूछताछ में सरगना के तौर पर नितिन निवासी नन्हेड़ा रुड़की का नाम सामने आया।

इंस्पेक्टर विजय सिंह ने बताया कि दूसरे राज्यों से कॉल गर्ल लाने से लेकर उनके लिए ग्राहक जुटाने का पूरा कार्य नितिन ही कर रहा था। आरोपितों के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इंस्पेक्टर सिडकुल मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि आरोपितों को बुधवार की सुबह कोर्ट में पेश किया जाएगा।

पुलिस ने करीब डेढ़ साल पहले भी इस होटल में छापा मारकर सेक्स रैकेट पकड़ा था। गैंग का सरगना नितिन खुद को समाजसेवी बताता है। पुलिस को पता चला है कि आरोपित कई राज्यों में जिस्म के सौदागरों से जुड़ा है। चारों महिलाओं को नितिन ही पंजाब व दिल्ली से हरिद्वार लेकर आया था। एक पुलिस टीम उसकी तलाश में जुट गई है।

# लक्सर में डीजे पर नाचते-नाचते युवक ने की फायरिंग, अब पीछे पड़ी पुलिस, रुड़की में वाहन चोर चढ़े हत्थे

**लक्सर/रुड़की, एजेंसी।**
हरिद्वार जिले के लक्सर क्षेत्र में हर्ष फायरिंग का मामला सामने आया है. एक वीडियो में डीजे पर नाच रहे युवकों के बीच एक युवक हवा में फायर करता नजर आ रहा है. वहीं, अब वीडियो के सामने आने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. उधर, रुड़की के गंगनहर कोतवाली पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है.

लक्सर क्षेत्र में युवक ने की हवाई फायरिंग: लक्सर क्षेत्र से सामने आए वीडियो में एक मकान में पार्टी चल रही है. कई युवक डीजे पर नाच रहे हैं. इसी बीच एक युवक अपने हाथ में मौजूद असलहा से हवाई फायरिंग करता है. उसके साथ एक अन्य युवक भी नजर आता है. गनीमत रही कि फायरिंग के दौरान किसी को गोली नहीं लगी.

हर्ष फायरिंग का वीडियो लक्सर कोतवाली के गनौली गांव का बताया जा रहा है. फिलहाल, पूरा मामला पुलिस तक पहुंच गया. लक्सर कोतवाली के एसएसआई मनोज गरौला ने बताया कि वीडियो की जांच की जा रही है. इससे पहले भी ऐसे में मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया था. ऐसे में वीडियो नया है या पुराना इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी.

रुड़की में अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का खुलासा: गंगनहर कोतवाली पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है. मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी के चौपहिया वाहन और बाइकें बरामद की है. बताया जा रहा है कि पकड़े गए आरोपी इतने शातिर हैं कि पलक झपकते ही वाहनों पर हाथ साफ कर देते थे और उन्हें मोडिफाई कर बेच देते थे.

बीती 1 जुलाई को चेकिंग के दौरान मंगलौर-सालियर हाईवे से चोरी की क्रेटा कार को बरामद किया गया. जिसके साथ आरोपी अजय पुत्र वीरपाल निवासी पूरना, अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) हाल निवासी सुभाष नगर, रुड़की को गिरफ्तार किया गया है. उधर, दूसरे मामले में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रुड़की सालियर अंडरपास से दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और इसके साथ ही एक किशोर को भी पुलिस संरक्षण में लिया है.

आरोपियों के पास से चोरी की गई 7 बाइकें बरामद हुई है. वहीं, तीसरे मामले में चेकिंग के दौरान पनियाला से लाठरदेवा जाने वाले रास्ते पर एक सिल्वर रंग की कार को रोका गया, जिसमें चालक कार छोड़कर फरार हो गया. फरार हुए आरोपी का नाम देवांश रावत पुत्र महिपाल सिंह निवासी निकट गढ़वाल सभा, सुभाष नगर, रुड़की बताया गया है.

पुलिस टीम उसकी भी तलाश में जुटी हुई है. बताया जा रहा है कि आरोपी नशे के आदी हैं और अपना शौक पूरा करने के लिए चोरी की घटना को अंजाम देते थे. आरोपी वाहन चोरी करने के बाद उसे मॉडिफाई कर सस्ते दामों में बेच देते थे. वहीं, पुलिस ने गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को कोर्ट के समक्ष पेश कर दिया है.



# सोनेलाल पटेल की जयंती समारोह में 12 विधायक रहे मौजूद, अनुप्रिया पटेल ने फूट डालने वालों को दी चेतावनी

**लखनऊ, एजेंसी।** रवींद्रालय में आयोजित डॉ. सोनेलाल पटेल के जयंती समारोह में पार्टी के 13 में से 12 विधायक पहुंच गए थे। बाकी नेता अपने साथ नौ विधायक होने का दावा कर रहे थे।

पार्टी के बागी नेताओं के दावों के बीच अपना दल (एस) की अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने जहां पार्टी में फूट डालने वालों को कड़ी चेतावनी दी है। वहीं, कार्यकारी अध्यक्ष और प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने इशारों में ही इसे षड्यंत्र करार दिया है।

अनुप्रिया ने पार्टी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि हमें अपने सिद्धांतों और वैचारिक मुद्दों से नहीं भटकना चाहिए। विरोध और षड्यंत्र केवल ताकतवर और ईमानदार लोगों के खिलाफ होते हैं। हमारी पार्टी की लोकप्रियता और स्वीकार्यता बढ़ रही है। हमें यूपी में नंबर एक पार्टी बनने का संकल्प लेना होगा। अनुप्रिया बुधवार को रवींद्रालय में आयोजित डॉ. सोनेलाल पटेल के जयंती समारोह में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रही थीं। पार्टी में बगावती सुर उठाने वालों को करारा जवाब देते हुए अनुप्रिया ने कार्यकर्ताओं को ऐसे लोगों से सावधान रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वाभिमान की रक्षा उनके लिए सर्वोपरि है और इसी वजह से डॉ. सोनेलाल की जयंती को आज 'जन स्वाभिमान दिवस' के तौर पर मनाई जा रही है।

जातिगत जनगणना की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि अपना दल स्थापना के समय से ही जातिगत जनगणना का समर्थन किया था। केंद्र सरकार ने इस दिशा में कदम उठाकर बाबा साहब डॉ. भीमराव



आंबेडकर के आर्थिक और सामाजिक लोकतंत्र के सपने को साकार किया है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना समाज को तोड़ने वाला नहीं, बल्कि जोड़ने वाला कदम है। इस अवसर पर प्यारे लाल पटेल (राष्ट्रीय सचिव-किसान मंच), रमेश पटेल (प्रदेश महासचिव) व जगन्नाथ पटेल (राष्ट्रीय सचिव) को डॉ. सोनेलाल पटेल सम्मान दिया गया। राष्ट्रीय सचिव माता बदल तिवारी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बलरामपुर बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष व समाजवादी पार्टी जिला उपाध्यक्ष ने अपने तमाम साथियों के साथ अपना दल (एस) की सदस्यता ली।

### अपना दल को खत्म करने की हो रही साजिश: आशीष पटेल

आशीष पटेल ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि ताकतवर लोग अपना दल (एस) को खत्म करने की साजिश कर रहे हैं। इसके लिए कुछ लोग 1700 करोड़ रुपये की ताकत लगा रहे हैं। उन्होंने यह भी आशंका व्यक्त किया कि आगे चलकर हो सकता है कि मुझे किसी फर्जी मुकदमे में फंसाया जा सकता है। आशीष ने इशारों में कहा कि सरकार में अन्य सहयोगी दल भी हैं, पर किसी अन्य दल के साथ भेदभाव क्यों नहीं किया जाता। सारा भेदभाव सिर्फ अपना दल के ही क्यों हो रहा है।

### 13 में से 12 विधायक रहे मौजूद

कार्यक्रम में पार्टी के बागी नेताओं द्वारा एक दिन पहले ही किए गए 9 विधायकों के साथ होने के दावे की भी पोल खुली। 13 में से 12 विधायक कार्यक्रम मे मौजूद रहे। सिर्फ शोहरतगढ़ के विधायक विनय वर्मा नदारत रहे। इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं थीं। हालांकि पार्टी सूत्रों का कहना है कि वर्मा को कहीं बाहर जाना था और वे इस बारे में पार्टी नेतृत्व को बता कर गए थे।

## औकात में रहो, मर जाओगे बेकार में... भाजपा विधायक ने भाकियू नेता को दी धमकी



**अलीगढ़, एजेंसी।** लीगढ़ के छर्रा विधायक ठा. रवेंद्रपाल सिंह ने अकराबाद के भाकियू नेता ठाकुर अशोक सिंह को धमकी दी है। विधायक ने कहा कि औकात में रहो, दिमाग खराब मत करो, मर जाओगे बेकार में। भाकियू नेता और छर्रा क्षेत्र के विधायक की बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अलीगढ़ जिले में छठवीं तहसील अकराबाद में बनेगी या छर्रा में, ये तो अभी भविष्य तय करेगा, मगर छर्रा विधानसभा क्षेत्र में सियासत ने जरूर तूल पकड़ लिया है। इस क्रम में विधायक छर्रा का भाकियू नेता को धमकी देने का एक ऑडियो भी सामने आया है।

छर्रा क्षेत्र के भाजपा विधायक ठा. रवेंद्रपाल सिंह ने अकराबाद के भाकियू नेता ठा अशोक सिंह को मोबाइल पर बातचीत में औकात में रहने व मर जाओगे तक की धमकी दे दी। बुधवार सुबह-सुबह हुई बातचीत का यह ऑडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

### ये है विवाद का कारण

शासन से अकराबाद को तहसील बनाने का पुनः प्रस्ताव मांगा है। इसके बाद सक्रिय हुए छर्रा के लोग मंगलवार को विधायक ठा. रवेंद्रपाल सिंह संग डीएम से मिले, जिसमें छर्रा को तहसील बनवाने व प्रस्ताव शासन को पहुंचाने की मांग की। छर्रा के लोगों संग विधायक का जाना अकराबाद की नाराजगी का कारण बन रहा है। इसी के चलते लोग सोशल मीडिया पर तरह-तरह की टिप्पणी कर रहे हैं, जिसमें एक टिप्पणी गांव नानऊ के भाकियू भानु गुट के प्रदेश उपाध्यक्ष ठा. अशोक सिंह ने विधायक को लेकर कर दी। इसमें अपने क्षेत्र के वोटों की याद दिलाते हुए छर्रा के समर्थन पर ऐतराज जताया है। साथ में अकराबाद में तहसील नहीं बनने पर विरोध का एलान किया है।

## सपा सांसद डिंपल यादव गोरखपुर पहुंची

### पार्टी के पूर्व पदाधिकारी के निधन पर जताया शोक

**गोरखपुर, एजेंसी।** मीडिया से बात करते हुए सपा सांसद डिंपल यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने देश में महिलाओं, युवाओं समेत सभी को निराश किया है। लोगों से बीजेपी ने जो भी वादे किए थे उसे पूरा न करके उसने लोगों को निराश किया है। सपा सांसद डिंपल यादव गोरखपुर में गौरव प्रकाश की माता व महिला सभा की पूर्व जिलाध्यक्ष मीना यादव के निधन पर शोक जताने पहुँचीं।

वहीं, सपा नेता आशुतोष गुप्ता के पिता व पूर्व जिला कोषाध्यक्ष सतेन्द्र गुप्ता का भी निधन हुआ था, वो उनके आवास भी पहुंची। डिंपल यादव, सपा सांसद ने शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना जताई। मीडिया से बात करते हुए सपा सांसद डिंपल यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने देश में महिलाओं, युवाओं समेत सभी को निराश किया है। लोगों से बीजेपी ने जो भी वादे किए थे उसे पूरा न करके उसने लोगों को निराश किया है। यही नहीं बीजेपी और उसके कार्यकर्ताओं



के द्वारा विरोधी दल के नेताओं के साथ, ऐसे आचरण पेश किए जा रहे हैं, जिसका लोकतंत्र में कहीं कोई स्थान नहीं है। पिछले दिनों गोरखपुर आया समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल ऐसे ही संविधान विरुद्ध आचरण का शिकार हुआ। जबकि विरोधी दल के नेताओं को भी हक है कि वह किसी भी क्षेत्र में पीड़ित- परेशान नागरिकों का हाल जान सकें।

लेकिन, गोरखपुर में उनके पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, जिसमें विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय और विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव समेत प्रतिनिधि मंडल के लोग व्यापारियों से मुलाकात करने जा रहे थे। उनके साथ हुई घटना सविधान के विरुद्ध है। समाजवादी पार्टी सभी का सम्मान करती है। सबको साथ लेकर चलती है।

सपा जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम के आवास पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात कर एयरपोर्ट के लिए रवाना हुई। इस दौरान प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम, महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी, जिला महासचिव रामनाथ यादव, अवधेश यादव, रजनीश यादव, विजय बहादुर यादव, जफर अमीन डक्कु, मिर्जा कदीर बेग, सुनील सिंह, रवि यादव, मृत्युंजय यादव बिट्टू, आशुतोष गुप्ता, मैना भाई, अरविंद शुक्ला, गौरव प्रकाश, सन्तोष यादव, सच्चिदानंद यादव, राहुल यादव, एहतेशाम खान, जितेंद्र श्रीवास्तव, सन्तोष गौड़, अशोक चौहान, अनुप यादव, आजम लारी, अमित शाही, फिरदौस आलम, राम आशीष यादव, गोली यादव, राजन शाही व इमरान खान आदि मौजूद रहे

### मशहूर शायर नवाज देवबंदी का मोबाइल हैक

**सहारनपुर, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय शायर डॉक्टर नवाज देवबंदी का मोबाइल हैक कर लिया गया है। हैकर उनके व्हाट्सएप से शादी के निमंत्रण की फर्जी पीडीएफ भेज रहा है। इसे क्लिक करते ही



मोबाइल भी हैक हो रहा है। इसको लेकर डॉक्टर नवाज देवबंदी भी चिंतित है। इस संबंध में उनका कहना है कि उन्हें अभी अपने मोबाइल के हैक होने के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिली है। वह बृहस्पतिवार की सुबह कोतवाली में तहरीर देकर साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराएंगे। उन्होंने अपने शुभचिंतकों से अपील की है कि वह उनके व्हाट्सएप का इस्तेमाल न करें उनके मोबाइल पर जो भी लिंक आई है उसे बिल्कुल भी क्लिक न करें।

## रिहायशी इलाके में बिना अग्नि सुरक्षा मानकों के चलते मिले कारखाने

**कानपुर, एजेंसी।** चमनगंज के प्रेमनगर में जूते के कारखाने में लगी आग से पांच लोगों की जलकर मौत के बाद जिम्मेदार अधिकारी दो माह बाद नींद से जाग गए हैं। बुधवार को केडीए के अधिकारियों ने अग्निशमन विभाग के साथ अभियान चलाकर दलेलपुरवा स्थित बेबीज कंपाउंड के रिहायशी इलाके में छापेमारी की।



टीम को रिहायशी इलाके में बिना अग्नि सुरक्षा मानकों के ही कारखाने चलते मिले। शहर की घनी आबादी वाले रिहायशी इलाके चमनगंज, बेकनगंज, दलेलपुरवा, पेंचबाग, कर्नलगंज आदि में बने मकान के साथ धड़ल्ले से कारखाने चल रहे हैं। अग्नि सुरक्षा मानक नहीं हैं। प्रेमनगर में अग्निकांड के बाद अग्निशमन विभाग ने केडीए को पत्र लिखकर संयुक्त रूप से कार्रवाई करने को कहा था।

बुधवार को केडीए के अवर अभियंता कैलाश सिंह ने लाटूश रोड अग्निशमन अधिकारी कैलाश चंद्रा और उनकी टीम के साथ दलेलपुरवा के बेबीज कंपाउंड इलाके में छापेमारी की। टीम को यहां हर मकान के बेसमेंट में कारखाना संचालित मिला। आग से निपटने के कोई संसाधन भी नहीं थे।

टीम ने अजमल शेख, मो शमी, अमीन, कासिफ, मो वसी, शमशाद समेत दर्जन भर मकानों की जांच की। केडीए के अवर अभियंता कैलाश सिंह ने बताया कि ज्यादातर भवनों में मानकों का उल्लंघन कर बेसमेंट बनाया गया है।

## वाराणसी-प्रयागराज हाईवे पर छात्रा का शव रखकर हंगामा, ढाबे पर गला रेतकर की गई थी हत्या



**वाराणसी, एजेंसी।** वाराणसी जिले के मिर्जामुराद क्षेत्र में छात्रा की हत्या को लेकर मेहंदीगंज स्थित नेशनल हाईवे पर परिजनों के साथ सैकड़ों ग्रामीणों ने शव रखकर प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस के खिलाफ नारा लगाते हुए विरोध जताया। लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए चक्का जाम कर दिया। मौके पर पहुंचे एसीपी राजातालाब अजय कुमार श्रीवास्तव ने जाम कर रहे लोगों को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीणमानने को तैयार नहीं थे। मिर्जामुराद क्षेत्र के मेहंदीगंज गांव निवासी एमएससी कर रही छात्रा अलका बिंद (22) का शव बुधवार की सुबह क्षेत्र के रूपापुर नेशनल हाईवे के किनारे एक ढाबा स्थित कमरे में बेड पर मिला था।

उसकी धारदार हथियार से गला काटकर हत्या की गई थी। ढाबा मालिक की सूचना पर डीसीपी गोमती जोन आकाश पटेल सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गए। आशंका जताई जा रही थी कि उक्त छात्रा के साथ कमरे के अंदर जोर जबरदस्ती की गई होगी, छात्रा द्वारा विरोध करने पर बेड पर ही धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई।

घटनास्थल पर डीसीपी गोमती जोन आकाश पटेल, एडीसीपी वैभव बांगर, एसीपी राजातालाब अजय श्रीवास्तव श्रीवास्तव, मिर्जामुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय व दो थाने की फोर्स सहित फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड की टीम मौके पर मौजूद वह जांच पड़ताल में जुटी रही।

## हापुड़ में भीषण सड़क हादसा, गलत दिशा से आ रही कैंटर ने बाइक को रौंदा

**हापुड़ , एजेंसी।** हापुड़ जिले में बुलंदशहर रोड पर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। हादसे में चार बच्चों समेत पांच की मौत हो गई। गलत दिशा में आ रहे कैंटर ने बाइक को रौंद दिया। एक बाइक पर चार बच्चों समेत पांच लोग सवार थे।



**चार बच्चों समेत पांच की मौत**

उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है। गलत दिशा में आ रहे कैंटर ने बाइक को रौंद दिया। हादसे में बाइक सवार चार बच्चों समेत पांच की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, पांच लोगों की मौत से परिवारों में कोहराम मच गया। हापुड़ के हाफिजपुर क्षेत्र में पड़ाव के पास बुधवार रात साढ़े दस बजे हुए भीषण हादसे में चार बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। मृतक एक ही बाइक पर सवार थे। मृतकों में पिता और दो बेटियां भी शामिल हैं। हापुड़ के मोहल्ला रफीकनगर निवासी राजमिस्त्री दानिश (36) अपनी दो बेटियों माहिरा (6), समायरा (5) के अलावा भाई सरताज के बेटे समर (8) और दोस्त रफीकनगर निवासी वकील के बेटे माहिम (8) को लेकर गुलावठी के गांव मिठ्ठेपुर गए थे।

वहां पांचों ने बाग में स्थित स्विमिंगपूल में स्नान किया। इसके बाद रात साढ़े दस बजे के करीब बाइक में चारों बच्चों को बैठाकर दानिश वापस गांव आ रहे थे। हाफिजपुर क्षेत्र में पड़ाव के पास एक रांग साइड से आए कैंटर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक पर सवार चार बच्चों समेत पांचों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लिया। ट्रक का चालक मौके से भाग गया। दुर्घटना की खबर मिलते ही पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

टक्कर मारने वाले कैंटर को जब्त कर

### डबल मर्डर

## बच्चों के सामने अभद्रता करता था आरोपी... महिला आयोग में शिकायत से था नाराज

**लखनऊ, एजेंसी।** आलमबाग के गढ़ी कनौरा में एक युवक ने अपने सास-ससुर को चाकू से गोदकर मार डाला। पत्नी ने उसके बारे में कई खुलासे किए हैं। हत्याकांड से सनसनी फैल गई। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आलमबाग के गढ़ी कनौरा में बुधवार देर रात हुए डबल मर्डर से राजधानी लखनऊ थर्रा उठी। दामाद ने अपने सास-ससुर को चाकू से गोदकर मार डाला। आरोपी जगदीप सिंह की पत्नी पूनम ने बताया कि पति से शादी के बाद से ही विवाद चल रहा था। बुधवार को आरोपी ससुराल आया था। पत्नी से बात करने की कोशिश की पर आरोपी की हरकतों से परेशान होकर पूनम ने उससे बात करने से मना कर दिया। दोनों की झड़प होने लगी और जगदीप ने पूनम की पिटाई कर दी। इस दौरान ससुर अनंत राम और सास आशा देवी ने उसे रोकने का प्रयास किया तो वो आपे से बाहर हो गया और चाकू से बुजुर्ग दंपती पर ताबड़तोड़ वार कर दिए।

शोर सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे। लोगों ने हिम्मत जुटाकर आरोपी को दबोच लिया। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस गंभीर रूप से



घायल दंपती को अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौके से चाकू बरामद कर लिया है।

पूनम ने महिला आयोग में की थी शिकायत

पूनम ने बताया कि शादी के बाद कुछ साल तक सब ठीक था। इधर कुछ महीने से जगदीप उन्हें प्रताड़ित करने लगा था। अक्सर शराब पीकर आता और मारपीट करता। बच्चों के सामने भी अभद्रता करने लगा था। परेशान होकर पूनम ने जगदीप के खिलाफ महिला आयोग में शिकायत की थी। इसी बात से वह नाराज था।

अनंत राम के दो बेटे रोहन और सूरज, दो बेटियां कंचन और पूनम हैं। पूनम को घरवाले सोनी कहकर बुलाते हैं। रोहन का मीरजापुर में इलाज चल रहा है, जबकि सूरज जम्मू में हैं। घटना के समय रोहन की पत्नी अपने मायके में थीं। घटना की सूचना पर देर रात वो घर पहुंचीं।

आरपीएफ से सेवानिवृत्त थे अनंत राम, शिक्षिका हैं पूनमः स्थानीय लोगों के मुताबिक अनंत राम रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) से सेवानिवृत्त थे। पूनम प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका हैं।

### दहशत में मासूम नहीं थम रहे आसू

वारदात के दौरान पूनम का छोटा बेटा सनवीर (3) घर पर मौजूद था। वारदात के बाद मासूम सहमा नजर आया। वह लगातार रोए जा रहा था। वह बार-बार नाना-नानी को याद करता रहा। पूनम का दूसरा बेटा गुरुदित्त उनकी बड़ी बहन कंचन के पास जम्मू में है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस बल तैनात है।

## रिमझिम से मिली राहत, 6 जुलाई तक तेज बारिश; मौसम विभाग ने की आने वाले दिनों के लिए भविष्यवाणी

**आगरा, एजेंसी।** रिमझिम बारिश ने गर्मी से राहत दी है, तो वहीं अब 6 जुलाई तक तेज बारिश के आसार हैं। मानसून की दस्तक के बाद से अब तक आगरा में सामान्य से तीन गुना बारिश हो चुकी है। जुलाई के दूसरे दिन भी आगरा पर मानसून के बादल मेहरबान रहे। बुधवार को दोपहर में दो बार हुई बारिश ने लोगों को उमस से राहत दी। दिन में 6 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि रात में 19 मिमी बारिश हुई थी। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को हल्की, लेकिन शुक्रवार से तेज बारिश के आसार 6 जुलाई तक जताए हैं। बुधवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य रहा। न्यूनतम तापमान 26.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से एक डिग्री ज्यादा है।

# 456 निजी आईटीआई संस्थानों के कई पाठ्यक्रम होंगे बंद, इलेक्ट्रीशियन, फिटर आदि में नहीं हो रहे प्रवेश

**लखनऊ, एजेंसी।** प्रदेश के जिलों में संचालित निजी आईटीआई की स्थिति अच्छी नहीं है। यहां बच्चों के लिए मूलभूत सुविधाएं तक नहीं हैं। 456 निजी आईटीआई में बीते तीन वर्षों में कुछ पाठ्यक्रमों में एक भी दाखिला नहीं हुआ है। उत्तर प्रदेश के निजी प्रौद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में चल रहे इलेक्ट्रीशियन, फिटर व वेल्डर जैसे प्रमुख पाठ्यक्रमों में भी विद्यार्थी दाखिला नहीं लेना चाहते हैं।

प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) की जांच में खुलासा हुआ है कि प्रदेश में 456 निजी आईटीआई में बीते तीन वर्षों में कुछ पाठ्यक्रमों में एक भी दाखिला नहीं हुआ है। ऐसे में अब इन संस्थानों में संचालित कोर्स की मान्यता खत्म करने के साथ इस सत्र में इन कोर्सेस में प्रवेश पर रोक लगेगी। लखनऊ मंडल सहित वाराणसी, आजमगढ़, आगरा, कानपुर, गाजियाबाद व अन्य जिलों में संचालित निजी आईटीआई की स्थिति बेहद खराब है। यहां बच्चों के लिए मूलभूत सुविधाएं तक नहीं हैं। प्रशिक्षण लेने वाले विद्यार्थियों के लिए बेहतर वर्कशॉप नहीं है। यही वजह है कि यहां लंबे समय से प्रवेश की स्थिति में सुधार नहीं हो पा रहा है।



### इन पाठ्यक्रमों में नहीं हुए प्रवेश

निजी आईटीआई में संचालित इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फीटर, वेल्डर, कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा), स्विंग टेक्नोलॉजी, ब्यूटीशियन व अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश नहीं हुए हैं। डीजीटी के अनुसार, इन पाठ्यक्रमों में 30 से 34 सीटों पर प्रवेश की क्षमता थी, लेकिन बीते तीन वर्षों में एक भी प्रवेश नहीं हुआ।

डीजीटी के उप महानिदेशक ईश्वर सिंह के अनुसार, निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2022 से 2024 तक शून्य प्रवेश थे। अधिकारियों के निरीक्षण में परिसर की स्थिति भी सही नहीं पाई गई। निरीक्षण रिपोर्टों के आधार पर सत्र 2025-26 में प्रवेश नहीं होंगे।

### प्रवेश न होने की यह रही वजह

राजकीय आईटीआई की अपेक्षा निजी आईटीआई में प्रवेश फीस अधिक है। पाठ्यक्रम के अनुसार, प्रयोगशाला व प्रशिक्षण कार्य के लिए जरूरी उपकरण नहीं हैं।

जिन आईटीआई में कोर्स बंद हो रहे हैं उनमें ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हैं। संस्थानों की ओर से लंबे प्रयास के बावजूद प्रवेश में स्थिति नहीं सुधरी।

## काशी में गंगा के बढ़ते जलस्तर को लेकर जल पुलिस अलर्ट, लोगों से कर रही खास अपील



**वाराणसी, एजेंसी।** वाराणसी में गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जल पुलिस ने नाविकों व स्नानार्थियों से सतर्कता बरतने के लिए अपील कर रही है।

लोगों से कहा जा रहा है कि स्नान करते समय बच्चों का हाथ पकड़ कर रखें। वहीं नाविकों से नाव पर क्षमता से आधे लोगों को बैठाने के लिए कहा जा रहा है। नाव के अगले हिस्से पर यात्रियों को न बैठाया जाए, इसके लिए निर्देशित किया जा रहा है।

## भजनलाल शर्मा पूर्व सीएम गहलोत और राजे की राह पर, जनता देगी हठधर्मिता का जवाब हनुमान बेनीवाल



**जयपुर।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने बुधवार को शहीद स्मारक पर कहा कि सरकार संवेदनहीन हो गई तभी दो माह से चल रहे धरने को लेकर सरकार के कान तक जूं नहीं रेंगी,सांसद ने कहा भजनलाल शर्मा भी पूर्व सीएम अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे की राह पर चलने लग गए।

**मोटी रकम लेकर सरकार ने दिलवाया हाईकोर्ट में दोहरा जवाब** – सांसद हनुमान बेनीवाल ने कहा कि एसआई भर्ती को लेकर उच्च न्यायालय में दोहरा जवाब दिया गया इसको लेकर बड़ी रकम ली गई लेकिन हम सरकार के जवाब से हार नहीं मानेंगे और मजबूती से मेहनतकश युवाओं के हितों की लड़ाई लड़ेंगे।

**भजनलाल में दम है तो तुच्छ हरकते छोड़कर पेपर माफियाओं के खिलाफ करे कार्यवाही-** सांसद हनुमान बेनीवाल ने नागौर स्थित उनके घर के बाहर स्थापित सांसद कार्यालय में बिजली कनेक्शन काटने से जुड़े मामले में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हमें चुनाव से लड़ने से पहले बिजली,पानी सहित तमाम बकाया चुकाकर एनओसी लेनी पड़ती है और जिस बकाया बिल का कहकर वो कनेक्शन काटने की बात कर रहे है वो कनेक्शन उनके भाई के नाम है जिसमें डिस्कॉम की लापरवाही से गलत बिल आया हुआ था और दो लाख से अधिक राशि मैने जमा करवाकर इस प्रकरण को समझौता समिति में ले रखा था जिसके निस्तारण के बिना वो कनेक्शन काट नहीं सकते थे ऐसे में मुख्यमंत्री ने सीएमडी,अजमेर डिस्कॉम के एमडी तथा जिला कलक्टर को फोन करके कहा कि सांसद का विद्युत कनेक्शन काटकर मुझे फोटो भेजो,सीएम की यह हरकत निम्न स्तर की है , बेनीवाल ने कहा कि वो सांसद है और यह उनका सरकारी कार्यालय भी है क्योंकि उन्होंने सरकारी परिसर नहीं किया ,कायदे से उसका बिल सरकार को भरना चाहिए था मगर 6 वर्षो से वो खुद इसका बिल भर रहे है, उन्होंने कहा कि मैने बजरी माफियाओं के खिलाफ आंदोलन किए ,नागौर के रियां उपखंड में भाजपा के कई नेताओं ने वहां अवैध रूप से बजरी लीज आवंटन करवा ली ऐसे में उन्हें इस बात की तकलीफ है कि हनुमान बेनीवाल भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई क्यों लड़ रहे है ,सांसद ने कहा वो सरकार से डरने वाले नहीं है,प्रदेश के गरीब मजदूर के हितों की मैं मजबूती से लड़ाई लड़ता रहूंगा।

## बस और कार की जोरदार भिडंत में बीजेपी नेता की मौत, कार के उड़े परखच्चे



**झुंझुनूं।** बिसाऊ इलाके के गांव तिलोका का बास के समीप बुधवार को लोक परिवहन की बस और कार की भिडंत में महनसर निवासी भाजपा नेता महिपाल सिंह की मौत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। वहीं बस भी सड़क से नीचे उतर गई।

**ग्रामीण क्षेत्र में थी पहचान**

भाजपा की जिला कार्यकारिणी में रहे मृतक महिपाल सिंह की भाभी विमल कंवर महनसर की सरपंच हैं। महिपाल सिंह की ग्रामीण क्षेत्र में अच्छी पकड़ थी, उनकी मृत्यु की सूचना मिलते ही बड़ी तादाद में महनसर सहित आसपास के गावों और कस्बों से काफी संख्या में लोग जटिया अस्पताल में जुटना शुरू हो गए।

**सड़क का अधूरा काम बढ़ा रहा है परेशानी**

बिसाऊ से झुंझुनूं के बीच चल रहा सड़क निर्माण कार्य वाहन चालकों की परेशानी को बढ़ा रहा है। जगह-जगह ग्रेवल व कंकरीट बिछाने के बाद डामरीकरण नहीं होने से वाहनों का नुकसान हो रहा है। वहीं इस रास्ते पर 7 जून को बिरमी पावर हाउस के पास बाइक सवार युवक की मौत हुई थी। जिसके बाद पुलिस ने विभागीय अधिकारियों व ठेकेदार को सड़क का काम जल्द पूरा करने और आवश्यकतानुसार जगह जगह संकेतिक बोर्ड लगाने की हिदायत दी थी। इसी प्रकार तिलोका का बास बस स्टैंड के पास 22 जून की रात भी सड़क दुर्घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण में देरी पर नाराजगी जताई थी।

**बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

दुर्घटना को लेकर महनसर निवासी संजय जाट ने थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। संजय जाट ने बस चालक के खिलाफ लापरवाही और तेज रफ्तार से चलने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं पोस्टमार्टम के बाद मृतक महिपाल सिंह का शव उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## प्रेमी संग मिलकर पत्नी ने कराई पति की हत्या चार गिरफ्तार, प्रेम प्रसंग, अवैध संबंध और आए दिन का झगड़ा बना हत्या का सबब

**राजसमन्द।** कांकरोली क्षेत्र में गत 24 जून को भीलवाड़ा-राजसमंद फोरलेन पर हुए शेर सिंह हत्याकांड में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस जांच में शेरसिंह की हत्या की मास्टर माइंड उसकी पत्नी प्रमोद कुंवर ही निकली है। उसने प्रेमी रामसिंह के साथ मिलकर हत्या की सुपारी दी। पुलिस ने मृतक की पत्नी प्रमोद कुंवर समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि खाखरमाला निवासी शेरसिंह (35) पुत्र जोधसिंह 24 जून को सुबह करीब 10 बजे बाड़मेर जाने के लिए घर से निकला लेकिन फोरलेन पर कार में सवार होकर आए बदमाशों ने धारदार हथियारों से हमलाकर हत्या कर दी। जांच में पता चला कि मृतक की पत्नी गोदेला निवासी प्रमोद कुंवर और आरोपी राम सिंह के बीच स्कूल के दिनों से प्रेम संबंध थे। इस दौरान प्रमोद को उसकी मां देसूरी स्थित अपने पीहर ले गई और फिर मौसी के माध्यम से उसे खाखरमाला निवासी शेर सिंह की बहन के यहां खिंवाजी-सुमेरपुर, पाली भेज दिया गया।

# राज्य सरकार की जनकल्याणकारी मुहिम को नई गति, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे विभिन्न जिलों में संबल पखवाड़े का निरीक्षण



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार समाज में अंतिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से राहत देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी लक्ष्य पर आगे बढ़ते हुए प्रदेशभर में 24 जून से दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से आमजन के विभिन्न प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण हो रहा है। मुख्यमंत्री स्वयं भी विभिन्न जिलों का दौरा कर प्रदेशभर में इस पखवाड़े के अन्तर्गत आयोजित हो रहे शिविरों का अवलोकन कर रहे हैं।

इसी कड़ी में मुख्यमंत्री 3 जुलाई को सवाईमाधोपुर में बालेर (खण्डार) के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अन्तर्गत आयोजित शिविर का अवलोकन करेंगे। शर्मा 4 जुलाई को खैरथल-तिजारा तथा बानसूर (कोटपुतली-बहरोड़) एवं 5 जुलाई को शेरगढ़ (जोधपुर) में शिविर का अवलोकन करेंगे। इसी तरह, शर्मा 7 जुलाई को दीगोद (सांगोद) तथा 8 जुलाई को श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर) एवं सादुलपुर (चूरू) में भी दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े का अवलोकन करेंगे। इस दौरान शर्मा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी करेंगे। उल्लेखनीय है कि पं. दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित 'अंत्योदय' की अवधारणा को धरातल पर मूर्त रूप देने के लिए राज्य सरकार द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा का 24 जून से 9 जुलाई तक आयोजन किया जा रहा है। इस पखवाड़े के अन्तर्गत आयोजित शिविरों में आमजन के राजस्व, पेयजल, स्वास्थ्य, पेंशन सहित विभिन्न कार्यों को त्वरित गति से निष्पादित किया जा रहा है, जिससे वंचित और गरीब वर्ग को राहत मिली है।

# जयपुर में रेस्टोरेंट मालिक का अपहरण : फर्जी NIA अफसर बनाकर की 3 करोड़ की फिरौती की मांग

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी और पर्यटकों के बीच मशहूर पिंक सिटी, उस वक्त हैरान रह गई जब शहर के एक प्रतिष्ठित रेस्टोरेंट मालिक और उसके दोस्त को दिनदहाड़े अगवा कर लिया गया। अपहरणकर्ता खुद को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (हृद्ब) का अधिकारी बताकर पेश कर रहे थे और उनके पास फर्जी आईडी कार्ड तथा दस्तावेज भी मौजूद थे। उन्होंने न केवल दोनों को बंधक बनाया बल्कि तीन करोड़ रुपये की फिरौती भी मांगी। इस दिल दहला देने वाले अपराध का अंत हुआ एक फिल्मी अंदाज़ में–खेतों के बीच भागकर पीड़ितों ने अपनी जान बचाई, और पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई में पांचों आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए। इस वारदात की शुरुआत 28 जून की शाम से हुई, जब सांगानेर निवासी प्रभुमल चौधरी उर्फ पीएन डूडी, जो कि मालवीय नगर के गौरव टावर स्थित अपने रेस्टोरेंट %हब फोर्टी% में बैठे थे, उन्हें उनके जानकार मुकेश रणवा का वॉट्सऐप कॉल आया। मुकेश ने प्रभुमल को पास के एक शोरूम में मिलने के लिए बुलाया। जब प्रभुमल वहां पहुंचे, तो मुकेश और चार अन्य लोगों ने उन्हें घेर लिया, मारपीट की और जबरन कार में बैठा लिया। यह सब कुछ अचानक हुआ और प्रभुमल को समझ नहीं आया कि माजरा क्या है। बदमाशों ने उनसे उनके दोस्त सुशील के बारे में जानकारी मांगी। जबरदस्ती प्रभुमल से सुशील को कॉल करवाया गया। सुशील उस समय एक फाइव स्टार होटल में थे। वहां पहुंच कर किडनैपर्स ने उसे भी कार में डाल लिया और दोनों को जयपुर से बाहर ले जाने लगे। कार अजमेर रोड की ओर दौड़ रही थी। रास्ते में बदमाशों ने दोनों को पीटा, मोबाइल और अन्य सामान छीन लिया, मुंह पर काला कपड़ा बांधा और हाथ रस्सियों से कस दिए। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान उन्होंने खुद को हृद्ब अधिकारी बताया। उन्होंने आईडी कार्ड दिखाए, जो पहली नजर में असली लगते थे। इतना ही नहीं, उन्होंने कथित तौर पर एनआईए की फाइलें भी दिखाई, जिनमें उनके नाम जितेन्द्र सिंह, विधादत्त, अनिल, आमदेव और मनोज कुमार दर्ज थे।

करीब तीन घंटे तक दोनों को अजमेर-भीलवाड़ा हाईवे पर इधर-उधर घुमाया गया। एक सुनसान जगह पर ले जाकर उनसे कुछ फॉर्म भरवाए गए और कई ब्लैंक पेपरों पर साइन भी करवाए गए। यह सब उन्हें मानसिक रूप से डराने और किसी फर्जी दस्तावेज़ के ज़रिए ब्लैकमेल करने की साजिश का हिस्सा था। इसके बाद अपराधियों ने दोनों को धमकाते हुए कहा कि अगर वे बचना चाहते हैं तो तीन करोड़ रुपये की फिरौती देनी होगी। घबराए हुए प्रभुमल और सुशील ने जवाब दिया कि वे पचास लाख रुपये तक का इंतज़ाम कर सकते हैं। पैसे की बात सुनकर किडनैपर्स थोड़ा नरम पड़े और मोबाइल मंगवाकर परिजनों से बात करने को कहा। वे उन्हें भीलवाड़ा हाईवे के पास एक होटल में ले गए, जहां मोबाइल ऑन करते ही लगातार कॉल्स आने लगे।

उसी समय परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। लेकिन इससे पहले कि कोई पुलिस पहुंच पाता, प्रभुमल और सुशील ने मौका देखकर भागने की योजना बना ली।

# आमजन को भूखंड उपलब्ध कराने के लिए जेडीए जल्द नई योजनाएं करेगा लॉन्च

**जयपुर।** जेडीए आयुक्त आनंदी ने कहा कि आमजन के आवास का सपना पूरा करने के लिए जेडीए जल्द नई आवासीय योजनाएं लाएगा। इसमें जेडीए के विस्तार के बाद नई आवासीय योजनाओं पर वर्क आउट करेगा। जेडीए के नागरिक सेवा केन्द्र में आयुक्त आनंदी ने तीन आवासीय योजनाओं गंगा विहार, यमुना विहार एवं सरस्वती विहार के 765 भूखंडों की लॉटरी निकालने के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि यूडीएच मंत्री ने विधानसभा में सात नई आवासीय योजनाएं लॉन्च करने का आश्वासन दिया था कि जेडीए इसी वर्ष में 7 आवासीय योजनाएं विकसित करेगा और लॉटरी से भूखंडों का आवंटन करेगा। अभी जेडीए दो बार मे तीन-तीन आवासीय योजनाएं लॉन्च कर चुका है जिसमें आज तीन आवासीय योजनाओं की लॉटरी निकाली गई है। उन्होंने कहा कि शेष एक योजना भी शीघ्र लॉन्च की जाएगी और अभी जेडीए रीजन का विस्तार होना है, इसके बाद नई योजनाएं विस्तार किए गए रीजन में लाई जाएंगी।

जेडीसी ने कहा कि जेडीए का प्रयास रहा है कि काफी वर्षों बाद पुनः योजनाएं लॉन्च कर लॉटरी से भूखण्डों का आवंटन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लॉटरी के सफल आवंटियों की ओर से प्रस्तुत दस्तावेजो की जांच जोन स्तर पर करा कर नागरिक सेवा केन्द्र में सरस्वती विहार योजना जोन 12 का कैम्प 15 व 16 जुलाई को, गंगा विहार योजना जोन 13 का कैम्प 17 व 18 जुलाई और यमुना विहार योजना जोन 14 का कैम्प 21 व 22 जुलाई को आयोजित कर आवंटन सह मांग पत्र जारी किए जाएंगे।

## कोटा में दिनदहाड़े 90 लाख की लूट : स्कूटर से जेवर ले जा रहे कर्मचारी को गिराया, चाकू दिखाकर लूटा

**कोटा।** शहर के सबसे व्यस्त इलाके में बुधवार शाम एक दुस्साहसिक वारदात ने पुलिस-प्रशासन और आमजन को झकझोर कर रख दिया। सब्जी मंडी क्षेत्र की सायमन प्लाजा रोड पर पांच बदमाशों ने मिलकर एक ज्वेलर्स के कर्मचारी से 90 लाख रुपए के सोने के जेवरात लूट लिए। बदमाश न सिर्फ पूरी तैयारी से आए थे, बल्कि उन्होंने पीड़ित की रेकी कर वारदात को अंजाम दिया। घटना शाम करीब 6 बजे की है। कमल ज्वेलर्स के कर्मचारी महेंद्र, जो नांता निवासी हैं, स्कूटर की डिक्की में सोने के जेवर रखकर स्वर्ण रजत मार्केट में देने जा रहे थे। जैसे ही वह मोहन टॉकीज के पास पहुंचे, दो बाइक पर सवार पांच युवकों ने उन्हें घेर लिया। एक बाइक ने स्कूटर को पीछे से टक्कर मारी जिससे महेंद्र नीचे गिर पड़े। इसके बाद बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। गाली-गलौच के बाद मारपीट शुरू कर दी गई और एक बदमाश ने चाकू निकाल लिया। चाकू देखकर घबराए महेंद्र गश खाकर वहीं गिर गए।

इस बीच एक बदमाश स्कूटर लेकर भाग निकला और बाकी चार साथी अलग दिशा में बाइकों पर फरार हो गए। घटना इतनी तेजी से हुई कि आस-पास के दुकानदार कुछ समझ पाते, तब तक बदमाश आंखों से ओझल हो चुके थे।

कुछ दुकानदारों ने उन्हें रोकने की कोशिश भी की लेकिन सफलता नहीं मिली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बदमाश पहले से पूरी तैयारी के साथ आए थे और एक मिनट से भी कम समय में पूरी वारदात को अंजाम देकर निकल गए।

महेंद्र ने पुलिस को बताया कि डिक्की में करीब 900 ग्राम सोने के जेवर थे जिनकी कीमत करीब 90 लाख रुपए बताई जा रही है। सूचना मिलते ही कैथूनीपोल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने इलाके की नाकाबंदी की और सभी सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू किए। कुछ घंटों बाद पीड़ित का स्कूटर जीपीएस लोकेशन के आधार पर बोरखेड़ा इलाके से लावारिस हालत में बरामद कर लिया गया। हालांकि डिक्की खाली थी और जेवरात गायब थे। इससे साफ है कि बदमाश स्कूटर सिर्फ वारदात के लिए इस्तेमाल कर रहे थे, असल निशाना जेवर ही था।

कमल ज्वेलर्स के मालिक कुलदीप सोनी ने बताया कि महेंद्र पिछले दस वर्षों से उनके यहां कार्यरत हैं और प्रतिदिन इसी तरह जेवर लेकर आते-जाते थे।

# कीचड़ व गंदगी की मारामारी, सरे बाजार बीच बिक रही तरकारी



**कोटा।** शहर के बीच स्थित थोक फलसब्जी मंडी में बारिश के मौसम में इन दिनों कीचड़ और गंदगी की भरमार हो रही है। इससे विक्रेताओं और ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गंदगी के बीच ही फल और सब्जियों की खरीद फरोख्त का कारोबार किया जा रहा है। बारिश के कारण मंडी परिसर में पानी भर जाता है। जिसमें मच्छर और मक्खियां भिनभिनाती रहती है। ऐसे में थोक मंडी में खरीदी गई सब्जियों के साथ बीमारियां भी घर तक प्रवेश कर सकती है। मंडी में करीब 8 से 10 हजार बड़े, छोटे व्यापारी, सब्जी विक्रेताओं और ग्राहकों की रोजाना आवाजाही होती है। मंडी में तड़के चार बजे ही कारोबार शुरू हो जाता है। रात को बारिश के बाद मंडी में कीचड़ और गंदगी की समस्या व्याप्त हो जाती है। जिससे कई बार कीचड़ के बीच फलों और सब्जियों की बिक्री का कारोबार करना पड़ता है।

**थोड़ी सी बरसात में भर जाता है पानी**

थोक मंडी के फल और सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि मंडी परिसर में थोड़ी सी बरसात में ही पानी भर जाता है। ऐसे में व्यापारियों को कीचड़ में ही कारोबार करना पड़ता है। कई बार तो कीचड़ और गंदगी के कारण सब्जी विक्रेता और ग्राहक फिसल भी जाते हैं। एक बार बरसात होने के बाद कीचड़ की समस्या काफी समय तक बनी रहती है। हालांकि मंडी की सफाई के लिए प्रशासन ने कर्मचारी लगा रखे हैं, लेकिन वह सही तरीके से मंडी परिसर की सफाई नहीं करते हैं। जिससे कीचड़ की समस्या बरकरार रह जाती है। इस दौरान कई बार परिसर में खराब सब्जियों और फलों को फेंक दिया जाता है। जिससे मंडी परिसर में दुर्गंध तक आती रहती है। यहां पर सफाई व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग होनी चाहिए ताकि व्यापारियों और ग्राहकों को बारिश के मौसम में कीचड़ की समस्या से निजात मिल सके।

**मंडी के अंदर बाहर ट्रैफिक जाम**

थोक मंडी में आने के लिए कुल तीन गेट हैं। जिनमें से मंडी में प्रवेश के लिए अधिकतर वाहन गेट नंबर एक से ही आते जाते हैं। इस वजह से यहां सुबह छह बजे से दस बजे तक जाम के हालात बने रहते हैं। वहीं मंडी के अंदर भी बेतरतीब वाहन खड़े रहने व बाहर से आने वाली गाड़ियों के कारण जाम के हालात बने रहते हैं। कई बार तो लोगों को निकलने तक की जगह नहीं मिल पाती है। पैदल सब्जी खरीदने आए लोग वाहनों के बीच फंस तक जाते हैं। बारिश के दिनों में तो समस्या और बढ़ जाती है। एक तरफ तो कीचड़ में ग्राहकों को फिसलने का खतरा बना रहता है वहीं दूसरी तरफ वाहनों के जाम के कारण आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। सुबह के समय जाम की समस्या के समाधान के लिए मंडी कर्मचारियों की तैनाती करना अनिवार्य है। इन दिनों बरसात का मौसम होने के कारण सुबह के समय मंडी परिसर में कीचड़ व गंदगी की भरमार हो जाती है। इस दौरान फल और सब्जी की खरीदारी करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। बरसाती मौसम में तो मंडी में लगातार सफाई करवाने की जरूरत है।

–सुमन देवी, ग्राहक

# टेंडर का फेर, काम शुरु होने में हो रही देर

**कोटा।** शम्भूपुरा में बनने वाले ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का निर्माण कार्य जुलाई में शुरु होना प्रस्तावित था। लेकिन अभी तक तो इसकी टेंडर प्रक्रिया ही पूरी नहीं हुई है। टेंडर के फेर में निर्माण कार्य शुरु होने में भी देरी हो रही है। करीब 1507 करोड़ की लागत से बनने वाले एयरपोर्ट के फेज एक में रनवे निर्माण का टेंडर तो 6 फरवरी को ही जारी हो गया था। 467.67 करोड़ की लागत से होने वाले रनवे निर्माण के लिए निर्धारित अवधि तक ऑनलाइन टेंडर में 32 बड़ी कम्पनियों ने भाग लिया है। करीब एक महीना पहले 30 मई को रनवे साइट के टेंडर की तकनीकी बिड़ खोली जा चुकी है। लेकिन इतनी अधिक कम्पनियों के आने से एयरपोर्ट अथोरिटी ऑफ इंडिया के दिल्ली स्थित मुख्यालय में उन कम्पनियों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। दस्तावेजों की जांच और संवेदक कम्पनियों द्वारा टेंडर से संबंधित जानकारियों को अपलोड करने में ही इतना अधिक समय लग रहा है कि इसकी प्रक्रिया पूरी होने के बाद वित्तीय बिड़ खुलेगी। उसमें भी समय लगेगा। उसके बाद उसमें वित्तीय स्वीकृति ली जाएगी। जिसमें भी समय लगेगा। ऐसे में जुलाई में एयरपोर्ट का निर्माण कार्य शुरु हो पाना मुश्किल है।



**440.646 हैक्टेयर में होगा निर्माण**

ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट से संबंधित अधिकतर औपचारिकताएं पूरी कर ली गई है। जमीन के डायवर्जन से लेकर राशि जमा करवाने तक का काम किया जा चुका है। 440.646 हैक्टेयर में एयरपोर्ट का निर्माण किया जाना है। इसमें रनवे(हवाई पट्टी) 32 सौ मीटर लम्बी व 45 मीटर चौड़ी होगी। एयरपोर्ट पर एक साथ 7 बड़े विमानों की पार्किंग की जा सकेगी।

# बसों का ठहराव नहीं होने से आमजन परेशान

**मोईकलां।** मेगा हाइवे के पास मोईकलां में तत्कालीन कांग्रेस सरकार के समय विधायक कोष से बनवाए गए यात्री प्रतीक्षालय का लाभ पूरी तरह से जनता को नहीं मिल पा रहा है। प्रतीक्षालय के सामने रोडवेज बसों का ठहराव नहीं होने के कारण यात्री प्रतीक्षालय सूना पड़ा रहता है। जानकारी के अनुसार कस्बे वासियों की मांग पर मेगा हाइवे के पास लोगो की सुविधा के लिए यात्री प्रतीक्षालय बनवाया गया था। यहां यात्रियों के बैठने के लिए कोई भी सार्वजनिक स्थान नही होने के कारण विशेष तौर पर महिला यात्रियों को काफी परेशान होना पड़ता था। प्रतीक्षालय बनकर तैयार होने के बाद से यहां पर शायद ही कभी रोडवेज बसों का ठहराव हुआ हो। ऐसा भी नहीं है कि यात्री प्रतीक्षालय पर यात्री बसों का इंतजार नहीं करते हों। लेकिन यात्रियों को बैठा देखकर भी रोडवेज चालक बसों का ठहराव नहीं करते। ऐसे में ना चाहते हुए भी महिला यात्रियों सहित अन्य को यहा-वहा बैठने पर मजबूर होना पड़ता है।

**लिखित शिकायत के बावजूद नहीं हुई कार्यवाही**

पूर्व सरपंच इन्द्रा शर्मा व गिरिजा शर्मा ने बताया कि अगर रोडवेज चालक यात्री प्रतीक्षालय के सामने नियमित बसों का ठहराव करे तो सर्दी, गर्मी व बारिश के समय यह जनता के लिए काफी आरामदायक व सुविधाजनक साबित हो सकता है। कस्बे के लोगों ने बताया कि पूर्व में भी बारां आगार प्रबंधक को बसों के ठहराव को लेकर लिखित रूप से शिकायत की गई थी। जिसके बाद भी आमजन की इस समस्या को गंभीरता से नहीं लिया गया।

**इनका कहना है**

आज ही समस्या की जानकारी मिली है। यात्री प्रतीक्षालय के सामने बसों के ठहराव को लेकर रूट के सभी चालकों को पाबंद किया जाएगा।

-योगेन्द्र सिंह, प्रबंधक, बारां आगार



# ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद स्कूलों में फिर लौटी रौनक, नए सत्र की शुरुआत

**जयपुर।** लगभग 45 दिन के ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद 1 जुलाई से प्रदेश भर के विद्यालयों में एक बार फिर रौनक लौट आई। विद्यार्थियों के स्वागत के साथ ही शैक्षणिक सत्र 2025-26 की विधिवत शुरुआत हो गई है। शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने इस संबंध में आदेश जारी कर विद्यालयों को समयबद्ध संचालन और शिक्षा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए।

जाट ने स्पष्ट किया है कि 1 जुलाई से शिक्षण कार्य और विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। इसके साथ ही सभी शिक्षकों को विद्यालय समय पर पहुंचने, परिसर की सफाई सुनिश्चित करने और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण देने के निर्देश दिए गए थे। विद्यालयों के स्टाफ ने भी



विद्यालय की साफ-सफाई, कक्षाओं की सजावट और पाठ्यक्रम की तैयारी पहले ही कर ली थी।

**स्कूल वाहन और समय सारिणी का भी विशेष ध्यान**

शिक्षकों द्वारा विद्यालय परिवहन व्यवस्था को लेकर भी सक्रियता दिखाई गई। स्कूल वाहनों के चालकों को समय पर निर्धारित स्टैंड पर पहुंचने के निर्देश दिए गए, ताकि विद्यार्थियों के आवागमन में कोई परेशानी न हो। इसके अलावा स्कूलों की समय सारिणी भी तय कर दी गई है।

ग्रीष्मकालीन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए स्कूलों का समय निर्धारित किया गया है। एक पारी वाले स्कूल सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक संचालित होंगे, जबकि दो पारी वाले विद्यालय सुबह 7:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक खुलेंगे। यह समय शीतकालीन सत्र शुरू होने तक यानी 1 अक्टूबर तक लागू रहेगा।

विद्यालयों में बच्चों की चहलकदमी और शिक्षकों की सक्रियता ने स्कूल परिसर को पुनः जीवंत कर दिया है। बच्चों में भी नए सत्र को लेकर उत्साह और उमंग देखने को मिली।

# मुख्यमंत्री ने धर्मपुर में आपदा प्रभावित परिवारों से मुलाकात की, पूर्ण सहायता का दिया आश्वासन



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को जिला मंडी के धर्मपुर में लौंगणी पंचायत के आपदा प्रभावित स्याठी गांव का दौरा किया। उन्होंने बादल फटने से प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका दुख साझा किया और जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा की। बादल फटने की घटना से 61 लोग प्रभावित हुए हैं तथा घरों, गौशालाओं और पशुओं को काफी नुकसान पहुंचा है। जिला प्रशासन मंडी ने प्रभावितों को 1.70 लाख रुपये की वित्तीय सहायता, राशन आपूर्ति, तिरपाल और अन्य राहत सामग्री सहित तत्काल सहायता प्रदान की है।

प्रभावित परिवारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दुख की इस घड़ी में प्रदेश सरकार उनके साथ खड़ी है तथा आपदा के इस मुश्किल दौर में व्यक्तिगत रूप से आपका दुख साझा करने आया हूं। उन्होंने प्रशासन को प्रभावितों को हर संभव व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त घरों के पुनर्निर्माण के लिए विशेष राहत पैकेज तथा गाय, बकरी, भेड़ सहित पशुधन के नुकसान के साथ-साथ नष्ट हुए गौशालाओं के लिए भी बढ़ा हुआ मुआवजा प्रदान किया जाएगा। प्रभावित परिवारों ने आपबीती सुनाते हुए कहा कि इस आपदा में पूरा गांव बह गया तथा अब उनके पास तंबू लगाने के लिए भी जमीन नहीं बची है। कई लोगों ने मुश्किल से अपनी जान बचाई है। प्रभावितों द्वारा जमीन उपलब्ध करवाने की मांग पर मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि यदि क्षेत्र में सरकारी भूमि उपलब्ध होगी तो उन्हें आवंटित की जाएगी। वन भूमि क्षेत्र में यदि जमीन है तो यह मामला केंद्र सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने मंडी-कोटली सड़क को हुए नुकसान का भी निरीक्षण किया। बाद में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडी जिला में मूसलाधार बारिश के कारण भारी तबाही हुई है। स्याठी गांव में भूस्खलन से 20 घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं तथा 61 लोगों को समय रहते सुरक्षित राहत शिविरों में आश्रय दिया गया है। उन्होंने चट्टानी सतह के खिसकने के कारणों का पता लगाने तथा अध्ययन किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में बादल फटने की आठ से दस घटनाएं घटित हुई हैं। जलवायु परिवर्तन भी इसका एक कारण हो सकता है। केंद्र और राज्य सरकारों को सामूहिक रूप से ऐसी घटनाओं के कारणों का अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंडी जिला के थुनाग, जंजैहली और बगस्याड़ क्षेत्रों में भी भारी नुकसान हुआ है। प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक सेवाओं को बहाली के लिए कर्मचारी समर्पित भाव से काम में जुटे हुए हैं। कर्मचारियों की तत्परता से बगस्याड़ में सड़क को बहाल कर दिया गया है। मंडी जिला में अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 34 अन्य लापता हैं। गोहर उपमंडल में पांच, थुनाग में तीन और जोगिंद्रनगर व करसोग में एक-एक व्यक्ति की मृत्यु की पुष्टि हुई है तथा प्रशासन द्वारा मृतकों की पहचान की जा रही है। धर्मपुर के विधायक चंद्र शेखर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने संवेदनशील नेतृत्व का परिचय देते हुए 24 घंटे के भीतर आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर पीड़ितों के दर्द को साझा किया है। इस अवसर पर कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, कांग्रेस नेता पवन ठाकुर, उपायुक्त अपूर्व देवगन, पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने हमीरपुर बस अड्डे का औचक निरीक्षण किया



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज हमीरपुर में निर्माणाधीन बस अड्डे का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर मीडिया कर्मियों के साथ बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बस अड्डे का कार्य अगले वर्ष तक पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि धन की कमी के कारण गत 20 वर्षों से इस बस अड्डे का निर्माण कार्य लंबित था। प्रदेश के मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस बस अड्डे का निर्माण कार्य तीव्र गति से करने के निर्देश दिए। उन्होंने यात्रियों की सुविधा के लिए इस बस अड्डे के धरातल तल को पार्किंग सुविधा के रूप में निर्मित करने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय हमीरपुर को शीघ्र ही लोगों को समर्पित किया जाएगा जिससे क्षेत्र के लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि इस चिकित्सा महाविद्यालय के लिए फर्नीचर की खरीद के आदेश दिए गए हैं। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा क्षेत्र में नवाचार सुधार कर रही है, जिसके परिणामस्वरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल 21वें स्थान से पांचवे स्थान पर पहुंच गया है। राज्य के सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई शुरू की गई है और दो शिक्षा निदेशालयों को समायोजित कर एक डायरेक्टरेट ऑफ स्कूल एजुकेशन बनाया गया है। विद्यालयों के क्लस्टर बनाने के साथ-साथ वैश्विक शिक्षा पद्धतियों से विद्यार्थियों और शिक्षकों को अवगत करवाने के लिए शैक्षणिक भ्रमण की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन के आवेदन के लिए सिंगल विंडो प्लेटफॉर्म आरम्भ

**शिमला।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि प्रदेश में विभिन्न श्रेणियों में लगभग 8.31 लाख लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की आवेदन से स्वीकृति तक की प्रक्रिया का डिजिटाईजेशन कर सम्पूर्ण प्रक्रिया के संचालन का आधुनिकीकरण करने हेतु एक नया ऑनलाइन डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किया गया है ताकि आवेदकों को सभी योजनाओं का लाभ एक ही सिंगल विंडो प्लेटफॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा 15 जून, 2025 से सभी कल्याण योजनाओं के आवेदन ऑनलाइन माध्यम से आरंभ किए गए हैं। इस सन्दर्भ में सभी आवेदन ऑनलाइन माध्यम https://himparivar.hp.gov.in/ekalyan से व नजदीकी लोकमित्र केंद्र से कर सकते हैं ताकि आवेदकों को दस्तावेजों की औपचारिकताओं हेतु कार्यालय आवागमन, अनावश्यक समय एवं खर्च की बचत सुनिश्चित की जा सके। इस प्रक्रिया के तहत आवेदकों को किसी भी प्रकार की असुविधा होने की स्थिति में वह अपने जिला के जिला कल्याण अधिकारी व सम्बंधित तहसील कल्याण अधिकारी के कार्यालय से ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु मार्गदर्शन व सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

## राजेश धर्माणी 03 जुलाई को सोलन के प्रवास पर

**सोलन।** नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा तथा व्यवसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी 03 जुलाई, 2025 को सोलन ज़िला के प्रवास पर आ रहे हैं। राजेश धर्माणी 03 जुलाई, 2025 को दिन में 12.00 बजे सोलन के वाकनाघाट स्थित बाहरा विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम 'सितारे हिमाचल के सम्मान-2025' में मुख्यातिथि होंगे।

## मुख्यमंत्री ने पाछू पुल के निकट हुई क्षति का निरीक्षण किया



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज जिला मंडी के धर्मपुर क्षेत्र में पाछू पुल के निकट हुए नुकसान का निरीक्षण किया। हाल ही में इस क्षेत्र में पानी का जमाव होने से एक झील बन गई, जिससे उसका निचला मंदिर और शमशान घाट को नुकसान पहुंचा है। इस अवसर पर स्थानीय विधायक चन्द्रशेखर ने मुख्यमंत्री को स्थिति से अवगत कराया।

## मानसून के दृष्टिगत सभी उपमण्डलों में आपातकालीन परिचालन केंद्र सक्रिय : उपायुक्त

**सोलन ।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि वर्षा और सम्भावित आपदाओं के दृष्टिगत ज़िला सोलन के सभी उपमण्डलों में आपातकालीन परिचालन केन्द्र की स्थापना की गई है।मनमोहन शर्मा ने कहा कि तहसील एवं उप तहसील स्तर विशेषकर उपमण्डल मुख्यालय से दूर क्षेत्र में भी नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित राहत एवं सहायता पहुंचाई जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी आपातकालीन स्थिति के दृष्टिगत आमजन ज़िला स्तर पर कार्यालय नम्बर 01792-220049, 01792-220048, 01792-220882, मोबाईल नम्बर 94594-57292, ज़िला आपदा प्रबंधन के प्रभारी प्रदीप ठाकुर के मोबाईल नम्बर 94183-02496 तथा टोल फ्री नम्बर 1077 पर सम्पर्क कर सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में सोलन उपमण्डल में उपमण्डल स्तर पर कार्यालय नम्बर 01792-223707 तथा मोबाईल नम्बर 94595-11429, कण्डाघाट उपमण्डल वाले कार्यालय नम्बर 01792-256100, 01792-256143 तथा मोबाईल नम्बर 98172-05556, अर्की उपमण्डल वाले कार्यालय नम्बर 01796-220666 तथा मोबाईल नम्बर 98165-85672 व कसौली उपमण्डल वाले कार्यालय नम्बर 01792-294121 तथा मोबाईल नम्बर 94180-26075 पर सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में नालागढ़ उपमण्डल वाले कार्यालय नम्बर 01795-223024 तथा मोबाईल नम्बर 97368-00011, बद्दी उपमण्डल वाले कार्यालय नम्बर 01795-298500 तथा मोबाईल नम्बर 94180-01228 पर सम्पर्क कर सकते है।

# जन-जन का जीवन सरल बनाना ही प्रदेश सरकार का उद्देश्य : संजय अवस्थी



**सोलन।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए गांव-गांव पहुंच रही है। उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि जन-जन का जीवन सरल बनाना ही प्रदेश सरकार का उद्देश्य है। संजय अवस्थी आज सोलन ज़िला के अर्की में लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के ऊर्जावान नेतृत्व में समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं कार्यान्वित की जा रही है। किसानों की आर्थिकी को सुदृढ़ बनाने के लिए गेहूं, मक्की तथा हल्दी का समर्थन मूल्य तय किया गया है जिससे सभी किसान लाभान्वित हो सकें। संजय अवस्थी ने लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, विद्युत बोर्ड और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के समय सभी गांव की सभी सड़कों को सुचारू रखा जाए ताकि किसी समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को बरसात के दृष्टिगत स्थान न छोड़ने के निर्देश भी दिए। विधायक ने कहा कि भारी वर्षा से होने वाली क्षति की दैनिक सूचना एकत्र व प्रेषित करने के लिए उपमंडलाधिकारी कार्यालय अर्की में उपमण्डल स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन नम्बर 01796-220666 पर सम्पर्क किया जा सकता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि विधानसभा क्षेत्र अर्की के किसी भी स्थान पर बरसात से यदि कोई नुकसान होता है तो हेल्पलाइन नंबर पर इसकी सूचना दें।

विधायक ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को इनके शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सतीश कश्यप, बाघल लैंड लूजर सोसायटी के अध्यक्ष जगदीश ठाकुर, युवा कांग्रेस अर्की के अध्यक्ष सतीश कुमार विक्की, कांग्रेस पार्टी के प्यारेलाल, कमलेश शर्मा, धनीराम ठाकुर, उपमण्डलीय पुलिस अधिकारी दाड़लाघाट संदीप शर्मा, तहसीलदार अर्की विपिन वर्मा, खण्ड विकास अधिकारी कुनिहार तन्मय कंवर, खंड चिकित्सा अधिकारी अर्की डॉ. मुक्ता रस्तोगी, जल शक्ति विभाग के अधीशाषी अभियंता विवेक कटोच, प्रदेश विद्युत बोर्ड के अधीशाषी अभियंता संदीप कुमार, लोक निर्माण विभाग के अधीशाषी अभियंता राजेश शर्मा, वन मण्डलाधिकारी कुनिहार राजकुमार, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

## वन क्षेत्र क्षेत्र के लिए खुला क्षेत्र, क्षेत्र अध्यक्ष ने हरी कॉलोनी में टैप किया



**धर्मशाला ।** विधानसभा अध्यक्ष श्री अब्दुल्ला सिंह तलानिया ने आज तपोवन स्थित हिमाचल प्रदेश क्षेत्र को फिल्म के लिए अभिनय रूप से दिखाने की घोषणा की। धौलाधार की गोद में स्थित इस रमाना क्षेत्र के जिला प्रशासन द्वारा आम जन के भ्रमण के लिए एक उत्सव का आयोजन किया गया इस अवसर पर श्री पाटणिया ने कहा कि तपोवन केवल प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण नहीं है, बल्कि चिन्मयानंद स्वामी के तपोस्थल के निकट होने के कारण यह स्थान आध्यात्मिक महत्व का भी है। उन्होंने कहा कि परिसर में स्थित विधान भवन एक आधुनिक स्थापत्य का उत्कृष्ट उदाहरण है और यहां धौलाधार एवं मैक्लोडगंज का अद्भुत दृश्य भी देखा जा सकता है। अब किराये पर लिया गया शुल्क परिसर में प्रवेश कर शुल्क, विधान भवन और दर्शकों के लिए दीर्घा का आगमन कर शुल्क। इससे प्राप्त अलॉटमेंट संस्था के अकाउंट में उपयोग की जाएगी। साथ ही, क्षेत्र के लिए भूतल मोबाइल फ़ार्म वैन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। कार्यक्रम में विधानसभा सचिव श्री यशपाल शर्मा, जिला प्रशासन के अधिकारी, धर्मशाला होटलियर एसोसिएशन, नगर निगम निगम और अन्य आवास शामिल रहे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने ÷हिम ईरा÷ के औषधीय शास्त्र की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया था, जो संकुल वैज्ञानिक संघ द्वारा विकसित किया गया था।



## हिमाचल पहाड़ों का प्रदेश नहीं, बल्कि संभावनाओं और समाधान का केंद्र बन रहा: राज्यपाल

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश को सदैव ''ऑल सीज़न-ऑल रीज़न'' की भूमि कहा गया है। यहाँ की प्राकृतिक विविधता, कृषि आधारित अर्थव्यवस्था, वैज्ञानिक सोच, तकनीकी नवाचार और परिश्रमी जनशक्ति, देश के सशक्त निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दे रही हैं।

**राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने ये बात आज** - धर्मशाला में आत्मनिर्भर भारत प्रदर्शनी के उदघाटन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आज का यह आयोजन ÷आत्मनिर्भर भारत÷ की उस सोच को साकार करता है, जिसकी कल्पना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सक्षम, स्वावलंबी और समृद्ध भारत के रूप में की है। राज्यपाल ने कहा, %मैं सभी संगठनों से अपील करता हूं कि वे 'आत्मनिर्भर भारत' की संकल्पना को पूरा करने में आगे आएं और प्रधानमंत्री के इस दिशा में किए जा रहे नवोन्मेषी प्रयासों में सहयोग करें ताकि भारत विकास के पथ पर और तेजी से अग्रसर हो सके।%उन्होंने कहा कि आयोजन में कृषि, बागवानी, एम.एस.एम.ई., खाद्य प्रसंस्करण, स्वास्थ्य, अनुसंधान, रक्षा प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी, कौशल विकास, ग्रामीण नवाचार व स्टार्टअप्स से संबंधित प्रदर्शनी और सत्र यह दर्शाते हैं कि हिमाचल अब केवल पहाड़ों का प्रदेश नहीं, बल्कि संभावनाओं और समाधान का केंद्र बन रहा है।

शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि इस आयोजन की सार्थकता तब और बढ़ जाती है जब हम केवल आर्थिक या तकनीकी दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि सामाजिक दृष्टिकोण से भी विकास की बात करते हैं। और यही कारण है कि मैं यहां राज्यपाल के रूप में चलाए जा रहे 'नशामुक्त हिमाचल अभियान' का विशेष उल्लेख करना चाहता हूँ। उन्होंने कहा कि हम सब जानते हैं कि नशा न केवल व्यक्ति के भविष्य को अंधकारमय करता है, बल्कि समाज की ऊर्जा और उत्पादकता को भी क्षीण करता है। मेरा यह मानना है कि आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मानसिक, शारीरिक और सामाजिक स्वच्छता में भी निहित है। उन्होंने कहा कि डेस्टिनेशन हिमाचल तभी पूर्ण होगा जब हम एक स्वस्थ, सशक्त और नशामुक्त हिमाचल की नींव रखेंगे। यह अभियान आज जन-जन का अभियान बन चुका है। स्कूलों, पंचायतों, एनजीओ, युवाओं, स्थानीय संगठनों और स्वयंसेवकों ने इसे जनांदोलन बना दिया है। यह जागरूकता हिमाचल को एक सुरक्षित निवेश गंतव्य, स्वस्थ कार्यबल और युवा नेतृत्व देने में सहायक सिद्ध हो रही है।

राज्यपाल ने कहा कि आयोजन में उपस्थित सभी उद्यमियों, योजनाकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से आह्वान है कि वे 'नशामुक्ति' को भी विकास की मुख्यधारा में लाएं। यह सामाजिक निवेश आर्थिक एवं मानवीय लाभ देगा। राज्यपाल ने कहा कि यह मंच हिमाचल की उभरती ताकत और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुँचाने का कार्य करेगा।

इस अवसर पर लोक सभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक विपिन परमार, विधायक सुधीर शर्मा, रणवीर सिंह व पवन काजल, भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर, केंद्रीय विश्वविद्यालय के उप कुलपति एसपी बंसल, पूर्व विधायक विशाल नेहरिया, डीसी हेम राज बैरवा व एसपी शालिनी अग्निहोत्रि भी मौजूद रहे।

## यूआईडीएआई क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ द्वारा आधार ऑपरेटरों एवं पर्यवेक्षकों के लिए मेगा प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



**धर्मशाला ।** यूनीक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (द्धष्ठद्ध) क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ द्वारा डिजिटल टेक्नोलॉजीज एवं गवर्नेंस विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार के सहयोग से एक दिवसीय मेगा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला में किया गया। इस कार्यशाला में प्रदेश भर से 100 से अधिक आधार ऑपरेटरों एवं पर्यवेक्षकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिरिक्त उपायुक्त कांगड़ा विनय कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर निदेशक यूआईडीएआई क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ जगदीश कुमार ,संयुक्त निदेशक डिजिटल टेक्नोलॉजीज एवं गवर्नेंस विभाग अनिल सैमवाल, उपनिदेशक तेजिंदर पाल सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर विजय शंकर एवं सहायक प्रबंधक दीपक कुमार उपस्थित रहे। अतिरिक्त उपायुक्त ने अपने संबोधन में बताया कि आधार आज नागरिकों के जीवन का एक अहम हिस्सा बन चुका है और यह राज्य में सेवा वितरण को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने आधार ऑपरेटरों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना करते हुए उन्हें आधार प्रणाली की रीढ़ बताया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ई×यू (एनरोलमेंट व अपडेट) प्रक्रिया पर रिफ्रेशर ट्रेनिंग,एडवांस टूल्स (यूनिवर्सल क्लाइंट) का परिचय एवं डेटा सुरक्षा और अनुपालना पर जानकारी दी गई तथा प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन गया।

यूआईडीएआई चंडीगढ़ द्वारा यह पहल क्षेत्रीय कर्मचारियों को सशक्त बनाने और नागरिकों को बेहतर एवं सुविधाजनक सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक अहम कदम है। कार्यशाला के अंत में निदेशक यूआईडीएआई चंडीगढ़ जगदीश कुमार ने प्रतिभागियों के सवालों का उत्तर दिया और उन्हें समर्पण के साथ कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक डिजिटल टेक्नोलॉजीज एवं गवर्नेंस विभाग अनिल सैमवाल, उपनिदेशक तेजिंदर पाल सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर विजय शंकर एवं सहायक प्रबंधक दीपक कुमार उपस्थित रहे।

## डॉ. शांडिल 03 व 04 जुलाई को सोलन की यात्रा पर

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 03 व 04 जुलाई, 2025 को सोलन जिले की यात्रा पर जायेंगे। स्वास्थ्य मंत्री 03 जुलाई, 2025 प्रातः 11.30 बजे सोलन स्थित क्षेत्रीय अस्पताल में रोगी कल्याण समिति की बैठक का उद्घाटन करेंगे। डॉ. शांडिल 04 जुलाई, 2025 को सुबह 11.30 बजे उपमंडल अधिकारी कार्यालय कंडाघाट में रोगी कल्याण समिति अस्पताल चायल, अखिल स्वास्थ्य केंद्र सायरी एवं शिशु अस्पताल कंडाघाट के सम्मिलन में बैठक आयोजित की जाएगी।

## विदेशी रोजगार को लेकर चेतावनी - फ़र्ज़ी ऑफिस से सावधान रहें

**धर्मशाला ।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी, फार्महाउस ने जिले के सभी बेरोजगारों को सूचित किया है कि कुछ निजी कर्मचारियों में नौकरी दिलवाने के नाम पर बिना किसी विशेष योग्यता के साक्षात्कार आयोजित किया जा रहा है और बेरोजगारों से भारी शुल्क वसूला जा रहा है। इस तरह के औद्योगिक फर्जीवाड़े हो सकते हैं, जिनमें मिस्त्री को लक्षणों में गंभीर विसंगतियों का सामना करना पड़ सकता है।

उन्होंने बताया कि बेरोजगारों के माध्यम से विदेशी की वैध व्यवस्था उपलब्ध है, जिसका अर्थ है लाभ स्टॉक स्टॉक सुरक्षित और विश्वसनीय तरीकों से दस्तावेजों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या या धोखाधड़ी के लिए संबंधित फर्म के साझेदारों में शामिल होंगे। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध कंपनी द्वारा आवासीय पुलिस स्टेशन या रोजगार कार्यालय को सूचित करने के लिए साक्षात्कार आयोजित किया जाए, ताकि समय पर नियुक्ति की जा सके। इस प्रेस दस्तावेज़ के माध्यम से सभी सहयोगियों को भी चेतावनी दी गई है कि वे श्रम, रोजगार एवं विदेशी सामान विभाग से पूर्व में प्राप्त करने के बाद ही दस्तावेज़ में रोजगार नियोजन साक्षात्कार आयोजित करें।

उनके खिलाफ बिना किसी कार्यवाही के उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, शिकायत स्वयं कंपनी की होगी।

# उप मुख्यमंत्री एवं वनमंत्री ने ईरकभट्टी के जन चौपाल में हुए शामिल

**नारायणपुर (निप्र)।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं गृह, जेल, पंचायत, ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विजय शर्मा एवं संसदीय कार्य, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने ईरकभट्टी के जनचौपाल में शामिल होकर ग्रामीणों से राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली।

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने बस्तर संभाग के विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत सरपंच सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों में प्रमुखता से आदिवासियों की बहुलता बताई। उन्होंने नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजना जैसे सड़क, पुल पुलिया, स्कूल भवन, आंगनबाड़ी, मोबाईल टावर, बिजली, पेयजल, राशन कार्ड, आधार कार्ड, प्रधानमंत्री आवास निर्माण आदि की जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप किये जा रहे कार्यों का जानकारी लेते हुए कहा कि किसी के झांसे में नहीं आना है और सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों को पूर्ण करने में सहयोग करने की बात कही।

उन्होंने ग्राम ईरकभट्टी की जनसंख्या एवं गांव में निवास करने वाले परिवारों की जानकारी ली। उन्होंने गांव के सभी माताओं को महतारी वंदन योजना से लाभान्वित करने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया। गांव की माताओं के द्वारा महतारी वंदन की राशि निकालने हेतु जिला मुख्यालय नारायणपुर जाना पड़ता है इसके लिए, गांव में ही सीएससी सेंटर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व में ईरकभट्टी पुलिस कैम्प स्थापित होने पर ग्रामीणों के द्वारा विरोध किया जा रहा था, आज कि स्थिति में पुलिस कैम्प के माध्यम से गांव के बीमार व्यक्तियों को निःशुल्क ईलाज किया जा रहा है।

इससे ग्रामीणों में मानसिक रूप से परिवर्तन देखने को मिल रहा है। निश्चित ही नियद नेल्लानार योजनांतर्गत क्षेत्र के सभी ग्रामों को ईरकभट्टी के जैसे विकास किया जाएगा। जनचौपाल में समूह की महिलाओं के द्वारा उप मुख्यमंत्री शर्मा से राईस मिल खोलने की मांग किया गया। शर्मा ने महिलाओं को आश्वस्त करते हुए कर घर में हांथ से कूटकर बनाई गई चांवल को पैकेजिंग कर उचित दामों में बेचने के लिए व्यवस्था करने की बात कही। उन्होंने ग्रामों में स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास को बनाने के साथ साथ शौचालय भी बनाने के लिए अपील किया।



क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति के विद्यार्थियों के लिए रायपुर, जगदलपुर और दुर्ग में पढ़ाई करने के लिए रहने के लिए व्यवस्था करने की मांग किया गया। वन मंत्री केदार कश्यप ने जनचौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे पहले क्षेत्र में सड़क निर्माण होने से क्षेत्र के विकास में सहयोग मिलेगा, जिससे राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांवों तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी, जिससे क्षेत्र का विकास और तेजी से होगा। उन्होंने तालाब निर्माण, प्रधानमंत्री आवास, प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए उपस्थित ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत कच्चापाल को जिले के मॉडल ग्राम पंचायत के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे प्रभावित होकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के द्वारा अपने अपने ग्राम पंचायतों को राज्य सरकार की योजनाओं को पंचायतों में प्राथमिकता के साथ निवासियों को लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने कहा कि हमारे संस्कृति को बचाने के लिए परंपरा, रहन सहन, खान पान को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। ग्राम पंचायत कच्चापाल के युवाओं को राजधानी रायपुर भ्रमण कराने का आश्वासन दिया। वन मंत्री कश्यप ने ग्रामीणों की मांग पर ईरकभट्टी में देवगुड़ी निर्माण और घोटुल में बाउंड्रीवाल निर्माण करने के लिए वनमण्डलाधिकारी को निर्देशित किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम, उपाध्यक्ष प्रताप सिंह मण्डावी, अध्यक्ष जनपद पंचायत ओरछा नरेश कोर्राम, उपाध्यक्ष मगंड़ूराम नूरेटी, ग्राम पंचायत की सरपंच रजमा नुरेटी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह, कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, आईजी बस्तर सुन्दरराज पी., कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं, पुलिस अधीक्षक रॉबिनसन गुरिया, जिला पंचायत सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो, वनमण्डलाधिकारी ससिगानंदन के, सहायक आयुक्त राजेन्द्र सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# डीएपी के विकल्प के रूप में सिंगल सुपर फास्फेट एवं एनपीके उर्वरक बेहतर

**कोरबा (निप्र)।** वर्षा प्रारंभ होते ही जिले में कृषि कार्य जोरो पर है। मौसम की अनुकूल परिस्थिति को देखते हुए इस वर्ष अच्छी फसल होने की संभावना है। जिले में किसानों को सहकारी समितियो के माध्यम से शून्य प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण, बीज एवं उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है।

उप संचालक कृषि से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के डॅबल लॉक एवं सहकारी समितियों में यूरिया 846, डी.ए.पी. 318, एम.ओ.पी. 64, एस.एस.पी. 449 एवं एन.पी.के. 73 मेट्रिक टन की उपलब्धता है। इसी प्रकार जिले की समितियों मे अब तक कुल 9602 मेट्रिक टन उर्वरक भंडारण कराया जाकर अद्यतन 8183 मेट्रिक टन उर्वरकों का वितरण कृषकों को किया जा चुका है। कृषकों के द्वारा डी.ए.पी के उपयोग को अधिक प्राथमिकता दिया जाता है जबकि इस वर्ष में डी.ए.पी. के सीमित आवक के कारण डी.ए.पी. के स्थान पर अन्य वैकल्पिक उर्वरक यथा सिंगल सुपर फास्फेट, एनपीके 20:20:0:13, 12:32:16, लिक्विड एन.पी.के., नैनो डी.ए.पी. का पर्याप्त भंडारण जिले में किया जा रहा है। डी.ए.पी. के विकल्प के रूप में इन उर्वरकों का उपयोग कर कृषक अधिक उपज प्राप्त कर सकते है। एनपीके 20:20:0:13 अमोनियम फास्फेट सल्फेट उर्वरक में नाइट्रोजन 20 प्रतिशत, फास्फोरस 20 प्रतिशत एवं सल्फर 13 प्रतिशत उपलब्ध होता है। उर्वरक में सल्फर की उपलब्धता होने के कारण फसलों में क्लोरोफिल एवं प्रोटीन का निर्माण में महत्व पूर्ण भूमिका निभाती है तथा फसलों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है। संतुलित पोषक तत्वों की पूर्ति से फसल उत्पादन में वृद्धि होती है। सिंगल सुपर फॉस्फेट में स्फूर की मात्रा 16 प्रतिशत के साथ-साथ सल्फर 11 प्रतिशत एवं कैल्सियम 21 प्रतिशत होने के कारण मृदा अम्लीयता को सुधार कर फसलों के जड़ का विकास कर पोषक तत्वों के उपलब्धता को बढ़ाती है। धान के पकने की अवधि के आधार पर कृषि वैज्ञानिकों द्वारा डी.ए.पी. उर्वरक के स्थान पर अन्य उर्वरकों के साथ संतुलित मात्रा तैयार किया गया है। जिसके उपयोग से फसलों की उत्पादन में वृद्धि की जा सकती है। शासन के दिशा निर्देशानुसार उर्वरक विक्रय हेतु पी.ओ.एस. मशीन की अनिवार्यता एवं निर्धारित दर पर उर्वरकों का विक्रय सुनिश्चित करने हेतु संबंधितो को निर्देशित किया गया है। कृषकों से अपील की गई है कि नत्रजन एवं स्फूर उर्वरकों के साथ-साथ म्यूरेट ऑफ पोटाश का उपयोग अवश्य करें, जिससे फसलों में कीड़े बिमारी की समस्या अपेक्षाकृत कम आती है। साथ ही जिंक ईडीटीए एवं बोरॉन का छिड़काव निर्धारित अनुपात में अवश्य करें

# कलेक्टर ने एतमानगर के निर्माणाधीन जल शोधन संयंत्र का किया औचक निरीक्षण

**कोरबा (निप्र)।** कलेक्टर अजीत वसंत ने आज पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के एतमानगर में निर्माणाधीन जल शोधन संयंत्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना की वर्तमान प्रगति, निर्माण की समय-सीमा, कार्य में आ रही बाधा एवं समाधान संबंधी उपायों की विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर क्षितिज गुरभेले, एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा टी आर भारद्वाज, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन विभाग के अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



कलेक्टर ने मल्टीविलेज स्कीम परियोजना अंतर्गत निर्माण किए जा रहे 285 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले इस संयंत्र का निर्माण कार्य पूर्ण होने की अनुमानित समय सीमा की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हो एवं निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने निर्माण कार्य मे आने वाली तकनीकी या अन्य समस्या के सम्बंध में अविलम्ब जानकारी देने की बात कही। जिससे समय रहते समस्या का निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि यह परियोजना जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ी पहल है, जिससे जनस्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार आएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय और समयबद्ध प्रयासों से यह कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए।

गौरतलब है की एतमानगर समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन इस संयंत्र की जल शुद्धिकरण क्षमता 285 लाख लीटर प्रतिदिन है। लगभग 385 करोड़ की लागत से तैयार की जा रही इस परियोजना के माध्यम से 03 विकासखंडों के 245 गांवों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। योजना के तहत बागों बांध से जल लाकर शोधन केंद्र में शुद्ध कर 742 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन के जरिये 3 विकासखंडों के 245 गांवों में पेयजल आपूर्ति की जाएगी। योजना के अंतर्गत 8 एमबीआर जल टंकियों का निर्माण किया जा रहा है, जिससे 72,619 घरों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

# शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए आवेदन 17 तक

**गरियाबंद (निप्र)।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश प्रावधान अनुसार राजिम अनुविभाग अंतर्गत ग्राम पंचायत सेम्हरतरा, सरकड़ा में 1-1 अतिरिक्त राशन दुकान तथा कुम्ही, रजकट्टी, मुड़तराई एवं नगरीय निकाय फिंगेश्वर आईडी क्रमांक 511014005 में नवीन शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालन हेतु निर्धारित प्रारुप में 17 जुलाई 2025 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है।

शासकीय उचित मूल्य दुकान आबंटन आवेदन हेतु आवेदन पत्र पूर्ण भरा होना चाहिए एवं आवेदन पत्र में उल्लेखित समस्त दस्तावेजों की सत्य प्रतिलिपि आवेदन पत्र के साथ संलग्न होना चाहिए। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में भरा हुआ 17 जुलाई 2025 तक समय सायं 05.30 बजे तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजिम में स्वीकार किये जायेंगे। शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालन हेतु स्थानीय नगरीय निकाय, महिला स्व सहायता समूह, वन सुरक्षा समितियों, अन्य सहकारी समितियों एवं राज्य सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम से ही उक्त क्षेत्र में राशन दुकान के संचालन करने हेतु निर्धारित प्रारुप में आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। आवेदन हेतु आवेदक संस्था का पंजीयन विज्ञापन तिथि से 03 माह अथवा उसके पूर्व का होना चाहिए। उक्त संस्था निरंतर कार्यरत हो एवं सामाजिक आर्थिक क्षेत्र में कार्य का अनुभव हो।

# अब पर्यावरण बना ऊर्जा का साथी, न बिजली जाती है, न जेब पर भार पड़ता है

**कोरबा (निप्र)।** ऊर्जा क्रांति की दिशा में लिए गए दूरदर्शी निर्णय आज आमजन के जीवन में राहत, सुकून और स्थायित्व का नया उजास भर रहे हैं। भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की ऐसी जनकल्याणकारी और महत्वाकांक्षी योजनाएं अब केवल विकास की कहानियाँ नहीं, बल्कि आम परिवारों के चेहरों पर मुस्कान लाने वाली वास्तविकताएं बन चुकी हैं। ये योजनाएं न केवल आर्थिक रूप से लाभकारी हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी ठोस कदम साबित हो रही हैं। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ने देशभर में लाखों परिवारों को राहत दी बल्कि परिवारों को खुशियां दी जिसमें बिजली के साथ बचत भी है, और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए बचत बड़ी बात है। यह योजना केवल पर्यावरणीय संरक्षण और स्थायी ऊर्जा के भी उपयोग की ओर एक सशक्त कदम भी है।



कोरबा जिले के डीडीएम रोड निवासी आयुष अग्रवाल की कहानी इस योजना के जीवंत उदाहरण है। कभी बिजली का बिल आयुष अग्रवाल के लिए एक चिंता का विषय था। डीडीएम रोड पर स्थित उनके घर में भारी बिजली की खपत है वो बताते है उनका संयुक्त परिवार है जिसमें सब एक साथ रहते है और सभी प्रकार के घरेलू उपकरणों का उपयोग किया जाता है जिससे बिल ज्यादा आता था। घर की मासिक बजट व्यवस्था प्रभावित होती थी। आयुष बताते हैं, ÷पंखा, कूलर, फ्रिज और ए.सी जैसे जरूरी उपकरण के उपयोग से बिजली की खपत ज्यादा होती थी। उनके यहां आम दिनों में भी 7 सौ यूनिट की खपत रहती ही है, गर्मियों में ये 12 सौ से 13 सौ तक हो जाती है।

प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के बारे में उन्हें उनके अपने जीजा जी से जानकारी मिलने के बाद आयुष ने योजना का लाभ लेने का निर्णय लिया। उन्होंने अपने ताऊ जी के नाम से आवेदन कर 10 किलोवाट का पैनल लगवाया, योजना के तहत उन्हें सौर ऊर्जा पैनल लगवाने के लिए सब्सिडी प्रदान की गई। आवश्यक प्रक्रिया जिला प्रशासन कोरबा और ऊर्जा विभाग की सहायता से सुचारू रूप से पूर्ण की गई और उनके घर की छत पर सोलर पैनल स्थापित कर दिए गए। सरकार की ओर से मिलने वाली सब्सिडी और तकनीकी मार्गदर्शन से मुझे पूरा भरोसा मिला। अब आयुष के घर का बिजली बिल लगभग शून्य हो गया है। पहले जहां हर महीने हजारों रुपये खर्च होते थे, अब वही पैसा बचत के रूप में जमा हो रहा है। इससे उन्हें मानसिक और आर्थिक दोनों ही स्तरों पर राहत मिली है। यह योजना न केवल आर्थिक रूप से लाभकारी है, बल्कि इससे पर्यावरण को भी काफी लाभ हुआ है। आयुष कहते हैं, ÷अब मैं गर्व से कह सकता हूं कि मैं प्रदूषण फैलाने वाले साधनों पर निर्भर नहीं हूं। हम पूरी तरह सौर ऊर्जा पर चल रहे हैं, जो स्वच्छ और हरित ऊर्जा का बेहतरीन स्रोत है।÷

प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना ने आयुष जैसे हजारों लोगों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया है। अब वे न केवल अपनी जरूरत की बिजली स्वयं उत्पन्न कर रहे हैं, बल्कि आवश्यकता से अधिक उत्पादन होने पर बिजली को ग्रिड में भेजने की योजना पर भी विचार कर रहे हैं। यह योजना केवल एक योजना नहीं, बल्कि एक नई ऊर्जा क्रांति है जो आर्थिक स्वतंत्रता के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में देश को आगे बढ़ा रही है।

# विद्यार्थियों की बढ़ेगी पहचान, नियमित शिक्षक से पढ़ाई हुई आसान

**कोरबा (निप्र)।** इस गाँव में शिक्षा की मशाल जल चुकी है...स्कूल खोलकर यहाँ के विद्यार्थियों को शिक्षा से न सिर्फ जोड़ा जा चुका है..अब वर्षों से शिक्षकविहीन इस विद्यालय में नियमित शिक्षक की नियुक्ति से विद्यार्थियों के साथ गाँव के लोगों में खुशियों का वातावरण है। शिक्षकविहीन की श्रेणी में आने वाले इस विद्यालय में राज्य शासन के फैसलों के बाद अतिशेष शिक्षको के युक्ति युक्तकरण की अपनाई गई प्रक्रिया ने यहाँ ज्ञान की नई रोशनी और उम्मीदों का दीया जला दिया है।





कोरबा ब्लॉक के सुदूरवर्ती ग्राम सांचरबहार ग्राम पंचायत नकिया का आश्रित ग्राम है। इस विद्यालय में वर्षों से नियमित शिक्षक पदस्थ नहीं था। स्कूल खुलने के साथ ही गाँव के लोगों की आस थी कि उनके बच्चे भी सही ढंग से पढ़ाई कर पाएंगे, दुर्भाग्यवश उनकी आस अधूरी ही थी, क्योंकि नियमित शिक्षक नहीं होने का खामियाजा विद्यार्थियों को भुगतना पड़ता था। गाँव में रहने वाली वृद्धा मैसो बाई खुश है कि स्कूल को नियमित शिक्षक मिल गया है अब उनका नाती-नतिनी ठीक से पढ़ाई कर पाएंगे। उन्होंने बताया कि रिया और आशीष विद्यालय जाते हैं। गाँव की महिला राजकुमारी बाई ने बताया कि उनका बेटा प्रमेन्द्र स्कूल जाता है। पहले आसपास के विद्यालयों से किसी शिक्षक को स्कूल भेजकर काम चलाया जाता था। अब नियमित शिक्षक आ जाने से हम सभी खुश है कि हमारे गाँव के स्कूल और बच्चों की नई पहचान बनेगी और उनकी पढ़ाई भी आसान होगी। युक्ति युक्तकरण से इस विद्यालय में नियुक्त सहायक शिक्षक शेखरजीत टंडन ने बताया कि विद्यालय शहर से बहुत दूर है और अभी नई नियुक्ति के साथ ही लेमरू में ठहरने की व्यवस्था कर वहाँ से नियमित विद्यालय आते हैं। उन्होंने बताया कि बारिश में आवागमन थोड़ा चुनौती है, आने वाले समय में रास्ता पक्का हो जाने के साथ ही समस्या दूर हो जाएगी। उन्होंने बताया कि युक्ति युक्तकरण के काउंसिलिंग प्रक्रिया में उन्होंने इस विद्यालय का चयन किया है। विद्यालय में अभी 11 बच्चे दर्ज है और उन्हें खुशी है कि सुदूरवर्ती गाँव सांचरबहार के विद्यार्थियों का भविष्य गढ़ने का उन्हें अवसर मिला। उन्होंने बताया कि इससे पहले दूरस्थ क्षेत्र श्यांग के स्कूल में भी पदस्थ रहकर अध्यापन कर चुके हैं, अब सांचरबहार के शासकीय प्राथमिक शाला में नियुक्त है।

# सिम्स के डॉक्टर की हुई गिरफ्तारी, रायगढ़ में धोखाधड़ी केस

**बिलासपुर (निप्र)।** सिम्स में पदस्थ डेमोंस्ट्रेटर डॉक्टर संजय बंजारे और उनकी पत्नी पल्लवी मिश्रा बंजारे पर रायगढ़ में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। रायगढ़ पुलिस ने इस मामले में आरोपी डॉक्टर को बिलासपुर से गिरफ्तार कर लिया है। रायगढ़ के कोतवाली थाना क्षेत्र के रेलवे बंगालीपारा निवासी चंदन सिंह ने एफआईआर दर्ज करवाई थी कि साल 2024 में उनकी मुलाकात डॉक्टर संजय बंजारे और उनकी पत्नी से हुई थी। दोनों ने उन्हें रायपुर के धारसींवा स्थित मठपुरैना में खसरा नंबर 202/337, कुल 1250 वर्गफुट की ज़मीन और उस पर बने 850 वर्गफुट के मकान को बेचने की डील की थी। जमीन की कुल कीमत 47 लाख तय हुई थी, जिसमें से चंदन ने 15 लाख 50 हजार रुपये नकद, ऑनलाइन और चेक के जरिए दे दिए।

चंदन को बताया गया था कि 4 महीने के भीतर रजिस्ट्री हो जाएगी, लेकिन काफी वक्त बीत जाने के बाद भी न तो रजिस्ट्री हुई और न ही कोई जवाब मिला। इसी दौरान चंदन को पता चला कि वही जमीन तीन और लोगों को भी बेची जा चुकी है। जब चंदन ने बंजारे दंपति से पैसे वापस मांगे, तो उन्होंने उसे झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। मजबूर होकर चंदन ने रायगढ़ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस को जांच में यह भी पता चला कि 27 अप्रैल 2025 को जब चंदन ने दोबारा पैसे मांगे, तो डॉ. संजय ने उन्हें बिलासपुर के दयालबंद में बुलाकर 15 लाख रुपये का आईसीआईसीआई बैंक का चेक दिया। लेकिन जब चंदन ने यह चेक 3 मई को बैंक में जमा किया, तो वह बाउंस हो गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने डॉ. संजय बंजारे और उनकी पत्नी के खिलाफ बीएनएस की धारा 3(5), 318(4) के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। अब डॉक्टर संजय को गिरफ्तार कर रायगढ़ लाया गया है।

महिला एशियाई कप क्वालीफायर

# भारत ने इराक को 5-0 से हराया

**चियांग माइ, एजेंसी।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन करते हुए इराक पर जीत दर्ज की। बुधवार को चियांग माइ स्टेडियम की 700वीं वर्षगांठ पर भारत ने इराक को 5-0 से हराया।



पहले हाफ में संगीता बासफोर और मनीषा ने भारत की स्थिति मजबूत कर दी। वहीं, दूसरे हाफ में कार्तिका अंगमुथु, फंजौबाम निर्मला देवी और नोंगमाईथेम रतनबाला देवी ने गोल करके टीम को बढ़त दिलाई। भारत ने अब तक तीन मैचों में 22 गोल दागे हैं, जबकि एक भी गोल भारतीय टीम के खिलाफ नहीं हुआ है। भारतीय टीम तीनों मैच जीती है। भारतीय टीम ग्रुप बी में 9 अंक के साथ शीर्ष पर है। वहीं, थाईलैंड दूसरे स्थान पर है। 5 जुलाई को भारत-थाईलैंड के बीच मैच होगा। मंगोलिया (13-0) और तिमोर-लेस्ते (4-0) के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद इराक के खिलाफ पूरे आत्मविश्वास के साथ उतरी भारतीय टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।

टीम ने इराकी डिफेंस को भेदने के लिए शानदार ड्रिब्लिंग का इस्तेमाल किया। वहीं, मिडफील्डर्स ने पासिंग और त्वरित बदलावों के साथ गति को नियंत्रित किया। ब्रेक के समय 2-0 से पीछे चल रहे इराक ने एक बदलाव किया और अलजेबारी की जगह फैजा महमूद को मैदान में उतारा। लेकिन भारत की बढ़त बरकरार रही।

दूसरे हाफ में बमुश्किल तीन मिनट ही हुए थे कि कार्तिका अंगमुथु ने 25 गज की दूरी से एक शानदार शॉट लगाया, जो गोल में बदल गया। भारत की तरफ से चौथा गोल 68वें मिनट में निर्मला देवी ने किया। जबकि, 5वां गोल 80वें मिनट में रतनबाला देवी ने किया।

# रोनाल्डो के साथी खिलाड़ी की मौत, 2 हफ्ते पहले बचपन की प्रेमिका से रचाई थी शादी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लिवरपूल के स्टार डिओगो जोटा की 28 साल की उम्र में गुरुवार (3 जून) को नॉर्थ स्पेन में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। उनकी लेम्बोर्गिनी के सड़क से फिसलने से हादसा हुआ। उन्होंने अपनी बचपन की प्रेमिका से दो हफ्ते पहले ही शादी की थी। कार में पुर्तगाल के फॉरवर्ड के साथी फुटबॉलर और भाई आंद्रे सिल्वा भी थे। 26 वर्षीय आंद्रे की भी दुर्घटना में मौत हो गई। जोटा पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम के लिए भी खेले हैं। वह 2019 और 2025 में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अगुआई में यूईएफए नेशंस लीग जीतने वाली पुर्तगाली टीम का हिस्सा भी रहे। वहीं,सिल्वा निचले डिवीजनों में पुर्तगाली क्लब पेनाफेल के लिए खेले हैं। रिपोर्ट के अनुसार माना जा रहा है कि वलाडोलिड से 70 मील पश्चिम में ए-52 पर ओवरटेक करते समय लेम्बोर्गिनी का टायर फट गया।



विश्व मुक्केबाजी कप

# मीनाक्षी और पूजा रानी ने भारत के लिए पदक सुनिश्चित

**अस्ताना, एजेंसी।** भारतीय मुक्केबाजी दल ने कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में चल रही विश्व मुक्केबाजी कप में दो पदक सुनिश्चित कर दिया हैं। मीनाक्षी (48 किग्रा) और पूजा रानी (80 किग्रा) ने देश के लिए पदक सुनिश्चित किया है।

मीनाक्षी ने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की गुओ यी-जुआन के खिलाफ शानदार और प्रभावशाली जीत दर्ज की। भारतीय मुक्केबाज ने अपने तीखे फुटवर्क, सटीक मुक्के और रिंग में अपनी शानदार जागरूकता दिखाते हुए 5-0 के साथ सर्वसम्मत जीत हासिल की। मुकाबले की गति को नियंत्रित करने तथा दूरी से स्पष्ट रूप से अंक प्राप्त करने की उनकी क्षमता ने निर्णायकों को किसी भी प्रकार के संदेह से मुक्त रखा। उन्होंने सेमीफाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया और इसके साथ ही अपने लिए कम से कम कांस्य पदक सुनिश्चित कर लिया। भारत की सबसे अनुभवी मुक्केबाजों में से एक पूजा रानी ने 80 किग्रा वर्ग में स्थानीय गुलसाया येरजान के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया। क्वार्टर फाइनल जैसे कड़े और अहम मुकाबले में पूजा ने आक्रामकता और नियंत्रण का मिश्रण करते हुए 4-1 के विभाजित निर्णय के जरिए जीत हासिल की। इस मुकाबले में पूजा ने शुरुआती दौर में दबाव झेला, लेकिन बाद के चरणों में निर्णायक पंच जड़े। आखिरी समय में उनके जोरदार पंच ही उनकी जीत का कारण बने। इस जीत के साथ, उन्होंने पोडियम फिनिश हासिल किया और अब वह सेमीफाइनल में पहुंचकर इसे स्वर्ण में बदलने की कोशिश करेंगी।



इससे पहले, अनामिका (51 किग्रा) ने क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं। उन्होंने तुर्की की आयसेन तस्किन को हराया, जिससे इस भार वर्ग में भारतीय की उम्मीदें जीवित हैं।

पुरुषों की ओर से जदुमणि सिंह ने फिलीपींस के जे. ब्रायन बारिकुआत्रो के खिलाफ एक करीबी मुकाबले में बहादुरी से मुकाबला किया। जोशीले प्रयास के बावजूद जदुमणि बहुत कम अंतर से हार गए और कड़े मुकाबले के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गए।



## चहल ने काउंटी चैम्पियनशिप में दिखाया स्पिन का जलवा, आउट होने के बाद बल्लेबाज हुआ हैरान

**नॉर्थम्पटन (एजेंसी)।** युजवेंद्र चहल काउंटी चैंपियनशिप 2025 में अपनी स्पिन का जलाव एक बार फिर बखेर रहे हैं। उन्होंने बल्लेबाज को क्लीन बोल्ड करके केंट को शुरुआती झटका दिया। इस दौरान बल्लेबाज भी आउट से हैरान हो गया कि ऐसा हुआ कैसे। केंट के 29/2 पर लड़खड़ाने के साथ चहल की प्रतिभा पूरी तरह से देखने को मिली क्योंकि उन्होंने एक गेंद को अंदर की ओर घुमाया, उसे खूबसूरती से डिप किया और फिर उसे तेजी से स्पिन करके ऑफ स्टंप पर मारा, एक ऐसी शानदार गेंद जिसने बल्लेबाज को हैरान कर दिया और दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया। लगातार दूसरे सीजन में नॉर्थम्पटनशायर के साथ वापसी करते हुए चहल का प्रभाव तुरंत ही दिखने लगा है। उम्मीद है कि वह सीजन के अंत तक रेड और व्हाइट बॉल दोनों प्रारूपों में नॉर्थेंट्स के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पिछले साल चहल ने डर्बीशायर के खिलाफ अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 9/99 की गेंदबाजी करके सुर्खियां बटोरी थीं और ऐसा लगता है कि वे पहले से ही इस रिकॉर्ड को तोड़ने के इरादे से खेल रहे हैं। पिछले साल चहल ने सिर्फ चार प्रथम श्रेणी मैचों में 21 की औसत से 19 विकेट लिए जिससे वे चैंपियनशिप के सबसे बेहतरीन गेंदबाजों में से एक बन गए। उनके मैच जीतने वाले स्पेल ने नॉर्थम्पटनशायर को सीजन के आखिर में महत्वपूर्ण जीत दिलाने में मदद की और ड्रेसिंग रूम के हर कोने से उनकी प्रशंसा भी हुई।

सुपरयूनाइटेड रैपिड शतरंज

## गुकेश नें प्रज्ञानन्दा को हराया

**जाग्रेब, क्रोसिया (एजेंसी)।** सुपरयूनाइटेड रैपिड के पहले दिन भारत के विश्व चैंपियन गुकेश डी ने लगातार दो जीत दर्ज करते हुए अच्छी शुरुआत की है । गुकेश को पहले राउंड में पोलैंड के यान डूड़ा से हार का सामना करना पड़ा था और ऐसे में एक बार फिर रैपिड में उनके खेल पर सवाल उठ ही रहे थे की उन्होने लगातार दो बाजियों में पहले फ्रांस के अलीरेजा को सफ़ेद मोहरो से और फिर हमवतन प्रज्ञानन्दा को काले मोहरो से पराजित करते हुए शानदार वापसी की । गुकेश नें इन दोनों खेल में समय और आक्रामक शतरंज दोनों का उपयुक्त तालमेल दिखाया और यह जताया की वह इस फॉर्मेट में भी लगातार खुद को बेहतर कर रहे है ।

# गिल-जडेजा की शानदार साझेदारी के चलते भारत सम्मानजनक स्कोर की ओर

### 5 विकेट पर भारत 400 के पार, कप्तान शुभमन गिल का शानदार 157 रन





**बर्मिंघम (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम में खेला जा रहा है। गुरुवार को मैच का दूसरा दिन है और पहला सेशन जारी था।

भारत ने पहली पारी में 5 विकेट पर 400 रन बना लिए हैं। कप्तान शुभमन गिल और रवींद्र जडेजा नाबाद हैं। दोनों 150+ की साझेदारी कर चुके हैं। जडेजा फिफ्टी और गिल सेंचुरी बना चुके हैं।

भारतीय टीम ने 310/5 के स्कोर से खेलना शुरू किया। गिल ने 153 और जडेजा ने 72 रन बना लिए थे। बुधवार को यशस्वी जायसवाल ने 87 रन बनाए थे। क्रिस वोक्स को 2 विकेट मिले थे।

भारतीय टीम ने पहली पारी में 380 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। 95वां ओवर डाल रहे शोएब बशीर की 5वीं बॉल पर गिल ने एक रन लिया और स्कोर 380 रन पहुंचा दिया था।

### जडेजा ने स्टोक्स के ओवर में लगातार दो चौके मारे

रवींद्र जडेजा ने 92वां ओवर डाल रहे बेन स्टोक्स के ओवर में लगातार दो चौके मारे। उन्होंने इंग्लिश कप्तान की पहली बॉल पर कवर में चौका लगाया। फिर दूसरी पर कट करके बैकवर्ड पॉइंट से बाउंड्री निकाली। इस ओवर से 8 रन आए।

कप्तान गिल ने दिन की पहली बॉल पर एक रन लेकर रवींद्र जडेजा के साथ शतकीय साझेदारी पूरी की। टीम इंडिया ने 211 के स्कोर पर 5वां विकेट गंवाया था। तब क्रिस वोक्स ने नीतीश कुमार रेड्डी को बोल्ड कर दिया था।

### रवींद्र जडेजा ने एजबेस्टन टेस्ट में लगाया अर्धशतक, कोहली और धोनी के खास क्लब में हुए शामिल

दिग्गज भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में कड़ी मेहनत से अर्धशतक बनाकर विराट कोहली और एमएस धोनी के क्लब में शामिल हो गए। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने प्रतिष्ठित इंग्लिश स्थल पर संयुक्त रूप से दूसरे सबसे अधिक पचास से अधिक स्कोर बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी बनने का रिकॉर्ड बनाया। भारत द्वारा ऋषभ पंत और नितीश कुमार रेड्डी के महत्वपूर्ण विकेट जल्दी-जल्दी गंवाने के बाद रवींद्र जडेजा ने कप्तान शुभमन गिल के साथ मिलकर पारी को संभाला। दोनों ने 6 विकेट के लिए शानदार शतकीय साझेदारी की जिससे भारत ने शानदार वापसी की। जब गिल ने एक और टेस्ट शतक बनाया, तो जडेजा ने दूसरे दिन पहले सत्र में शानदार अर्धशतक पूरा किया। इस तरह वह बर्मिंघम में सबसे अधिक पचास से अधिक स्कोर बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची में पूर्व कप्तान एमएस धोनी और विराट कोहली के साथ शामिल हो गए। लिटिल मास्टर सुनील गावस्कर इस सूची में पहले स्थान पर हैं जिन्होंने एजबेस्टन में टेस्ट मैचों में तीन अर्धशतक लगाए हैं। धोनी, जडेजा, कोहली, पंत और विश्वनाथ ने बर्मिंघम में दो बार पचास या उससे ज़्यादा रन बनाए हैं। दिलचस्प बात यह है कि जडेजा उन कुछ भारतीय बल्लेबाजों में से एक हैं जिन्होंने एजबेस्टन में टेस्ट शतक बनाया है। अगर वह अपने अर्धशतक को शतक में बदल देते हैं, तो यह ऑलराउंडर ऐतिहासिक स्थल पर दो टेस्ट शतक लगाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बन जाएंगे।





# विंबलडन 2025 में अल्काराज का विजयी अभियान जारी

**स्पेन (एजेंसी)।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने विंबलडन के दूसरे राउंड में ग्रेट ब्रिटेन के ओलिवर टार्वेट को 6-1, 6-4, 6-4 से हराया।

विंबलडन 2025 के तीसरे दिन कार्लोस अल्काराज ने ब्रिटिश एमेच्योर खिलाड़ी ऑलिवर टारवेट को सीधे सेटों में 6-1, 6-4, 6-4 से हराकर तीसरे राउंड में जगह बना ली है।

डिफेंडिंग चैंपियन अल्काराज ने वर्ल्ड रैंकिंग 733वें नंबर के टारवेट को सिर्फ दो घंटे 17 मिनट में हरा दिया। अल्काराज ने लगातार 20 मैच जीते हैं, जिसमें रोम मास्टर्स, फ्रेंच ओपन और क्वींस क्लब के खिताब शामिल हैं।

अल्काराज का टारगेट लगातार तीसरा विंबलडन खिताब जीतना है। ब्योर्न बोर्ग, पीट सम्प्रास, रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच ओपन एरा में लगातार तीन विंबलडन खिताब जीत चुके हैं।

रोजर फेडरर ने सबसे ज्यादा 8 बार विंबलडन खिताब अपने नाम किया है। उसके बाद 7-7 विंबलडन खिताब जीतने का कारनामा पीट सम्प्रास और नोवाक जोकोविच कर चुके हैं।वहीं, विमेंस सिंगल्स में आर्यना सबालेंका ने 48वीं रैंक की मैरी बौजकोवा को 7-6 (7/4), 6-4 को हराकर अगले दौर में जगह बनाई। 95 मिनट तक चले मुकाबले में सबालेंका ने 41 विनर लगाए।

# डीपीएल की नीलामी से पहले पुरानी दिल्ली 6 ने उठाया बड़ा कदम, ऋषभ पंत को किया रिटेन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के 2024 संस्करण के सेमीफाइनलिस्ट पुरानी दिल्ली 6 ने आधिकारिक तौर पर स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को आगामी सीजन के लिए रिटेन करने की घोषणा की है। पंत को मार्की खिलाड़ी के रूप में रिटेन किया गया है। पुरानी दिल्ली 6 ने डीपीएल 2024 में अच्छा प्रदर्शन किया, पूरे लीग चरण में ठोस प्रदर्शन किया। हालांकि दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थितियों में उनका सफर छोटा हो गया क्योंकि सेमीफाइनल मुकाबला बारिश के कारण रद्द कर दिया गया।

पंत के टीम में बने रहने से उम्मीद है कि टीम 2025 सीजन में और अधिक प्रतिस्पर्धी इकाई बनाएगी। पंत के बारे में बात करते हुए पुरानी दिल्ली 6 के मालिक आकाश नांगिया ने कहा, 'ऋषभ पंत न केवल विश्व स्तरीय क्रिकेटर हैं, बल्कि पुरानी दिल्ली 6 की धड़कन भी हैं। उनका नेतृत्व, अनुभव और प्रतिभा हमें बढ़त दिलाती है। हम उनके ईद-गिर्द एक मजबूत टीम बना रहे हैं और हमें इस साल जीत का पूरा भरोसा है।



अपनी खुशी जाहिर करते हुए पंत ने कहा, 'डीपीएल युवा प्रतिभाओं को अपना हुनर दिखाने के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करता है और इस लीग को सफलतापूर्वक आयोजित करने का श्रेय रोहन जेटली और डीडीसीए को जाता है। छक्क द्वारा प्रदान किए गए अवसरों के माध्यम से देश भर के कई खिलाड़ी उभरे और विकसित हुए हैं, जैसे कि दिग्वेश राठी, प्रियांश आर्य और अन्य।

उन्होंने कहा, 'पुरानी दिल्ली 6 वास्तव में घर जैसा लगता है, दिल्ली के प्रशंसकों की जीवंत ऊर्जा और जीतने की बेजोड़ भूख से भरपूर। पिछले साल एक आशाजनक सीजन के बाद, सफल होने का हमारा दृढ़ संकल्प और भी बढ़ गया है और हम इस साल और भी मजबूती से वापसी करने के लिए आशावादी हैं। इस बीच दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ ने आधिकारिक तौर पर दिल्ली प्रीमियर लीग में दो नई पुरुष फ्रेंचाइज को शामिल करने की घोषणा की है। बाहरी दिल्ली और नई दिल्ली फ्रेंचाइजी 2025 सीजन में पदार्पण करेंगी, जिससे लीग में छह से बढ़कर 8 टीमें होंगी। आगामी सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 6 जुलाई (पुरुष) और 7 जुलाई (महिला) को राष्ट्रीय राजधानी में होने वाली है क्योंकि डीपीएल लैंगिक-समावेशी क्रिकेट के लिए अपनी मजबूत प्रतिबद्धता जारी रखे हुए है।



# 13 छक्के अश्विन ने 48 गेंदों पर मचाया

### सबसे बड़ी पारी खेलकर टीम को टीएनपीएल के क्वालिफायर 2...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वाह भाई वाह. मान गए अश्विन. निभा दी टीएनपीएल 2025 में अपनी टीम डिंडीगुल के लिए सबसे बड़ी भूमिका. ये हुई ना कप्तानों वाली बात. कहते हैं जब मंच बड़ा होता है, तभी परफॉर्मेन्स देने का भी मजा होता है. अश्विन ने भी उसी बड़े मंच का फायदा उठाया है. टीएनपीएल 2025 के एलिमिनेटर मैच जैसे बड़े मौके पर कप्तान होने के नाते उन्होंने अपनी टीम को वाकई फ्रंट से लीड किया है. जब पहले उन्होंने ऐसे गेंद से किया तो हैरानी नहीं हुई क्योंकि उसके तो वो मास्टर हैं ही. लेकिन जो बल्ले से उन्होंने तूफान मचाया, उस देखकर भइया सचमें मजा आ गया.

**बल्ले से पहले अश्विन ने गेंद से बरपाया कहर** - अश्विन ने टीएनपीएल 2025 में अपनी सबसे बड़ी पारी खेली है. वो भी सिर्फ 48 गेंदों का सामना करते हुए. हालांकि, इस पारी की बात करें उससे पहले जरा अश्विन के गेंद से मचाए गदर के बारे में जान लीजिए. टीएनपीएल 2025 में 2 जुलाई को डिंडीगुल और चोलाज के बीच एलिमिनेटर मैच खेला गया. इस मैच में ट्रिची ग्रैंड चोलाज ने पहले बैटिंग की. मगर वो 20 ओवर में 150 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर सके. ऐसा इसलिए क्योंकि अश्विन की कमान में डिंडीगुल के गेंदबाजों ने उन पर नकेल कसे रखी. चोलाज ने 20 ओवर में 9 विकेट पर सिर्फ 140 रन बनाए. इन 9 विकेटों में 3 विकेट अकेले कप्तान अश्विन के रहे. उन्होंने 4 ओवर में 28 रन देते हुए ये 3 विकेट लिए और मैच में अपनी टीम के सबसे सफल गेंदबाज रहे. टीएनपीएल 2025 में अश्विन का ये दूसरा बेस्ट बॉलिंग फीगर है. इससे पहले वो 22 रन देकर भी 3 विकेट ले चुके हैं.

**13 छक्के बल्ले से 48 गेंदों में मचाया तूफान** - अब मैच बड़ा था. मामला एलिमिनेट होने या फिर फाइनल की ओर कदम बढ़ाने से जुड़ा था. तो ऐसे में भला अश्विन सिर्फ गेंद से कहर बरपाकर कहां मानने वाले थे. ऐसे में जब 141 रन का लक्ष्य मिला तो उसे चेज करने के दौरान अश्विन ने अपने बल्ले का जौहर भी खूब दिखाया. अश्विन ने डिंडीगुल के लिए पारी की शुरुआत की और सिर्फ 48 गेंदों में ही इतने रन ठोक दिए कि ये इनिंग टीएनपीएल 2025 में उनकी सबसे बड़ी पारी की वजह बन गई.

# घर की इस दिशा में लगाकर देखें क्रासुला का पौधा



## दोगुनी तेजी से होगी तरक्की, घर से गरीबी होगी दूर

क्रासुला के पौधे को सौभाग्य और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इसे घर में सही स्थान पर रखने से कुबेरजी की कृपा बरसती है और धन-दौलत में वृद्धि होने लगती है। लेकिन इसका पूर्ण लाभ प्राप्त करने के लिए प्लांट को वास्तुशास्त्र के अनुसार सही दिशा में लगाना बहुत जरूरी होता है। साथ ही, इससे जुड़े वास्तु नियमों का भी ख्याल अवश्य रखना चाहिए। ऐसा करने से जातक के घर से गरीबी दूर होने लगती है और जीवन में तरक्की हासिल होती है।वास्तुशास्त्र और हिंदू धर्म में क्रासुला के पौधे की विशेष मान्यता होती है। कहा जाता है कि इस पौधे को घर में लगाने से स्वामी कुबेरजी की विशेष कृपा प्राप्त होती है और जीवन की कई समस्याओं से निजात मिल सकती है। क्रासुला के पौधे को सौभाग्य, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक भी माना जाता है। ऐसे में इस घर में लगाना बहुत फलदायी होता है, जिसे अंग्रेजी में मनी ट्री के नाम से भी जाना जाता है। इसके पीछे की वजह है कि यह प्लांट धन-दौलत में भी वृद्धि करता है। लेकिन वास्तुशास्त्र के अनुसार इसे सही दिशा में लगाना बेहद जरूरी होता है। अगर क्रासुला का पौधा गलत दिशा या स्थान पर लगा हो, तो इससे शुभ की बजाए अशुभ फल की प्राप्ति हो सकती है। ऐसे में आइए विस्तार से जानते हैं क्रासुला का पौधा घर में लगाने की उत्तम दिशा और इससे जुड़े महत्वपूर्ण वास्तु नियम..

### क्रासुला का पौधा सही दिशा में लगाने के लाभ

वास्तुशास्त्र के अनुसार, अगर क्रासुला के पौधे को घर में सही दिशा में लगाया जाए तो इससे घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर होने लगती है। साथ ही, सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है। मान्यता है कि इस पौधे को घर में लगाने से जातक को आर्थिक तंगी से निजात मिल सकती है और धन-दौलत में दोगुनी वृद्धि होने लगती है। अगर आप वास्तु के सभी नियमों का ख्याल रखते हुए क्रासुला का पौधा घर में लगाते हैं, तो इससे गरीबी दूर होती है और परिवार के सदस्यों की किस्मत भी चमक सकती है। माना जाता है कि इससे घर का माहौल खुशनुमा और शांति पूर्ण बना रहता है। साथ ही, परिवार के बीच चल रहे मनमुटाव भी इससे दूर होने लगते हैं और घर में सौभाग्य का आगमन होता है। इस पौधे को सही दिशा में लगाने से आपको वास्तु दोष से भी निजात मिल सकती है।

### क्रासुला का पौधा घर में इस दिशा में लगाएं

यह पौधा आपके जीवन से धन की कमी को दूर कर सकता है, लेकिन इसके लिए क्रासुला प्लांट को सही दिशा में लगाना बेहद महत्वपूर्ण होता है। वास्तु के अनुसार, क्रासुला के पौधे को घर में हमेशा उत्तर दिशा में लगाना चाहिए। इसके अलावा, आप उत्तर-पूर्व दिशा में भी इसे रख सकते हैं। इन दिशाओं को मनी ट्री लगाने के लिए सबसे उत्तम माना जाता है। ऐसा करने से परिवार के सदस्यों के जीवन से नकारात्मकता समाप्त होने लगती है और सभी पर भगवान कुबेर की कृपा बनी रहती है। इस पौधे को सही दिशा में लगाने से आपका भाग्य बदल सकता है और करियर में भी उन्नति हासिल होती है।

### घर में भूलकर भी न रखें ऐसा क्रासुला का पौधा

वास्तुशास्त्र के अनुसार, घर में क्रासुला का पौधा लगाना बहुत शुभ होता है। लेकिन भूलकर भी ऐसा प्लांट घर में नहीं रखना चाहिए जो पूरी तरह सूख गया हो, या उसकी पत्तियां गल गई हों। ऐसा क्रासुला का पौधा घर में रखने से तनाव बढ़ सकता है। साथ ही, जातक को जीवन में समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा, अगर पौधे का विकास रुक गया हो तब भी उसे नहीं रखना चाहिए। ऐसे में आप उसकी ग्रोथ बढ़ाने के लिए कुछ उपाय अवश्य कर सकते हैं। शुभ फल के लिए पौधे का हरा-भरा होना और उसका विकास होते रहना जरूरी होता है।

### क्रासुला का पौधा लगाने के विशेष वास्तु नियम

इस पौधे को घर के मेन गेट के दाहिनी तरफ लगाना भी बेहद शुभ माना जाता है। इससे परिवार के सदस्यों को पूर्ण लाभ प्राप्त होता है।

क्रासुला के पौधे को ऐसे स्थान पर रखना चाहिए, जहां इस पर सूर्य की रोशनी भी पड़ती रहे। साथ ही, इस प्लांट की देखभाल करना भी बेहद आवश्यक होता है।वास्तु के अनुसार, क्रासुला के पौधे को घर में ड्रॉइंग रूम या बालकनी में भी रखा जा सकता है। यह आसपास के वातावरण को शुद्ध बनाने में सहायक होता है।

माना जाता है कि क्रासुला के पौधे को घर में कुछ स्थानों पर रखना वर्जित होता है। इसे गलती से भी टॉयलेट, बाथरूम या किचन के पास नहीं रखना चाहिए।

धन में वृद्धि और सफलता प्राप्त करने के लिए क्रासुला का पौधा हरा-भरा होना चाहिए। ऐसे में हफ्ते में 2 से 3 बार इस प्लांट में पानी जरूर देना चाहिए और गमले में जल निकासी की जगह भी जरूर बनाएं।



# कुंडली में कमजोर गुरु के लक्षण और प्रभाव, गुरु ग्रह कैसे मजबूत करें

कुंडली में गुरु ग्रह के कमजोर होने की स्थिति में शिक्षा और आर्थिक मामलों में बाधाएं आती हैं, जिससे जातक को निर्णय लेने में कठिनाई होती है। अगर गुरु ग्रह मजबूत हो तो जातक को बुद्धि और भाग्य दोनों का भरपूर साथ मिलता है। इसके साथ ही उसकी तार्किक क्षमता भी मजबूत होती है। ऐसे में आइये जानते हैं कि कुंडली में कमजोर गुरु के लक्षण और प्रभाव क्या है, और उसे कैसे मजबूत करें। गुरु ग्रह कमजोर अवस्था में है तो जातक को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासकर उसकी पढ़ाई में दिक्कतें होती हैं। आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। यही नहीं व्यक्ति में भ्रम की स्थिति बनी रहती है और वह निर्णय लेने में कठिनाई का सामना करता है। कुंडली में कमजोर गुरु ग्रह को मजबूत करने के लिए कुछ उपाय भी बताए गए हैं। ऐसे में आइये जानते हैं, कुंडली में गुरु की ग्रह कमजोर और मजबूत हो तो किस प्रकार के प्रभाव देखने को मिलते हैं और गुरु को बलवान बनाने के लिए क्या उपाय किए जाने चाहिए।



### मजबूत गुरु का असर

गुरु ग्रह शिक्षा के कारक हैं और उनकी मजबूत स्थिति से जातक को शिक्षा, उच्च शिक्षा में फायदा मिलता है। बुद्धि और भाग्य आदि का साथ मिलता है। गुरु सबसे अधिक फायदा देने वाले ग्रहों में से एक हैं। धनु और मीन राशि के स्वामी ग्रह गुरु की नीच राशि मकर है और गुरु की वजह से व्यक्ति की तार्किक क्षमता में इजाफा होता है। हालांकि शनि और केतु के साथ गुरु के संबंध अच्छे नहीं माने जाते हैं।

### कमजोर गुरु के प्रभाव

किसी की कुंडली में गुरु कमजोर स्थिति में हो तो उसे आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा ऐसे जातक में आत्मविश्वास की कमी होती है। व्यक्ति को फैसले लेने में भ्रम की स्थिति का सामना करना पड़ता है। यही नहीं कुंडली में गुरु कमजोर हों तो व्यक्ति चाहकर भी सभी चीजों का सुख नहीं भोग पाता है। संकट की स्थिति में उसे मदद नहीं मिल पाती है। एकाग्रता की कमी होती है। संपत्ति से जुड़े विवाद का सामना करना पड़ सकता है। व्यक्ति नैतिक और आध्यात्मिक रूप से भ्रष्ट होता है।

## क्या कहते आपके सितारे




**मेष** आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रहने वाला है। आप कुछ बेवजह के कामों को लेकर भी परेशान रहेंगे। आप माता-पिता की सेवा के लिए भी कुछ समय निकालेंगे। आपको उनकी सेहत पर भी पूरा ध्यान देना होगा। आपको किसी दूर रह रहे परिजन की याद सता सकती हैं। आपके साथ बिजनेस में कोई धोखा होने की संभावना है, इसलिए आप अपने आंख और कान खुले रखें। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचें।




**वृषभ** आज का दिन आपके लिए कार्यक्षेत्र में बढ़िया रहने वाला है। आपके दिए गए सुझावों का स्वागत होगा और आपकी कोई अटकी डील फाइनल हो सकती है, लेकिन आप जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें और उनसे कोई ऐसी बात ना बोले, जो कि उन्हें बुरी लगे। आप अपने रहने सहन के स्तर में सुधार लाएंगे और अपने घर के रिनोवेशन का काम भी शुरू कर सकते हैं, जिसके लिए आप कोई लोन भी अप्लाई करने की सोचेंगे।




**मिथुन** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप किसी सामाजिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। आपकी धार्मिक कामों में भी काफी रुचि रहेगी, लेकिन आप किसी नए काम की शुरुआत करें, तो उसके लिए आप पूरी लिखा पढ़ी करके आगे बढ़ना होगा। आपको आज भाई-बहनों का पूरा साथ मिलेगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।




**कर्क** आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार में बदलाव लाने के लिए रहेगा। आपके मनमौजी कामों से आपके सहयोगी भी परेशान रहेंगे। आप बेवजह किसी किसी से न उलझें, नहीं तो इससे लड़ाई-झगड़े की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। संतान के मन में चल रही उलझनों को आपको जानने की कोशिश करनी होगी। आप कोई फैसला उन पर ना डालें, आपको सिरदर्द और बदनदर्द आदि जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं।




**सिंह** आज का दिन आपके लिए धैर्य और साहस से काम लेने के लिए रहेगा। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता हो सकता है। यदि आपने किसी से कोई कर्ज लिया था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतार सकते हैं। आपको अपने आप पड़ोस में किसी वाद-विवाद की स्थिति से बचने की आवश्यकता है। घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।




**कन्या** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपका कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। आप अपने बिजनेस में कुछ नए उपकरणों को शामिल कर सकते हैं। पार्टनरशिप आप थोड़ा देखभाल कर ही करें। आप संतान के लिए कोई लैपटॉप और मोबाइल की खरीदारी कर सकते हैं। आपका कोई पुराना प्यार वापस आ सकता है, जिससे आपके गृहस्थ जीवन में मुश्किलें बढ़ सकती हैं।




**तुला** आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपको अपने धन को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। आपकी किसी बात से आज माताजी परेशान रहेंगी। आपको किसी पुराने लेनदेन से छुटकारा मिलेगा। वाहनों के प्रयोग से आपको थोड़ा सावधान रहना होगा, क्योंकि वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं। आज आप सोच समझकर कामों को पूरा करेंगे, लेकिन उस पर आपका खर्चा भी अधिक होगा।




**वृश्चिक** आज का दिन आपके मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। ससुराल पक्ष की किसी व्यक्ति से यदि कोई वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो, तो आप उसमें चुप रहेंगे। आपको किसी काम को लेकर अपने पिताजी से सलाह लेनी पड़ सकती हैं। आप अपनी जिम्मेदारियों से बिल्कुल पीछे ना हटें। आपके परिवार में सदस्यों में एकजुटता बनी रहेगी और किसी मांगलिक उत्सव की तैयारी भी शुरू हो सकती है। नौकरी के लिए कोई सदस्य घर से दूर जा सकता है।




**धनु** आज का दिन आपके लिए समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। आप किसी गलत इन्वेस्टमेंट को करने से बच सकते हैं। प्रॉपर्टी में थोड़ा सोच समझकर ही हाथ बढ़ाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। नौकरी में कार्यरत लोगों को मनपसंद काम मिलने से उनके कुछ विरोधी हो सकते हैं, जो उनके बॉस से चुगली लगा सकते हैं, आपको अपनी वाणी पर थोड़ा संयम रखना होगा। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है।




**मकर** आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है। आपको अपने कामों को लेकर धैर्य और संयम बनाए रखना होगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।




**कुंभ** आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपको अपने किसी लिए गए निर्णय के लिए पछतावा हो सकता है। शेयर मार्केट में आप थोड़ा सोच समझकर इन्वेस्टमेंट करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। आप अपनी नौकरी में मन मुताबिक काम ना मिलने से थोड़ा परेशान रहेंगे। किसी दूसरी नौकरी के लिए आप ट्राई कर सकते हैं। राजनीति में कार्यरत लोगों को थोड़ा समझदारी दिखाते हुए कामों को करना होगा और आप किसी अजनबी पर भरोसा बिल्कुल ना करें।




**मीन** आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको परिवार के सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा। जीवनसाथी की सलाह आपके लिए कारगर सिद्ध होगी। यदि किसी काम को लेकर आपके मन में संशय चल रहा है, तो आप उस काम में बिल्कुल आगे न बढ़ें। जो विद्यार्थी पढ़ाई-लिखाई को लेकर परेशान चल रहे हैं, उन्हें अपने गुरुजनों का पूरा साथ मिलेगा। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

### गुरु के उपाय

गुरुवार को व्रत रखकर भगवान विष्णु की विधि विधान से पूजा करें। गुरुवार को पीली वस्तुओं, वस्त्रों का दान करें। रक्तदान करें। नियमित रूप से गुरु के मंत्र ऊं ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः या ऊं बृं बृहस्पतये नमः मंत्र का जप करें।केले के पेड़ के नीचे गाय के घी का दीया जलाएं।रिश्तों में ईमानदारी बरतें, किसी तीसरे पर नजर न डालें।घर में बृहस्पति यंत्र को स्थापित करें और बृहस्पति से जुड़े मंत्रों और स्तोत्र का पाठ करें।गुरुजनों, शिक्षकों, ब्राह्मणों का सम्मान करें।गोशाला में जाकर गायों की सेवा करें। किसी ज्योतिष से सलाह लेने के बाद पुखराज रत्न का धारण कर सकते हैं।

# नूंह जिले के 115 गांवों को मॉडल गांव बनाने की योजना

**नूंह, एजेंसी।**
हरियाणा के नूंह जिले के निवासियों के लिए गुड न्यूज है। जल्द ही यहां के गांवों का कायाकल्प होने वाला है। नूंह जिला प्रशासन ने जिले के 115 गांवों को मॉडल गांव के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है। इस कदम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और समग्र विकास को बढ़ावा देना है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद प्रदीप अहलावत ने बताया कि इन गांवों में घर-घर से सूखा और गीला कचरा अलग-अलग एकत्र करने की व्यवस्था होगी। प्रत्येक घर को दो रंगों की डस्टबिन (हरी और नीली) दी जाएगी। पंचायत स्तर पर निगरानी समिति बनाई जाएगी और कचरा संग्रहण के लिए विशेष वाहन की व्यवस्था होगी। इसके अलावा, कंपोस्ट खाद बनाने के लिए माइक्रो लेवल पर प्रबंधन केंद्र बनाए जाएंगे।

ग्रामीणों को गांवों और घरों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने



के लिए नियमित कैंप और रैलियों का आयोजन किया जाएगा। यह पहल स्वच्छ भारत मिशन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाएगी। हर घर में अलग-अलग डस्टबिन भी दिए जाएंगे।

**नूंह जिले में सड़कों के सुधारीकरण का काम चल रहा –**

**रणबीर गंगवाल** वार्ता के अनुसार, हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने सोमवार 30 जून को कहा कि नूंह जिले में इस समय करीब 106 किलोमीटर लंबाई में विभिन्न सड़कों के सुधारीकरण का काम चल रहा है। साथ ही करीब 525 किलोमीटर लंबाई में विभिन्न सड़कों के कामों की अप्रूवल मिल गई है, जिनका कार्य जल्द ही शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इस साल के अंत तक जिला नूंह की सभी सड़कों को सुधारने का काम पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग (बी एंड आर) के अधिकारियों से जिला में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली और सभी कामों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अच्छी सड़कों से न केवल यातायात व्यवस्था बेहतर होती है, बल्कि यह आर्थिक और सामाजिक विकास का भी एक अहम आधार बनती हैं। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि सभी सड़कों का निर्माण तय समय सीमा में पूर्ण हो और निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। गुणवत्तापूर्ण सड़कों से आमजन का सफर सुगम और बेहतर होगा, साथ ही ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी।

# अब तो माफी मांग लें देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे: सांसद संजय राउत

**मुंबई, एजेंसी।** उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के सांसद संजय राउत ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उनके डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे से माफी की मांग की है। उन्होंने यह माफी ठाकरे परिवार से मांगने के लिए कहा है। दिशा सालियन मौत मामले में मुंबई पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) के द्वारा हत्या या किसी साजिश की संभावना को सिरे से खारिज करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट में रिपोर्ट दाखिल करने के बाद आया है। एसआईटी की इस रिपोर्ट के बाद शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने बीजेपी नेताओं पर जोरदार हमला बोला है और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से आदित्य ठाकरे से माफी मांगने की मांग की है। संजय राउत ने कहा, अब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को आदित्य ठाकरे से माफी मांगनी चाहिए। नारायण राणे के बेटे नितेश राणे, फडणवीस, बीजेपी के अन्य नेता, एकनाथ शिंदे सभी को आदित्य ठाकरे और शिवसेना से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। संजय राउत का आरोप है कि इन नेताओं ने दिशा सालियन की मौत वाले मामले में जानबूझकर आदित्य ठाकरे का नाम उछालकर चरित्र हनन किया। एसआईटी ने बॉम्बे हाईकोर्ट में दाखिल अपनी रिपोर्ट में कहा है कि दिशा सालियन की मौत एक दुर्घटना थी। गिरने से उनकी मौत हुई थी। जांच में किसी प्रकार की साजिश या आपराधिक गतिविधि के संकेत नहीं मिले हैं। जांच के दौरान सभी गवाहों के बयान, फॉरेंसिक रिपोर्ट और मोबाइल डेटा की जांच की गई है। दिशा सालियन दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर थीं। 8 जून 2020 को मलाड स्थित इमारत से गिरकर उनकी मौत हो गई थी। उस समय बीजेपी नेताओं ने दावा किया था कि इस मामले में बड़े नेताओं की संलिप्तता हो सकती है और नाम लेकर आदित्य ठाकरे को निशाना बनाया गया था। अब एसआईटी रिपोर्ट सामने आने के बाद शिवसेना (यूबीटी) बीजेपी को राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित अभियान चलाने का दोषी ठहरा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### लाउडस्पीकर बैन के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंची मस्जिदों की कमेटी

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में मस्जिदों में अजान के लिए लगाए गए लाउडस्पीकर हटाए जाने के खिलाफ मुस्लिम पक्षों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इस मामले पर अब बॉम्बे हाईकोर्ट ने राज्य सरकार, मुंबई पुलिस और महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से जवाब मांगा है। जस्टिस रवींद्र वी घुगे और जस्टिस एमएम सत्ये की पीठ ने महाराष्ट्र सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया कर कोर्ट को 9 जुलाई तक अपना जवाब देने को कहा है। इससे पहले मुंबई में कई मस्जिदों, दरगाहों और धार्मिक स्थलों का प्रबंधन करने वाली अंजुमन इत्तेहाद ओ तरक्की मदीना जामा मस्जिद और अन्य द्वारा दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि पुलिस की कार्रवाई मनमानी थी और मुस्लिम संस्थानों को टारगेट किया जा रहा है। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि इस साल अप्रैल से ही पुलिस ने मनमाने तरीके से एक्शन लिया है। याचिका के मुताबिक ध्वनि प्रदूषण नियम 2000 के कथित उल्लंघन का हवाला देते हुए कई मस्जिदों और दरगाहों को नोटिस जारी किए गए थे। हालांकि नोटिस में उल्लंघन को लेकर कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गई थी। याचिका में दावा किया गया है कि पुलिस मस्जिदों और दरगाहों को चुनिंदा तरीके से निशाना बना रही है और इससे इबादत करने वाले लोग प्रभावित हो रहे हैं। याचिका में आरोप लगाया गया है, पुलिस की पूरी कार्रवाई मुस्लिम समुदाय के खिलाफ है और भेदभाव का नतीजा है। यह मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। याचिका में आरोप लगाया गया कि पुलिस निहित राजनीतिक हितों के इशारे पर काम कर रही है। याचिका में यह भी कहा गया है कि अजान इस्लाम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और मुंबई जैसे शहर में लोगों को नमाज के लिए बुलाने के लिए लाउडस्पीकर का इस्तेमाल जरूरी है।

### केंद्र का केरल के प्रति नकारात्मक रुख बरकरार-मुख्यमंत्री

**तिरूअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का केरल के प्रति नकारात्मक रुख जारी है और उसने ओणम त्योहार के लिए अतिरिक्त चावल आवंटन की राज्य की मांग को खारिज कर दिया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर एक 'पोस्ट' साझा कर सभी राजनीतिक दलों से एकजुट होकर केंद्र सरकार के कथित केरल विरोधी रुख का विरोध करने का आह्वान किया है।उन्होंने कहा कि केरल की मांग है कि गैर-प्राथमिकता वाले परिवारों को प्रति कार्ड पांच किलोग्राम चावल 8.30 रुपये की दर से उपलब्ध कराया जाए, जो वर्तमान में राज्य को अतिरिक्त आवंटन के रूप में उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने यह भी मांग की है कि गेहूं का आवंटन बहाल किया जाए, जो दो साल पहले तक अतिरिक्त आवंटन के रूप में दिया जा रहा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओणम जैसे विशेष अवसरों के दौरान बाजार में चावल की कीमत को बढ़ने से रोकने के लिए गैर-प्राथमिकता वाले वर्गों को यथासंभव खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित करना आवश्यक है। विजयन ने कहा, इसी संदर्भ में राज्य ने गैर-प्राथमिकता वाले वर्गों को अतिरिक्त चावल आवंटन की मांग की है। उन्होंने कहा, गैर प्राथमिकता वाले वर्गों को गेहूं का आवंटन बहाल करने की मांग उठाई गई लेकिन केंद्र सरकार इन मांगों को खारिज कर रही है। ये मांग आम लोगों की मदद के लिए हैं। इस संबंध में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एकजुट विरोध किया जाना चाहिए।

### त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा कर सकते हैं मंत्रिमंडल विस्तार

**अगरतला, एजेंसी।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा बृहस्पतिवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार कर सकते हैं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 2023 के विधानसभा चुनाव में सत्ता पर लौटने के बाद साहा मुख्यमंत्री बने। पिछले साल लोकसभा चुनाव से पहले टिपरा मोथा पार्टी (टीएमपी) के उनकी सरकार में शामिल होने के बाद उन्होंने पार्टी के दो विधायकों को अपने मंत्रिमंडल में शामिल किया। सरकार के एक निमंत्रण पत्र में बुधवार को कहा गया है, ''त्रिपुरा के राज्यपाल द्वारा मंत्री-मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर त्रिपुरा सरकार के मुख्य सचिव तीन जुलाई को अपराह्न डेढ़ बजे दरबार हॉल, राजभवन में आपकी उपस्थिति की अपील करते हैं।'' अगरतला में राजभवन में राज्यपाल एन. इंद्रसेन रेड्डी से मुलाकात की थी। हालांकि, बुधवार को पत्रकारों के सवालों के जवाब में उन्होंने संभावित मंत्रिमंडल विस्तार पर बोलने से इनकार कर दिया था।

### इमरान खान का जेल से विद्रोह का खुला ऐलान, जेल की अंधेरी कोठरी मंजूर लेकिन गुलामी नहीं

इस्लामाबाद , एजेंसी। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि वह गुलामी स्वीकार करने के बजाय जेल की अंधेरी कोठरी में रहना पसंद करेंगे। खान ने अपनी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आशूरा के बाद वर्तमान शासन के खिलाफ विद्रोह करें। आशूरा, पैगंबर साहब के पोते इमाम हुसैन की शहादत के शोक में मोहर्रम का 10वां दिन है। इस साल यह दिन छह जुलाई को है। खान ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, मैं पूरे देश, विशेषकर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के कार्यकर्ताओं और समर्थकों से आग्रह करता हूं कि वे आशूरा के बाद इस अत्याचारी व्यवस्था के खिलाफ उठ खडे हों।

# 2 किमी का बचेगा चक्कर, कई सेक्टरों तक फायदा; नोएडा में दो दशक से अधूरी पड़ी सड़क जल्द बनेगी

**नोएडा एजेंसी।**
नोएडा में रहने वालों के लिए राहतभरी खबर है। नोएडा सेक्टर-49 कोतवाली से सीधे सेक्टर-100 वोडा महादेव मंदिर के पास से सेक्टर-99 को जोड़ने वाली सड़क जल्द बनेगी। यह सड़क दो दशक से अधूरी पड़ी है। इसको बनने में अतिक्रमण बाधा है। नोएडा विकास प्राधिकरण इसी सप्ताह अतिक्रमण को हटाकर सड़क बनाने की प्रक्रिया शुरू करेगा।

यह सड़क करीब 20 साल से अधूरी है। यहां 45 मीटर चौड़ी सड़क बनेगी। जमीन न मिलने के चलते यहां पर करीब 65 मीटर की सड़क अधूरी है। इस जमीन पर अभी तक सुप्रीम कोर्ट में किसान और नोएडा प्राधिकरण के बीच विवाद चल रहा था। अब यह केस प्राधिकरण जीत चुका है। ऐसे में अब नोएडा विकास प्राधिकरण ने जमीन पर कब्जा लेने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके बाद यहां सड़क बना दी जाएगी। अभी यहां पर कुछ मकान और झुग्गियां बनी हैं। इसके चलते सड़क नहीं बन पाई थी।

सेक्टर-49 के चौराहे से जाने वाला और सेक्टर-48 और 46 का ट्रैफिक वोडा महादेव मंदिर के पास से बाएं मुड़कर प्रतीक एडिफिस सोसाइटी के सामने सेक्टर-100 ट्रैफिक सिग्नल और आगे फिर स्टर्लिंग मॉल ट्रैफिक सिग्नल होकर निकल रहा है।

अब यह सड़क सीधे सेक्टर-46-100



के बीच से सेक्टर-99 के लिए निकलेगी। वहां पर पहले से 45 मीटर चौड़ी सड़क बनी हुई है। पहले से बनी सड़क में मिलकर बाएं मुड़कर वाहन सीधे सेक्टर-104 ट्रैफिक सिग्नल पर निकलेंगे और वहां से दाहिने मुड़कर सेक्टर-98 हाजीपुर अंडरपास चौराहे पर पहुंच जाएंगे। मौके पर प्राधिकरण को करीब 2925 वर्ग मीटर जमीन सड़क निर्माण के लिए जरूरी होगी। दो किलोमीटर का चक्कर बचेगा : यह सड़क बनने से सेक्टर-49 चौराहे होकर नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे की तरफ जाने वाले हजारों वाहन चालकों का करीब दो किलोमीटर का चक्कर बचेगा। उनको दो ट्रैफिक सिग्नल से छुटकारा मिला जाएगा। इसके अलावा स्ट्रलिंग मॉल और हाजीपुर चौराहे पर ट्रैफिक का दबाव भी कम होगा।

# 3 साल तक रेप किया, हरियाणी गाने की एक्ट्रेस ने एक्टर उत्तर कुमार पर लगाए गंभीर आरोप

**गाजियाबाद, एजेंसी।**
हरियाणवी और देहाती फिल्मों के एक्टर और प्रड्यूसर उत्तर कुमार के साथ एक गाने से फेमस हुई एक 25 वर्षीय एक्ट्रेस ने उन पर यौन शोषण समेत कई गंभीर आरोप लगाए हैं। एक्ट्रेस के मुताबिक, उत्तर कुमार ने कथित तौर पर फिल्मों में रोल दिलाने और शादी का झांसा देकर उनके साथ यौन उत्पीड़न किया। युवती ने एक वीडियो जारी कर अपनी जान को खतरा बताया है।

नोएडा में रहने वाली एक्ट्रेस की ओर से इस संबंध में उत्तर कुमार के खिलाफ गाजियाबाद के थाना शालीमार गार्डन में लिखित शिकायत दी गई है। पीड़िता ने पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग की है। एक्ट्रेस ने अभिनेता के साथ एक फेमस गाना शूट किया था, जो काफी पॉपुलर हुआ था।

शिकायतकर्ता के मुताबिक, वह करीब पांच साल पहले अभिनेता से मिली थीं। अभिनेता ने उन्हें एक फिल्म में लीड रोल दिलाने की बात कही थी। अगस्त



2022 में अभिनेता ने उन्हें शालीमार गार्डन स्थित अपने ऑफिस में मिलने बुलाकर दोस्ती करने की बात कही। इसके बाद शादी करने की भी बात कही गई। एक्ट्रेस के मुताबिक, यह सिलसिला करीब तीन सालों तक चला, जिसमें कई बार उन्हें प्राइवेट स्थानों पर बुलाकर अभिनेता ने झांसा देकर उनका यौन उत्पीड़न किया। एक्ट्रेस का आरोप है कि न तो उन्हें फिल्म दिलाई और न ही आरोपी ने उनसे शादी की। अभिनेत्री ने एक वीडियो जारी किया है। उनका कहना है कि पुलिस में शिकायत करते ही उन्हें समझौते के लिए फोन आ रहे हैं। समझौता नहीं करने पर धमकी दी जा रही है। पीड़िता वीडियो में कह रही हैं कि उनकी जान को खतरा है और अगर उन्हें कुछ होता है तो अभिनेता ही इसका जिम्मेदार होगा। आजतक की रिपोर्ट के अनुसार, एक्ट्रेस का यह भी आरोप है कि जब उन्होंने अभिनेता उत्तर कुमार से शादी और करियर की बात की तो उन्हें जातिसूचक गालियां देकर अपमान किया गया और फिल्मी करियर खत्म करने की धमकी दी गई। अभिनेत्री का कहना है कि उनके पास कई सबूत और चैट मौजूद हैं, जो वह पुलिस को सौंप चुकी हैं।गाजियाबाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू कर दी है। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता से लिखित शिकायत प्राप्त हुई है। प्रारंभिक स्तर पर जांच शुरू कर दी गई है। प्रकरण 2023 से संबंधित है इसलिए तथ्यों के आधार पर इसकी जांच की जा रही है। अभिनेत्री द्वारा प्रस्तुत किए गए डिजिटल सबूतों की भी जांच की जा रही है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई मामले में की जाएगी। वहीं, फिलहाल उत्तर कुमार की ओर से इस पूरे मामले पर अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# स्काईडाइविंग विमान रनवे से फिसला और जंगल में जाकर क्रैश, 15 लोग थे सवार

**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिका के न्यू जर्सी में बुधवार शाम एक हवाईअड्डे पर स्काईडाइविंग विमान रनवे से आगे निकलकर जंगल में जा गिरा, जिससे कम से कम 15 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्काईडाइविंग विमान एक विशेष प्रकार का विमान होता है जिसका उपयोग स्काईडाइविंग गतिविधियों के लिए किया जाता है। संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) के प्रवक्ता के अनुसार फिलाडेल्फिया से लगभग 33.8 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में क्रॉस कीज हवाई अड्डे पर 'सेसना 208बी विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें 15 लोग सवार थे, जिनमें 4 बच्चे भी शामिल थे। इस घटना की जांच की जा रही है।



हवाई क्षेत्र से ली गई तस्वीरों में दुर्घटनाग्रस्त विमान एक जंगल में दिखाई दे रहा है और क्षतिग्रस्त हालत में है। दमकल की गाड़ियां और अन्य आपातकालीन वाहन मौजूद हैं। न्यू जर्सी के कैम्?डन में स्थित 'कूपर यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल की प्रवक्ता वेंडी ए. मारानो ने बताया कि अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में तीन लोगों का उपचार किया जा रहा है जबकि आठ लोगों का इलाज आपातकालीन विभाग में किया जा रहा है जिन्हें कम गंभीर चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि चार अन्य लोगों को ''बेहद मामूली चोटें आई हैं।

# प्रिंस विलियम और प्रिंसेस केट मिडलटन के अधिकार बढ़े,रॉयल वारंट जारी करने की मिली शक्ति

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के राजकुमार विलियम और राजकुमारी केट मिडलटन को राजा चार्ल्स ने नए अधिकार और शक्तियां दी हैं। किंग चार्ल्स ने दोनों को रॉयल वारंट जारी करने की शक्ति दी है। शाही परिवार को सामान की आपूर्ति करने वाली और सेवा देने वाली कंपनियों या व्यक्ति विशेष को यह सम्मान दिया जाता है। अभी तक प्रिंस विलियम और केट मिडलटन के पास यह शक्ति नहीं थी। केट मिडलटन को 115 साल के इतिहास में पहली बार मिला ये अधिकार : रॉयल परिवार की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, केट मिडलटन पहली राजकुमारी हैं, जिन्हें 115 साल के इतिहास में पहली बार रॉयल वारंट जारी करने की शक्ति मिली है। केट मिडलटन से पहले क्वीन मैरी के पास ये शक्ति थि। क्वीन मैरी के पति जॉर्ज पंचम 1910 में ब्रिटेन के राजा बने थे। साल 1980 में प्रिंस ऑफ वेल्स रहते हुए किंग चार्ल्स को यह अधिकार मिला था। पत्नी राजकुमारी डायना को यह अधिकार नहीं मिला था। प्रिंस ऑफ वेल्स के निजी सचिव सर इयान पैट्रिक ने भी प्रिंस विलियम और प्रिंसेस केट मिडलटन को रॉयल वारंट जारी करने की शक्ति मिलने की पुष्टि की। अगले साल से होंगे नए वारंट के लिए आवेदन : जिनके पास अभी रॉयल वारंट है, वे इस महीने के अंत तक इसे फिर से रिन्यू कराया जा सकेगा। वहीं जो नए रॉयल वारंट के लिए आवेदन करना चाहते हैं, वे अगले साल की शुरुआत में आवेदन कर सकेंगे। रॉयल वारंट के लिए आवेदन करने वाली कंपनी को पांच या सात साल के लिए शाही परिवार को सेवा प्रदान करनी होती है। रॉयल वारंट एक सम्मान है, जो उन लोगों को दिया जाता है, जो लगातार शाही परिवार की सेवा करते हैं और शाही परिवार को सामान की आपूर्ति करते हैं। अभी 800 वारंट धारक हैं, जिनमें खाद्य उत्पादक, रेस्तरां, टेलर्स, होटल आदि शामिल हैं।


**किराए के लिए ख़ाली है**

1-3600 वर्ग फुट कमर्शियल हॉल सेमी फर्निश्ड मेन रोड सेक्टर 10 टी सी काम्प्लेक्स फ़रीदाबाद में।

2-1620 वर्ग फुट ऑफिस सेमी फर्निश्ड मेन रोड टी सी काम्प्लेक्स सेक्टर 10 फ़रीदाबाद में ।

3 - टू बेड रूम सेट ग्राउंड फ्लोर वेल फर्निश्ड सेक्टर 7 डी ब्लॉक फरीदाबाद में ।

4- वन रूम सेट वेल फर्निश्ड सेकंड फ्लोर सेक्टर 7 डी ब्लॉक फ़रीदाबाद में ।

इच्छुक व्यक्ति फ़ोन नंबर 9999446252,,9811157562 पर संपर्क करें ।

**- सूचना -**

फ़रीदाबाद ज़िला में भेदीनज़र समाचारपत्र में अपने समाचार,विज्ञापन देने और अख़बार की कापी प्राप्त करने के लिये सम्पर्क करें -

1-गोपाल न्यूज़ एजेन्सी
अम्बेडकर चौक बल्लभगढ़
**मोबाइल नम्बर-9811477 204**

2-नरेंद्र बुक्स शाप
मूँगफली चौक ऐन.आई. टी. नम्बर -5 फ़रीदाबाद
**मोबाइल नम्बर : 9810229192**

3-दीक्षित न्यूज़ एजेन्सी ओल्ड फ़रीदाबाद
**मोबाइल-98111 59238**

**छोटा विज्ञापन बड़ा फायदा**
**आज ही स्पेस बुक कराए**
**कॉल करें**
**0120-4152063,**
**9811157 562**

**नई एवं तरोताजा खबरों के लिए भेदी नजर पढ़िए, समय के साथ चलिए**
**सुनहरा मौका** वार्षिक ग्राहक बनिए और
वीआईपी एल्फा सूटकेस कीमत रु. 900 प्राप्त करिए
भेदी नजर समाचार पत्र के ग्राहक बनें
मात्र 700 रूपये दीजिए और वार्षिक ग्राहक बनने के अलावा तुरंत पाइए
और अन्य आकर्षक उपहार के लिए
**बम्पर ड्रा**
पहला इनाम

एक हीरो बाईक
दूसरा इनाम

एक सोनी एलसीडी 32 इंच व अन्य आकर्षक ईनाम
तीसरा इनाम

बीस मोबाईल फोन
- कोई भी व्यक्ति एजेंट 500 से अधिक मेंबर बना लेगा तो उसे अलग से उपहार दिया जाएगा।
- ये स्कीम एक जनवरी 2025से 31 दिसम्बर 2025तक चलेगी।
- 31 दिसम्बर 2025 को 1000 सदस्य बनाने पर बम्पर ड्रा निकाला जाएगा जिसमें उपरोक्त इनाम
- हरियाणा के किसी भी मंत्री द्वारा दिए जाएंगे।
- ड्रा बम्पर ड्रा में भेदी नजर के वार्षिक मेम्बर ही भाग ले सकते है।
- भेदी नजर प्रत्येक माह की पहली तारिख को कूपन छापेगा।



आर.एन.आई. नं.
DEL/HIN/2004/13528
प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी एवं संपादक उमा शर्मा द्वारा
**उमा पब्लिकेशनस्**
1001/1002 दसवां तल नौरंग हाऊस, 21 कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली -1 से प्रकाशित
एवं नीलू प्रिंटिंग प्रेस
ई-33 सेक्टर -7 नोएडा से मुद्रित
संपादक
**उमा शर्मा**
प्रधान संपादक
**गिरीश चन्द्र शर्मा**
फोन नं. -
011-66304689
0120-4189808
0129-2290152
0129-2267 07 8
0129-2977562
फैक्स नं. -
011-66304690
0129-2297 640
मो. : 9811157 562,



सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद होगा ।
पीआईबी एक्ट अनुसार सभी विवादित समाचारों की ज़िम्मेदारी समाचार लेखक की होगी भेदीनज़र संस्थान ,संपादक और प्रधान संपादक क़ानूनन ज़िम्मेदार नहीं होगा